# C O N T E N T S

**Sixteenth Series, Vol.XIII, Sixth Session, 2015/1937 (Saka)**
**No.4, Tuesday, December 01, 2015/Agrahayana 10, 1937 (Saka)**


| S U B J E C T | P A G E S |
|---|---|
| **ORAL ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| *Starred Question Nos.21 to 23 | 3-58 |
| **WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| Starred Question Nos. 24 to 40 | 59-123 |
| Unstarred Question Nos.231 to 460 | 124-646 |


* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

**PAPERS LAID ON THE TABLE** 647-648

**STANDING COMMITTEE ON CHEMICALS AND FERTILIZERS**
13th to 16th Reports 649

**STANDING COMMITTEE ON TRANSPORT, TOURISM AND CULTURE**
(i)224th Report 649
(ii)225th and 226th Reports 650

**MOTION RE: 22ND REPORT OF BUSINESS ADVISORY COMMITTEE** 650

**MATTERS UNDER RULE 377** 666-692

(i) Need to rename Taj Express Train (Agra-Jhansi) as Laxmi Bai Express.

Shri Bhanu Pratap Singh Verma 667

(ii) Need to take necessary steps to start work on construction of Barwadih-Chirimiri railway line project.

Shri Sunil Kumar Singh 668-669

(iii) Need to frame new guidelines for recruitment to regular D category vacancies in Government, Semi-Government and Public Sector Undertakings.

Shrimati Rakshatai Khadse 670

(iv) Need to provide a rake point for transportation of fertilizers at Bhabua road railway station in Kaimur district, Bihar

Shri Chhedi Paswan 671

(v) Need to provide full payment of relief funds to farmers in Banda and Chitrakoot districts of Uttar Pradesh.

Shri Bhairon Prasad Mishra 672

(vi) Need to release balance funds for development of Urban Infrastructure and Governance under Jawahar Lal Nehru National Urban Renewal Mission in Jaipur and Ajmer, Rajasthan.

673

Shri Gajendra Singh Shekhawat

(vii) Need to provide adequate irrigation facilities and seeds to farmers in Eastern Uttar Pradesh particularly in Sant Kabir Nagar Parliamentary Constituency in the State.

Shri Sharad Tripathi 674

(viii) Need to expedite construction of Lalitpur-Singrauli railway line.

Shrimati Riti Pathak 675

(ix) Need to provide financial assistance and put a moratorium on payment of loan by farmers in drought hit States particularly Jharkhand.

Shri Vishnu Dayal Ram 676

(x) Need to expedite construction of service road on National Highway- 8 from Kherki Daula to Manesar in Gurgaon, Haryana and also provide separate road on N.H. 8 between Delhi and Jaipur for heavy vehicles.

Shri Sukhbir Singh Jaunpuria 677

(xi) Need to implement the recommendations of Swaminathan Committee report and constitute an Agriculture Commission to enable farmers to register their agriculture related grievances.

Shri Nana Patole 678

(xii) Need to appoint a Member in Bhakra Beas Management Board from Rajasthan.

Shri Rahul Kaswan 679

(xiii) Need to include the naxal affected Dumka, Godda, Deoghar, Jamtara, Pakur and Sahibganj districts of Jharkhand in the Integrated Action Plan.

Shri Nishikant Dubey 680

(xiv) Need to post adequate paramilitary force to tackle the menace of naxalism in Bokaro district, Jharkhand.

Shri Ravindra Kumar Pandey 681

(xv) Need to increase the honorarium and salary of mid-day meal workers as per minimum wage regulations.

Shri D.K. Suresh 682

(xvi) Need to appoint a full time Chairman of Rubber Board and also promote the cultivation and production of natural rubber in the Country.

Shri Anto Antony 683

(xvii) Need to expedite the repair/recarpeting of runway of Calicut International Airport and restore the Calicut-Delhi flight service of Air India.

Shri Mullappally Ramachandran 684

(xviii) Need to constitute a Tapioca Board with its headquarters at Salem, Tamil Nadu.

Shri P.R. Sundaram 685

(xix) Need to provide financial assistance to the people affected due to heavy rains in Tamil Nadu.

Dr. K. Kamaraj 686

(xx) Need to provide toilet and drinking water facilities on National Highways in the country.

Dr. Ratna De (Nag) 687

(xxi) Need to construct mega drinking water projects under the National Rural Drinking Water Programme in Odisha.

Shri Rabindra Kumar Jena 688

(xxii) Need to accord heritage status to the building of Central Railway Institute in Lonavala, Maharashtra and also set up a world class railway Museum in the premises of the building.

Shri Shrirang Appa Barne 689

(xxiii) Need to provide financial assistance to farmers in drought hit districts of Andhra Pradesh.

Shri Kesineni Srinivas 690

(xxiv) Need to revitalize the flagging Cachar Paper Mill, a unit of Hindustan Paper Corporation Limited at Panchgram, Assam.

Shri Radheshyam Biswas 691

(xxv) Need to formulate a drinking water project to provide clean drinking water to people of Pratapgarh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

Kunwar Haribansh Singh 692

**DISCUSSION UNDER RULE 193**

Situation arising out of incidents of intolerance in the country 693-902

Shri P. Kumar 693-698

Shri Gajanan Kirtikar 699-700

Shri Jayadev Galla 701-705

Shri A.P. Jithender Reddy 706-709

Shri Varaprasad Rao Vellagapalli 711-715

Dr. Subhash Ramrao Bhamre 716-717

Shri P.C. Mohan 718-719

Shri Hukum Singh 720-721

Shri Rajeev Satav 722-724

Shri Y.V. Subba Reddy 725-728

Shri C.R. Chaudhary 729-731

Shri Mullapally Ramachandran 732-735

Shri P.P. Chaudhary 736-737

Shri Bhanu Pratap Singh Verma 738

Shri Mukesh Rajput 739-740

Shrimati Supriya Sule 741-746

Shrimati Butta Renuka 747-748

Shri Devji M. Patel 749-750

Shri Dharmendra Yadav 751-755

Kumari Shobha Karandlaje 756-759

Shrimati Aparupa Poddar 760-762

| | |
|---|---|
| Shri Prem Singh Chandumajra | 763-767 |
| Kumari Sushmita Dev | 768-769 |
| Shri Jai Prakash Narayan Yadav | 770-772 |
| Shri P. Karunakaran | 773-777 |
| Shri P.K. Biju | 778-780 |
| Shri Md. Badaruddoza Khan | 781-782 |
| Shri Dharam Vira Gandhi | 783-784 |
| Shrimati Kirron Kher | 785-793 |
| Shri Sumedhanand Saraswati | 795 |
| Shri Sharad Tripathi | 796 |
| Dr. Ratna De (Nag) | 797 |
| Dr. Kirit Somaiya | 798 |
| Shri D.K. Suresh | 799-800 |
| Shri B.S. Yediyurappa | 801-803 |
| Adv. Joice George | 804-805 |
| Shrimati Kothapalli Geetha | 806-808 |
| Dr. Shashi Tharoor | 809-811 |
| Shri Bhairon Prasad Mishra | 812 |
| Shri C.P. Joshi | 813 |
| Dr. Virendra Kumar | 814-815 |
| Shri Sudheer Gupta | 816 |
| Shri Alok Sanjar | 817-818 |
| Prof. Sugata Bose | 819-824 |
| Shri Keshav Prasad Maurya | 825-826 |
| Shri Dilip Kumar Mansukhlal Gandhi | 827 |
| Shri Radheshyam Biswas | 828-829 |
| Dr. Boora Narsaiah Goud | 830-831 |
| Shri Rodmal Nagar | 832 |
| Shri Dushyant Singh Chautala | 833 |

| | |
|---|---|
| Shri Ajay Misra Teni | 834 |
| Shri A.T. Nana Patil | 835-836 |
| Shri Subhash Patel | 837 |
| Shri Yashwant Singh | 838 |
| Shri E.T. Mohammed Basheer | 839-840 |
| Shrimati Anupriya Patel | 841-842 |
| Shri Kiren Rijiju | 843-847 |
| Shrimati Rama Devi | 848-849 |
| Shri Asaduddin Owaisi | 850-852 |
| Shri Rahul Gandhi | 853-861 |
| Kunwar Pushpendra Singh Chandel | 862-863 |
| Dr. Kulmani Samal | 864-865 |
| Shri S.P. Muddahanume Gowda | 866-868 |
| Shri Konda Vishweshwar Reddy | 869-872 |
| Shri Pralhad Joshi | 873-876 |
| Shri R. Dhruvanarayana | 879 |
| Shri Kaushalendra Kumar | 880 |
| Shri C.N. Jayadevan | 881 |
| Shri N.K. Premachandran | 882-883 |
| Shri Rajnath Singh | 885-902 |

**ANNEXURE – I**

| | |
|---|---|
| Member-wise Index to Starred Questions | 906 |
| Member-wise Index to Unstarred Questions | 907-911 |

**ANNEXURE – II**

| | |
|---|---|
| Ministry-wise Index to Starred Questions | 912 |
| Ministry-wise Index to Unstarred Questions | 913 |

# OFFICERS OF LOK SABHA

## THE SPEAKER

Shrimati Sumitra Mahajan

## THE DEPUTY SPEAKER

Dr. M. Thambidurai

## PANEL OF CHAIRPERSONS

Shri Arjun Charan Sethi

Shri Hukmdeo Narayan Yadav

Shri Anandrao Adsul

Shri Pralhad Joshi

Dr. Ratna De (Nag)

Shri Ramen Deka

Shri Konakalla Narayana Rao

Shri Hukum Singh

Shri K.H. Muniyappa

Dr. P. Venugopal

## SECRETARY GENERAL

Shri Anoop Mishra

# LOK SABHA DEBATES

LOK SABHA

----------

Tuesday, December 01, 2015/Agrahayana 10, 1937 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock

[HON. SPEAKER *in the Chair*]

HON. SPEAKER: Hon. Members, I have received the following notices of Adjounrment Motion:-

Shri E. Ahamed has given a notice regarding growing intolerance in the country. We are discussing it just now. The matter is already being discussed in the House.

Shri P. Karunakaran has given notice regarding rise in prices.

Prof. Saugata Roy and Prof. K.V. Thomas have given notices demanding discussion on Prime Minister's meeting with his Pakistan counterpart in Paris.

Shri Adhir Ranjan Chowdhury has given notice regarding starvation deaths of tea workers in West Bengal.

Shrimati P.K. Shreemathi Teacher has given notice regarding violence against women in India.

The matters, though important enough, do not warrant interruption of business of the day. The issues can be raised through other means. I have, therefore, disallowed all the notices of Adjournment Motion.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: You can raise it afterwards. Yesterday also it has happened. Every now and then it comes.

Now, Question Hour. Question No. 21, Kumari Sushmita Dev.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: What is this? You have not given any notice.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Hon. Members, please sit down.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Only Kumari Sushmita Dev's remarks will go on record. Nothing else will go on record.

… (*Interruptions*)… [*]

---

[*] Not recorded.

**11.02 hours**

## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

HON. SPEAKER:Now Q.No.21,Kumari Sushmita Dev.

**(Q. 21)**

KUMARI SUSHMITA DEV: Madam Speaker, I have received the answer of the hon. Home Minister. It has been stated here that in the year 2014, 644 communal incidents have been reported; and in the year 2015, up to the month of October, 650 communal incidents have been reported. An attempt was made to define 'communal violence' in the Communal Violence Bill. 26 तारीख को माननीय गृह मंत्री जी ने कहा था कि सैक्युलरिज्म का मतलब पंथनिरपेक्षता होना चाहिए। मेरा प्रश्न है कि क्या गृह मंत्रालय कम्युनल वाएलेंस की परिभाषा में पंथ आधारित घटनाओं को इन्कलूड करता है या नहीं?

**श्री किरेन रिजीजू :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं परिभाषा के बारे में यहां अभी नहीं बताऊंगा क्योंकि उसकी पूरी चर्चा सदन में इस वक्त चल रही है। आज गृह मंत्री जी उसका विस्तार से जवाब देंगे लेकिन अभी हमारा कार्रवाई करने का तरीका उसी पर आधारित है जो कानून हमारे हाथ में है और जो कानून है, जो परिभाषा कम्युनल वॉयलेंस की दी गई है, उसी को ही हम मानते हैं कि यह कम्युनल वॉयलेंस है। इसकी परिभाषा बदलकर अलग से लाने का हमारे पास अभी कोई प्रस्ताव नहीं है।

KUMARI SUSHMITA DEV: Madam, although it is not clear to me what is the definition of communal violence as per the Home Ministry, yet I will proceed with my second supplementary.

In answer to questions ( c ) and (d), it has been stated that the responsibilities of maintaining law and order, registration and prosecution of crimes rest primarily with the respective State Governments. That is a well-established principle. I appreciate that law and order is a State subject. लेकिन कल सदन में कहा गया कि 85 प्रतिशत साम्प्रदायिक घटना 7 राज्यों मे है जिनमें नॉन-बीजेपी की सरकारें हैं जबकि मैं यह कहना चाहूंगी कि उन सात राज्यों में गुजरात और मध्य प्रदेश का नाम आता है जिसमें बीजेपी की सरकार थी। सवाल यह नहीं उठता कि किसकी सरकार है और किसकी सरकार नहीं है, सवाल यह है कि in the next answer, Sir, you have said that you have called for various

records from the State Governments. I would particularly like to ask this कि भारत सरकार की क्या भूमिका होती है, after calling for the reports because the Vishnu Sahai Report has explicitly named the leaders of the Samajwadi Party and the BJP Party who have been involved in the Muzzafarnagar riots.

**श्री किरेन रिजीजू :** मैडम, जब किसी भी राज्य में कोई घटना घटती है, उसको देखने की दो तरह की प्रक्रिया को हम लोग फोलो करते हैं। एक तो जो नॉर्मल लॉ एंड ऑर्डर सिचुएशन है, वह टोटली स्टेट सबजेक्ट है, उसमें राज्य को डिफाइन किया गया कि कैसे उसको संभालना है। जब कोई वॉयलेंस बड़ी नेचर का होता है, उसके गंभीर परिणाम होते हैं, या उसकी नेशनल सिक्योरिटी पर कुछ थ्रेट है, इस तरह की कोई घटना होती है तो केन्द्र से गृह मंत्रालय उसमें इंवाल्व होते हैं। हम डायरेक्ट जाकर अपनी फोर्सेज नहीं भेजते हैं, हम डायरेक्ट कार्रवाई नहीं करते हैं। उसमें राज्य सरकार से पहले हम पूछते हैं कि क्या घटना हुई और कैसे हुई? जब हमारे पास रिपोर्ट पहुंचती है, उसके बाद हमें नैसेसरी एडवाइजरी देना है या जो कार्रवाई है, वह हम उसके बाद करते हैं और वह डिपेंड करता है कि सिचुएशन कितनी ग्रेव है। इसलिए यह डाइनेमिक सिचुएशन है कि हम क्या कदम उठाएंगे और वह हम तब तक नहीं बता सकते जब तक हमारे पास राज्य सरकार से रिपोर्ट नहीं आ जाती है।

दूसरे, जो बात हमारी माननीय सदस्य सुष्मिता देव जी ने कही है कि कुछ राज्य बीजेपी रूल्ड हैं और कुछ राज्यों में दूसरी पार्टी की सरकारें हैं, जब कोई घटना घटती है तो किस राज्य में कौन सी पार्टी की सरकार चल रही है, उस रूप से हम नहीं देखते हैं। इसलिए अब जैसे यू.पी. में घटना हुई, हम लोगों ने यह नहीं कहा कि यू.पी. में तो समाजवादी पार्टी की सरकार है, इसलिए हम उसको अलग नज़र से देखते हैं। ऐसा हम कभी भी नहीं मानते हैं। घटना की गंभीरता को हम देखते हैं और एप्रोप्रिएट एक्शन भी हम लेते हैं।

SHRI RABINDRA KUMAR JENA : Madam, I thank you for allowing me to participate in this very important topic which is not only important for the country but also for the world at large.

Let me first thank the Government of India and the Prime Minister for convening a Special Session of two days to discuss the Constitution of India and Dr. B.R. Ambedkar. I would also like to thank my Chief Minister, Shri Naveen Patnaik, whose Party's Chief Whip Shri Tathagata Satpathy has given this idea for convening this Special Session.

Having said that, now coming to the data which is on the records of the Home Ministry, there is a 12 per cent increase in the communal violence from January to October, 2015 vis-à-vis the corresponding period last year. Added to this, in the last four months alone, there are 300 communal incidents, on an average 75 per month or two-and-a-half communal incidents per day.

I will refer to Article 15 and Article 25. What does the constitution provide regarding the very concept of communal violence in the country? That is the fundamental question that we are trying to debate today. Article 15 is very clear. It is about prohibition of discrimination on grounds of religion, race, caste, sex or place of birth.… (*Interruptions*) Article 25 is on freedom of conscience and free profession, practice and propagation of religion. We have heard yesterday from the Opposition and the Treasury Benches about communal violence.

HON. SPEAKER: Please put the question.

SHRI RABINDRA KUMAR JENA: I am coming to that. Yesterday, there were allegations and counter allegations during that debate. Do the countrymen need this? The hon. Home Minister was there yesterday. He was asking for suggestions. I am putting it to the hon. Home Minister, through you, Madam. Let him come to Odisha. In my constituency Balasore, there is a place called Bagda village in P.S. Bahabalpur. For the last 70 years, it is showing to the whole nation, to the whole world how peaceful coexistence can happen. For all the Muslim festivals, the Hindus are celebrating and they are taking the lead and for all the Hindu festivals, the Muslims are taking the lead. It is happening for the last 70 years.… (*Interruptions*) The country must follow this. I am inviting the Home Minister to come and see for himself and propagate that. Dadri is not the only issue that can be discussed on the floor of the House. There are good things happening in this country.… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: This is not the question. What are you doing? I am sorry. There is no question here. Next, Shri Yogi Adityanath.

SHRI RABINDRA KUMAR JENA : My question to the home Minister is this.

HON. SPEAKER: You are asking no question. This is not the way to put a supplementary.

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT, MINISTER OF HOUSING AND URBAN POVERTY ALLEVIATION AND MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI M. VENKAIAH NAIDU): Madam, I am not on this issue but I will make a small correction. The hon. Member inadvertently said that the suggestion for the celebration of Ambedkar Jayanti, the Constitution Day was given by my friend Shri Tathagata Satpathy. Shri Tathagata Satpathy supported that idea but the original suggestion was from Shri Bhartruhari Mahtab. It is just for the record sake.

HON. SPEKAER: It is all right. Hon. Minister, there is no question put by Shri Jena. He has invited you. You can go and see.

SHRI RABINDRA KUMAR JENA: My question to the hon. Minister is this. How do you ensure that communal violence does not repeat in this country? This is my specific question.

SHRI KIREN RIJIJU: Madam, first of all, I will definitely visit the suggested place by the hon. Member but he has not actually extended any invitation so far.

Regarding communal violence which he has mentioned, if you see the figures of 2013 and now, the number of communal incidents in this country has substantially come down. The hon. Member has not mentioned that. As I have stated in the earlier answer to the question, some of the incidents happened.… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Hon. Minister, you go on. Nothing will go on record except the hon. Minister's reply. Every time, you contest. I am sorry. Hon. Minister, you go ahead with it.

… (*Interruptions*)… *

SHRI KIREN RIJIJU: The incident which we mentioned is communal in nature and it has a larger impact on society. In this year, 2015, there are only four

* Not recorded.

communal incidents so far till the month of October. I do not want to go back again to cite all the incidents that happened during the UPA regime. I will not go into that.… (*Interruptions*) Since the hon. Member has stated this, I want to make the record straight that the incidents have not gone up since our Party has come to power. In fact, it has come down.

**माननीय अध्यक्ष :** अभी उस पर आधारित आधे घंटे की चर्चा नहीं हो सकती है। आप बाद में इस पर नोटिस दे दीजिए।

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Nothing else will go on record.

… (*Interruptions*)… *

**माननीय अध्यक्ष :** आप प्रश्न पूछ लीजिए, बिना नोटिस आधे घंटे की चर्चा नहीं हो सकती है।

…(व्यवधान)

**योगी आदित्यनाथ :** अध्यक्ष महोदया, लोकतंत्र का आधार समता, न्याय और बंधुत्ता होती है। इसमें अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक के आधार पर समाज को बांटना अपने आप में महापाप है। मैं एक आंकड़ा देना चाहूंगा कि वर्ष 1970-71 में इस देश के अंदर सांप्रदायिक दंगों के बारे में एक कमेटी गठित हुई थी। उस वर्ष देश में 90 सांप्रदायिक दंगे हुए थे और जब आंकड़े आए थे तो उनमें से 79 दंगे एक वर्ग विशेष द्वारा प्रायोजित किए गए थे। जब आंकड़े आये थे, तो उसमें से 89 दंगे एक वर्ग विशेष के द्वारा प्रायोजित किये गये थे। मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि पिछले वर्ष 2014 में उत्तर प्रदेश में 133 दंगे हुए थे और वर्ष 2015 में अक्तूबर तक 139 दंगे हुए हैं। हम लोग देखते हैं कि कहीं कोई घटना होती है, तो अपराधियों के खिलाफ या दंगाइयों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाए स्थानीय प्रशासन कम्युनल वायलेंस के नाम पर बहुसंख्यक समुदाय को प्रताड़ित करती है और उन्हें अनावश्यक असत्य मुकदमो में बंद करती है।

मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या भारत सरकार पिछले पाँच वर्षों के अंदर पूरे देश में हुए दंगों के लिए एक कमेटी गठित करेगी और उस रिपोर्ट को सार्वजनिक करके देश के सामने लाएगी ताकि पता चल सके कि इन दंगों के लिए वास्तव में कौन लोग जिम्मेदार हैं और उनके चेहरों को समाज के सामने उजागर करने का प्रयास करेगी?…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Nothing will go on record but the Minister’s response.

---

* Not recorded.

… (*Interruptions*)… *

**माननीय अध्यक्ष :** आप क्यों चिल्ला रहे हैं? आप प्रश्न पूछ सकते हैं। रिकॉर्ड में कुछ नहीं जा रहा है।

…(व्यवधान)… *

**श्री किरेन रिजीजू :** अध्यक्ष महोदया, माननीय महंत आदित्य जी ने जो सवाल उठाये हैं, …(व्यवधान) देश में बहुत सारी घटनाएँ होती हैं, …(व्यवधान) लेकिन कौन-सा कम्युनल है और कौन-सा कम्युनल नहीं है, इनमें से कुछ घटनाएँ राज्य सरकार के अधीन हैं और कुछ घटनाएँ रिपोर्ट के माध्यम से केन्द्र सरकार के पास आती हैं। …(व्यवधान) लेकिन वर्तमान में पिछले पाँच वर्ष की घटनाओं की जांच के लिए कमेटी के गठन के संबंध में सरकार का कोई प्रस्ताव नहीं है और न ही इस के बारे में कोई निर्णय करने जा रही है। …(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Nothing is going on record.

… (*Interruptions*)… *

SHRI E.T. MOHAMMAD BASHEER: Even the Prime Minister's 15 Point Programme suggests that the victims of the communal riots should be given immediate relief and provided prompt and adequate financial assistance for their rehabilitation. Similarly in the Communal Violence Bill, there was a mention of compensation part in the pattern of Workmen's Compensation Act. But nothing has been done on that. I am asking a fundamental question. In our Criminal Procedure Code itself getting compensation to victims is a cumbersome process. There is no specification there. Recently, I read an article of the Chief Justice of Kerala which appeared in `*Madhubani'* Daily. He says that in countries like France, Russia and Germany, there is a provision for getting adequate compensation for victims. At the same time, they get decree on criminal cases. What I am asking is this. Victims should get compensation along with the judgement on the criminal case. Would the Government come forward to make reforms in the pattern which enable the victim to get compensation in this kind of situation?

---

* Not recorded.

SHRI KIREN RIJIJU: We already have the provisions with us to make adequate compensation for the victims of the communal violence. With regard to the second suggestion, I think, that is a very positive suggestion from the hon. Member.

PROF. SAUGATA ROY : Thank you for letting me ask a supplementary. From the reply given by the Minister, it seems that Uttar Pradesh has the maximum number of communal incidents, followed by Maharashtra and Madhya Pradesh; it is very low in Bengal. We all know that the ruling Party has the maximum number of MPs from Uttar Pradesh. It is our feeling that this atmosphere of intolerance which leads to communal incidents is fanned by statements by political leaders. There have been complaints about the MP from Gorakhpur, about the MP from Ghaziabad……

HON. SPEAKER: No. This is not the way. Ask the question.

PROF. SAUGATA ROY: …*. and other saffron wearing MPs.* … (*Interruptions*) There have been complaints. I want to ask the hon. Minister, that in order to create an atmosphere of amity and communal peace in the country, whether the Government of India will take any steps to control the intemperate statements made by MPs and other leaders of the Ruling Party which lead to communal conflagration. … (*Interruptions*)

SHRI KIREN RIJIJU: Madam, there is no specific question from the hon. Member. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: This is not proper. Please take your seat.

… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** यह क्या हो रहा है, मालूम है सभी को। यह कोई तरीका नहीं है।

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Everybody knows everything. Please take your seat.

… (*Interruptions*)

---

* Not recorded.

SHRI KIREN RIJIJU: The hon. Member is a very respectable Member and I always agree with him most of the time. But here I do not agree with him because he has referred to a situation which I can term as an artificial atmosphere of intolerance being created by some sections of the people in this country.

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** मैडम स्पीकर, मैं यह पूछना चाहता हूं कि क्या वजह है कि जिस-जिस जगह बीजेपी की प्रजेंस ज्यादा है, उन्ही स्टेट्स में ऐसी घटनाएं ज्यादा हो रही हैं? उदाहरण के तौर पर बिहार में वर्ष 2014 में ऐसी इंसिडेंट्स की संख्या 61 थी और इस साल 59 है। उसी तरह गुजरात में पिछले साल 74 और इस साल 47 ऐसी घटनाएं हुई हैं। उसी तरह कर्नाटक में भी हुआ है।...(व्यवधान) जिस-जिस जगह बीजेपी की प्रजेंस है, उसी स्टेट के बारे में मैं कह रहा हूं। वेस्ट बंगाल में नहीं है, केरल में नहीं है, अन्य राज्यों में ऐसा नहीं है।

**माननीय अध्यक्ष :** आप प्रश्न पूछिए। आपका प्रश्न हो गया।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** मैडम, दूसरी चीज, कल लेखी जी ने कहा,...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** नहीं, उस पर नहीं, अपना प्रश्न पूछिए।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** ये जो आंकड़े हैं, वर्ष 2014 से ऐसी इंसिडेंट्स कम हो गयी हैं, लेकिन अगर आप देखेंगे it was 644 last year and this year it has gone up to 650. So it has increased, not decreased and you are giving the figures that this time the number of incidents has come down. This is the figure which you have given.

SHRI KIREN RIJIJU: Madam, I was referring to this figure right from 2013 because our Government came into office half way through 2014; we did not rule for the entire year of 2014. That is why, I was giving this categorical statement. In 2015, as I said, the numbers have a little bit risen, but compared to 2013, it has come down. That is what I am saying. … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** यह पद्धति ठीक नहीं है।

…(व्यवधान)

**श्री किरेन रिजीजू :** आपके लीडर ने सवाल पूछा है, आप लोग जवाब सुनिए।...(व्यवधान) Madam, the important point which Khargeji has made is that wherever the BJP is strong, the incidents have increased. I think it does not tally with the report which we have. Moreover, how can you distance this from the responsibility of State

Governments? Is it the responsibility of MPs or State Governments to control communal incidents? So, it is not fair to say that wherever there is a stronger presence of BJP, there are more communal incidents. I think that is not a fair comment on the part of the hon. Leader from the Opposition Party.

**(Q. 22)**

SHRI ASHOK SHANKARRAO CHAVAN: Speaker, Madam, going by the importance of the question and its relevance in today's context, the impact of climate change on agriculture and ultimately on the farmers is huge financial losses which the farmers are incurring today. It is ultimately leading to large number of suicides in the country as we are observing today. My question has been very specific but unfortunately the answer from the Minister is not correct. I have asked for the total loss incurred by farmers in the country. The answer has not come; it is only mentioning the amount, the assistance which has been granted or is to be granted.

Madam, they have already mentioned that ICAR and the CRIDA have mapped around 572 districts of the country which are vulnerable to the climate change. Even there have been consultation meetings going on. There have been contingency plans which have been drawn up. But the factual position, the ground reality is that there is no implementation as far as what the Minister has told in the answer is concerned. There may be plans on paper.

HON. SPEAKER: What is your question?

SHRI ASHOK SHANKARRAO CHAVAN: But, as I mentioned, a large number of deaths of people who are committing suicides is due to the climate change and the scarcity situation. In some parts of the country, there have been heavy rains. Ultimately the farmer is the loser in the entire thing. Nothing has been implemented as far as the Government of India is concerned.

There is a statement given by the Minister in which the NDRF amount which is to be released to the various States has been mentioned. I would like to specifically mention here that several teams have gone particularly to Maharashtra. I am talking about Maharashtra because I belong to the State. Several teams have gone to the State. Almost four to five times the teams have gone. They have assessed the situation. The total amount has also been mentioned here, but the State Government has asked around Rs. 4000 crore to be

released to the State Government. Now it is almost December and till date the total requirement of expenditure assessed by the Government of India is nil. It is showing that not a single amount has been assessed. My question is this. When more than 3000 people are committing suicides in the State of Maharashtra and Government of India's teams are going there continuously for the last six months, why the Ministry is sitting over this issue? When the money is going to be released to the State Government to overcome the situation arisen due to scarcity in Maharashtra?

**श्री राधा मोहन सिंह :** अध्यक्ष महोदया, हमने जो विवरण सभा पटल पर रखा है, उसमें माननीय सदस्य के प्रश्न का विस्तार से उत्तर दिया गया है। जहां तक आकस्मिक योजनाओं का प्रश्न है, यह हम राज्यों के सहयोग से बनाते हैं और उन्हीं के सहयोग से क्रियान्वित करते हैं। राज्यों के साथ निश्चित रूप से बैठके हुई हैं और राज्यों में हुई हैं। इन योजनाओं का क्रियान्वयन के लिए हम राज्यों को देते हैं कि यदि सूखा इतने दिन है, वर्षा नहीं होती है तो कौन सी फसल, कौन सा बीज उपयोगी होगा, ये सारी योजनाएं सौ-सौ जिलों को उपलब्ध करायी गयी हैं। राज्यों के सहयोग से, कृषि विश्वविद्यालय और आईसीएआर के सहयोग से बनाया गया है। जहां तक महाराष्ट्र के सूखे का सवाल है, पिछली बार भी जब सूखा पड़ा था तो हमने भारी सहायता की थी और पूरे महाराष्ट्र के सभी दलों के सांसदों के साथ हमने बैठक की थी। आज तक के इतिहास में उतनी भारी सहायता कभी नहीं की गयी। इस बार सभी राज्यों को हमने स्वयं चाहे वह कर्नाटक हो या महाराष्ट्र हो सभी राज्यों से हमने बात की। कर्नाटक का सबसे पहले आया और वहां सबसे पहले टीम गयी। उन्होंने आकलन दिया और जो एचएलसी है, गृह मंत्री जी की अध्यक्षता में कमेटी है, उसके माध्यम से 1500 करोड़ रुपये की राशि उनको उपलब्ध करा दी गयी है। महाराष्ट्र से टीम कल लौटकर आयी है। टीम में विभिन्न मंत्रालयों के सदस्य होते हैं। दो-तीन दिनों में उनकी बैठक होगी और उनकी अनुशंसा हाई लेवल कमेटी जो गृह मंत्री जी की अध्यक्षता में होती है, उसमें वित्त मंत्री और मैं भी सदस्य हूं। मैं पूरा विश्वास दिलाता हूं कि महाराष्ट्र को पूरी सहायता दी जाएगी।

**श्री अशोक शंकरराव चव्हाण:** महोदया, यह बात सही है, खुद मंत्री जी ने यहां खुद कबूल किया है कि कोई भी राशि स्टेट को रिलीज नहीं की गई है। आज दिसम्बर माह चल रहा है और यह मामला जून, जुलाई से चल रहा है, इस तरह से छः महीने से भी ऊपर इस इश्यु को हो गये हैं। यह एक बहुत गम्भीर विषय है, क्योंकि तीन हजार से ज्यादा लोग आत्महत्या कर चुके हैं। मेरी आपसे रिक्वैस्ट है और मैं इस मामले में आपकी प्रोटैक्शन चाहता हूं कि जब इतने लोग आत्महत्या कर चुके हैं तो आपको पैसा जल्द से

जल्द रिलीज करना चाहिए और मंत्री जी ने यह खुद कबूल किया है कि अब तक कोई पैसा रिलीज नहीं किया गया है।

मेरा दूसरा सवाल यह है कि आज जवाब यह आ रहा है कि आईसीएआर, निकरा, एनएमएसए की जो स्कीम्स बनाई गई हैं, इनके तहत कुछ लांग टर्म मैजर्स की बातें यहां कही गई हैं। हमारा इसमें यह सुझाव है कि यह लांग टर्म मैजर्स वाला मामला नहीं है, आज देश में क्लाइमेटिक चेंजिज हो रहे हैं, आपको जो लांग टर्म मैजर्स करने हैं, वे जरूर कीजिए, जैसे हाई रेसिस्टेंस सीड्स देना है, खाद देना है, लांग टर्म मैजर्स में जो मामले आपके विचाराधीन हैं, वह आपको करना चाहिए, उसमें दो मत नहीं हैं। लेकिन आज जो इम्मिजिएटली करने की आवश्यकता है, पूरे भारतवर्ष में खास तौर से जिन राज्यों में सूखे की हालत बहुत गंभीर है, वहां जब तक आप कुछ इम्मिजिएट मैजर्स नहीं लेते हैं, तब तक वहां किसानों को राहत नहीं मिलने वाली है।

मेरा मंत्री जी से यह स्पेसिफिक सवाल है कि इन किसानों के जो ऋण हैं, जो पैसा उन्होंने बैंक्स से लिया हुआ है, क्या उनका कर्जा माफ करने के लिए सरकार कोई फैसला करेगी या नहीं करेगी, यह मैं जानना चाहता हूं?

**श्री राधा मोहन सिंह :** अध्यक्ष महोदया, माननीय सदस्य ने यहां से प्रारम्भ किया कि कोई सहायता सूखे की दृष्टि से अभी तक राज्यों को नहीं दी गई है। मैं उनके ध्यान में लाना चाहता हूं कि सभी राज्यों के पास राज्य आपदा कोष होता है और भारत सरकार की राशि उसमें रहती है। भारत सरकार उसमें राशि एडवांस में देकर रखती है कि यदि कोई आपदा आए तो उसका इस्तेमाल तुरंत वह राज्य सरकार करे और यदि फिर आपदा की सीमा बढ़ती है तो वह विस्तार से एक मेमोरेंडम यहां दे, तब वहां एक टीम जाएगी, उसका आकलन होगा और तब एचएलसी के माध्यम से राष्ट्रीय आपदा कोष से भी हम उन्हें सहायता करेंगे।

मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूं कि राज्य आपदा कोष के मद में महाराष्ट्र को 2013-14 में 512 करोड़ रुपये दिये गये थे।

**श्री अशोक शंकरराव चव्हाण:** मैं आपसे वर्ष 2015-16 की बात कह रहा हूं।

**श्री राधा मोहन सिंह :** मैं आपसे बता रहा हूं, आप पूरी बात सुनने का थोड़ा धैर्य रखिये। वर्ष 2013-14 में 512 करोड़ रुपये दिये गये और वर्ष 2014-15 में 538 करोड़ रुपये दिये गये और जो आप सुनना चाहते हैं, वर्ष 2015-16 में इस बार 1483 करोड़ रुपये का भारी आबंटन किया गया है और प्रथम किस्त रिलीज कर दी गई है।

**श्री नारणभाई काछड़िया :** अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से जानना चाहता हूं कि आज हमारे देश में मौसम बदलता है, तापमान, जल संसाधन में गिरावट, ओलावृष्टि, चक्रवात इत्यादि के कारण हमारा देश एक भयंकर संकट से जूझ रहा है। आज ग्लोबल वार्मिंग के चलते मौसम में उतार-चढ़ाव का सिलसिला बढ़ रहा है। जिसके कारण हमारे कृषि क्षेत्र में उत्पादन की वृद्धि होने की बजाय उसमें लगातार कमी दर्ज की जा रही है और इसका सीधा असर हमारे देश के किसानों और जीडीपी पर पड़ रहा है।

मैं आपके माध्यम से जानना चाहता हूं कि आज पूरे देश में जो काटन का कुल उत्पादन होता है, उसका तीस प्रतिशत उत्पादन अकेले गुजरात करता है और गुजरात में लगभग 29.50 लाख हैक्टेअर में काटन के बीज बोये जाते हैं। लेकिन आज किसान को फसल के सही दाम नहीं मिलने के कारण किसान बहुत मुश्किल में है और उन्हें बहुत बड़े नुकसान का भुगतान करना पड़ रहा है। इस प्रश्न के माध्यम से मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि किसानों का एमएसपी, जो मिनिमम सपोर्ट प्राइस है, जो आप उसे 820 रुपये बीस किलो का दे रहे हैं, क्या आने वाले दिनों में आप किसानों का काटन का सपोर्ट प्राइस बढ़ायेंगे या नहीं बढ़ायेंगे, क्योंकि आज बीस किलो पर एक हजार रुपये से कम किसानों के घर में उसकी लागत नहीं पड़ती है, लेकिन आज किसानों को उसका बहुत बड़ा नुकसान उठाना पड़ रहा है।

मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या आप काटन का एमएसपी बढ़ायेंगे, यदि हां तो कब तक बढ़ायेंगे?

**श्री राधा मोहन सिंह :** जहां तक गुजरात का सवाल है, वहां के बाजार में जो समर्थन मूल्य है, उससे अधिक दाम वहां के बाजार में हैं। फिर भी वस्त्र मंत्रालय से हमारी बात हुई थी। उनकी पूरी तैयारी है और राज्य सरकार से भी मेरी बात हुई है, राज्य सरकार भी कुछ अलग से बोनस देने का निर्णय करने वाली है।

SHRI C. GOPALAKRISHNAN: Hon. Speaker, before I start my supplementary, first of all I pray to my revolutionary leader, Puratchi Thalaivi Amma.

Madam, we in Tamil Nadu felt the heat of climate change. The recent devastating rain in Tamil Nadu caused many miseries to common people. Our able leader, Tamil Nadu Chief Minister handled the situation well by her direction to whole administration engaged in relief measures and thereby, Amma saved many lives of people. However, the rain devastated many properties, livestock, fields, farms, etc.

I would like to know from the hon. Minister, through you, Madam, whether the Government declare the recent devastating rainfall in Tamil Nadu as the

national disaster and provide assistance from the National Disaster Response and Restoration Works for the extensive damage suffered in the aftermath of November 2015.

**श्री राधा मोहन सिंह :** महोदया, उस राज्य के अंदर शुरू में सूखे का थोड़ा सा प्रकोप था और मैं प्रतीक्षा कर रहा था कि सूखे पर कुछ मैमोरेंडम आएगा और मैंने एक पत्र भी दिया था। लेकिन बाद में अतिवृष्टि के कारण वहां बाढ़ की तबाही से काफी नुकसान हुआ है और मुझे जहां तक जानकारी है कि बाढ़ के विषय में राज्य सरकार की ओर से गृह मंत्रालय के पास कुछ प्रक्रिया चल रही है, शायद कोई मैमोरेंडम भी आया है। इस संबंध में पूरी जानकारी गृह मंत्रालय से प्राप्त हो सकेगी, चूंकि मामला अब सूखे से बाढ़ की ओर चला गया है।

SHRI THOTA NARASIMHAM : Thank you, Madam, for giving me to ask a supplementary.

Now-a-days climate change is acquiring great importance throughout the world.

We have recently witnessed heavy rains, which severely affected most of our coastal districts of Andhra Pradesh and also Tamil Nadu. Yesterday also there were heavy rains. One way we are suffering from heavy rains and in the other way we are suffering due to drought. Floods in Uttarakhand, Nepal earthquake and all these are examples of climate change. These have to be dealt with comprehensively and with coordination among the Ministries and Departments.

My specific questions to the hon. Minister are as follows.

What are the steps taken by the Government for adoption of Climate Smart Crops as envisaged by Dr. Swaminathan?

Madagascar model of System of Rice Intensification (SRI) in Tamil Nadu notifies the best results using low water. Will the Government include it in the National Agriculture Policy for better results throughout the country?

The former Prime Minister, Shri Vajpayee ji … … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: You have to ask only one supplementary.

SHRI THOTA NARASIMHAM: Please allow me to put one more.

HON. SPEAKER: The Minister will give reply to only one supplementary.

SHRI THOTA NARASIMHAM: Madam, due to more subsidies on Urea, innocent poor farmers increased the use of Urea in their fields, which leaves toxics on the soil, in turn affects the productivity. The Government needs to redraft NPK subsidy. Will the Government frame a comprehensive fertilizer subsidy policy and rationalize the usage of chemical fertilizers for sustainable productivity?

**श्री राधा मोहन सिंह :** महोदया, उर्वरक सहायता नीती के लिए हमारे उर्वरक मंत्री जी हैं और उनके साथ बैठ कर हम चर्चा करेंगे। जहां तक जलवायु परिवर्तन के कारण जो खेती पर चौतरफा संकट उपस्थित हुआ है, पिछले डेढ़-दो वर्षों के अंदर जो कंटीजेंसी प्लान बनाए हैं और उसके तहत जो संभावनाएं सामने आई है, तो इस दो वर्ष के अंदर धान की कई वैराइटीज़ भी निकली हैं और उसमें एक वैरायटी तो ऐसी है कि यदि बाढ़ है और 20 दिनों तक भी धान यदि पानी में डूबा है तो उसके बाद भी वह खराब नहीं होगा और दूसरा जो शॉर्ट ड्युरेशन सीड्स हैं, इसके भी कई प्रकार के विस्तृत विवरण हम आपको भेजेंगे। नई-नई वैरायटियां इस बीच में आई हैं, जो जलवायु परिवर्तन के संकट का सामना कर सकती हैं। पूरी सूची हम आपको भेज सकते हैं।

**श्री जगदम्बिका पाल:** अध्यक्ष महोदया, मैं आपका आभारी हूँ कि आपने मुझे एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर प्रश्न पूछने का मौका दिया है। माननीय मंत्री जी ने स्वीकार किया है कि भारत के कृषि क्षेत्रों में भी ग्लोबल वार्मिंग और कलाइमेट चेंजिस का काफी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उन्होंने उस संबंध में कहा भी है कि हम कंटिजेंसी प्लान डिस्ट्रिक्ट वाइज़ बना रहे हैं। उन्होंने उत्तर में इसको भी स्वीकार किया है कि आठ राज्य कर्नाटक, छत्तीसगढ, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना के 180 जिले सूखे से बहुत ही प्रभावित हैं जिसके कारण किसानों की फसल की क्षति हो गई है। अब वे रबी की फसल की तैयारी शुरू कर रहे हैं। इन 180 जिलों में अकेले उत्तर प्रदेश में 50 जिले सूखे से प्रभावित हैं, जिन्हें सूखाग्रस्त राज्य सरकार ने घोषित कर दिया है और राज्य सरकार ने भेजा है कि सूखे से इतना नुकसान हुआ है, जो उन्होंने एक्स्पेन्डिचर प्रोजेक्ट किया है, वह 2,057 करोड़ है।

मैं जानना चाहता हूँ कि माननीय मंत्री जी ने जैसा अभी महाराष्ट्र के संबंध में उत्तर दिया है कि वहाँ टीम गई है, रिपोर्ट आ रही है, उत्तर प्रदेश की क्या स्थिति है, क्योंकि सितंबर में बारिश नहीं हुई और अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर, अब खेत खाली हो गया, अब रबी की बुआई हो रही है। अब अगर टीम वहाँ गई है तो वह कैसे असेसमेंट करेगी कि किसानों की जो क्षति हुई है, जो फसल का नुकसान है, उसका पैमाना क्या होगा, वह मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ। मैं जानना चाहता हूँ कि पिछले पांच वर्षों में

उन्होंने राज्य में नेशनल डिजास्टर रिलीफ फंड से कितना पैसा दिया है? आप कह रहे हैं कि राज्यों में पैसा है, तो 675 करोड़ है, तो उसका डिस्ट्रीब्यूशन कब होगा? पूरे उत्तर प्रदेश में किसानों के समक्ष सूखे को लेकर बहुत ही भयंकर स्थिति है।

**माननीय अध्यक्ष :** आपका प्रश्न हो गया है, पूरा भाषण नहीं देना है।

**श्री राधा मोहन सिंह :** राज्यों के पास भारत सरकार की ओर से राज्य आपदा कोष के अंदर राशि होती है और जब आपदा आती है तो राज्य सरकार अन्य मदों से भी पैसा निकालकर खर्च करने का काम करती है और लगभग हर सरकार इस काम को करती है। जब टीम जाती है, वह उसका आंकलन करती है और जो भरपाई और करना है, वे उसका हिसाब-किताब करते हैं। देरी से पैसा जाता है, इसके कारण से राहत का काम नहीं रूकता है। जहाँ तक उत्तर प्रदेश का सवाल है, उत्तर प्रदेश के अंदर हमने पिछले वर्ष 2014-15 में भी सूखे के लिए 777 करोड़ रूपए दिए और जब भारी ओलावृष्टि हुई तो 1,447 करोड़ रूपए की राशि दी थी। इस बार भी टीम गई है। टीम आने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार को पूरी मदद की जाएगी, वहाँ के किसानों की पूरी मदद की जाएगी। जो भी नुकसान हुआ होगा, राष्ट्रीय आपदा कोष से निश्चित रूप से उसकी भरपाई होगी।...(व्यवधान)

SHRI P. KARUNAKARAN: Madam, I do agree with the answer given by the hon. Minister that there is loss to the crops and farmers due to this climate change. But at the same time, I would like to know from the hon. Minister whether there has been any scientific study made with regard to this continuous climatic change that has occurred in our country. Is it due to the environmental issues or is it due to the reason that the western countries are not ready to reduce their carbon emission that they have made it clear in the International Summit? But it really affects our atmosphere and climate.

So, what is the stand taken by the Government on the stand of the western countries regarding carbon emission that they are not ready to reduce.

**श्री राधा मोहन सिंह :** महोदया, कार्बन उत्सर्जन के कारण पूरी दुनिया प्रभावित हो रही है। इसमें हमारी सरकार का क्या स्टैंड है, इससे पूरी दुनिया परिचित है। पिछली बैठक में भी आपने देखा है और इस बार भी पेरिस के अंदर जो कुछ हो रहा है, हमारा स्टैंड बहुत साफ है। जहाँ तक अध्ययन की बात है, किसानों का सवाल है कि कितना नुकसान होता है, तो जब हमने वर्ष 2007-08 में किसान नीति बनाई थी, तब उस समय हमारे सामने संकट नहीं था। अब उसको बने हुए आठ वर्ष हो गए हैं। हमारी यह कोशिश है कि कोई

कमेटी बनाकर उसे रिव्यू करें। खेती पर यह जो चौतरफा संकट है, जिसमें जलवायु का संकट हमें ज्यादा प्रभावित कर रहा है। इस दिशा में हम विचार कर रहे हैं कि कोई छोटी कमेटी बनाकर इसका निराकरण करें।

**श्री शरद त्रिपाठी:** महोदया, माननीय मंत्री जी के उत्तर के दौरान इतना तो तय हो चुका है कि जलवायु परिवर्तन का असर, विशेषकर भारत कृषि प्रधान देश है और भारत की कृषि पर इसका विशेष प्रभाव पड़ रहा है। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहूँगा कि ऐसी स्थिति में जबकि जलवायु परिवर्तन का असर भारत की खेती पर पड़ रहा है, तो इसके लिए क्या हमारी सरकार कोई ठोस नीति बनाने जा रही है, विशेषकर दलहन और तिलहन के उत्पादन के बारे में बताइए?

**श्री राधा मोहन सिंह :** अध्यक्ष महोदया, दलहन और तिलहन का जहाँ तक सवाल है, हम सबको पता है कि इसका उत्पादन अपने देश में कम होता रहा है। मोदी सरकार आने के बाद पहला काम हमने यह उठाया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंदर जो राशि होती है, आधी राशि दलहन तिलहन का उत्पादन करने वाले किसानों की सहायता करने के लिए हमने राज्यों को निर्देश जारी किया।

दूसरा, जो देश के अंदर कृषि विज्ञान केन्द्र हैं, पहली बार हमने 300 कृषि विज्ञान केन्द्रों को दलहन की खेती के लिए और 200 कृषि विज्ञान केन्द्रों को तिलहन की खेती को बढ़ावा देने के लिए राशि दी है जो फ्रंट लाइन एक्सटैंशन का काम करेगा और राज्यों को पैसा दिया है कि फील्ड एक्सटैंशन के माध्यम से किसानों की सहायता करे।

**माननीय अध्यक्ष :** विनायक राउत जी।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** वीरेन्द्र जी, आप प्लीज़ बैठिए।

**श्री विनायक भाऊराव राऊत :** अध्यक्ष महोदया, इस बार महाराष्ट्र के सारे जिलों में ज्यादा से ज्यादा अकाल की स्थिति निर्माण हुई है। दुर्भाग्य से पूरे देश में महाराष्ट्र के 15747 गांवों में महाराष्ट्र शासन ने दो मास पहले अकाल घोषित किया है। अभी दो दिन हमने सारे मराठवाड़ा में जाकर देखा, लेकिन दुर्भाग्य से वहाँ के किसानों की स्थिति बहुत ही गंभीर है। अक्तूबर 2015 का अनाज अक्तूबर की 28-29 तारीख को वहाँ के लोगों को मिला। किसानों को उनके कर्ज़े का पुनर्गठन वहाँ के बैंकों ने नहीं किया है। किसानों के सामने एक बहुत बड़ी समस्या का निर्माण हो चुका है। केन्द्रीय टीम कई बार सिर्फ जाती है, आती है, लेकिन महाराष्ट्र के इन जिलों में लोगों को सहायता नहीं मिली है। मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूँ कि महाराष्ट्र के, मराठवाड़ा के लातूर, उस्मानाबाद, बीड़, जालना और बाकी जो जिले हैं जहाँ

अकाल घोषित किया है, न क्षेत्रों के किसानों की मदद करने के लिए, फल उत्पादन करने वालों की मदद करने के लिए, केन्द्र शासन इसी हफ्ते में अपना निर्णय लेकर, उनकी क्या क्या और कौन सी मदद करेगी?

**श्री राधा मोहन सिंह :** अध्यक्ष महोदया, जैसे मैंने पहले भी कहा कि पिछली बार जब सूखा पड़ा था तो हमने महाराष्ट्र की एन.डी.आर.एफ. से पर्याप्त सहायता की थी। इस बार तो जो एस.डी.आर.एफ. है, उसमें भी हमने राशि बढ़ाई है और एन.डी.आर.एफ. में भी जो रिपोर्ट आएगी तो मैंने उस समय भी बताया है कि पूरी सहायता वहाँ के किसानों को इस वर्ष भी की जाएगी और एरिया, तालुका, विलेज कौन से होंगे, वह जो मैमोरंडम राज्य सरकार की ओर से आया होगा, उस पर निर्भर करता है।

**माननीय अध्यक्ष :** बहुत सारे माननीय सदस्य इस पर प्रश्न पूछना चाहते हैं। सूखा, बाढ़, ये सब महत्वपूर्ण विषय हैं, मैं समझ रही हूँ। इसलिए आप इस पर डिसकशन के लिए कोई मार्ग निकालिए, हम इस विषय पर चर्चा करेंगे। सभी से संदर्भित यह विषय है।

वीरेन्द्र जी, इस पर आखिरी प्रश्न आप पूछिए। इसके बाद इस प्रश्न को समाप्त करेंगे।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैं इस पर चर्चा दे दूँगी, आप इसके लिए नोटिस दीजिए। मैं समझ पा रही हूँ कि बाढ़, सूखा, ये सभी प्रश्न महत्वपूर्ण हैं।

**श्री वीरेन्द्र सिंह :** अध्यक्ष महोदया, मैंने किसानों की तथा कृषि की समस्याओं के लिए बार-बार बहुत दिनों से चर्चा होते देखी है। लेकिन समस्या जहाँ की तहाँ रहती है। मैंने सरकार से उसकी समस्या के समाधान के लिए और सहायता के लिए जो विषय जाना है, मैं आपके माध्यम से आपकी जानकारी में लाना चाहता हूँ कि कृषि विभाग और किसान के कल्याण विभाग की सबसे बड़ी समस्या यह है कि कृषि विभाग की कई समस्याएँ कई मंत्रालयों में बँटी हुई हैं। कुछ विभाग कृषि मंत्रालय का गृह मंत्रालय से है...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** अभी सवाल क्लाइमेट चेन्ज का है।

**श्री वीरेन्द्र सिंह:** मेरी पूरी बात सुन लीजिए, इसके बाद जो डायरैक्शन करना है, वह कीजए।

**माननीय अध्यक्ष :** ये बातें आप चर्चा में बोलिए।

**श्री वीरेन्द्र सिंह :** कुछ विभाग वित्त मंत्रालय से है, कुछ विभाग वाणिज्य मंत्रालय से है, कुछ विभाग उर्वरक मंत्रालय से है और जो बचता है वह राज्य सरकार को चला जाता है। मैं सरकार से पूछना चाहता हूँ कि कृषि मंत्रालय रेल मंत्रालय की तरह मुकम्मल मंत्रालय क्यों नहीं बनता है? कृषि मंत्रालय का इनफ्रास्ट्रक्चर रेल मंत्रालय से हमारे देश में बढ़ा है तो कृषि मंत्रालय का बजट भी बड़ा होना चाहिए। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** यह इस प्रश्न से संदर्भित नहीं है। आप बैठिये। आपके प्रश्न का क्लाइमेट चेन्ज से कोई संबंध नहीं है। इनका जो सवाल है कि विभिन्न मंत्रालयों से मेरे विभाग का सम्बन्ध है, हम समय-समय पर उन मंत्रालयों के साथ बैठते हैं, उनसे विचार-विमर्श करते हैं और हमारा उनके साथ पूरा समन्वय है। उस समन्वय के आधार पर कृषि राज्य विषय जरूर है, लेकिन राज्यों के साथ भी लगातार सम्पर्क में रहकर हम काम करते हैं और जहां तक रेल मंत्रालय की तरह कृषि मंत्रालय का सवाल है, अभी ऐसा कोई विचार नहीं है।

**(Q.23)**

**श्री परेश रावल:** धन्यवाद मैडम, आपने मुझे सवाल पूछने का मौका दिया। मैं आपके माध्यम से मिनिस्टर ऑफ कैमीकल एण्ड फर्टीलाइज़र से जानना चाहूंगा कि भारत के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में गत तीन सालों में यूरिया और अन्य फर्टीलाइज़र वितरित किया गया है और अगर किया गया है तो उसके बारे में जानकारी दी जाये? मैं मंत्रालय से यह भी जानना चाहूंगा कि क्या फसल बुवाई के समय यूरिया एवं अन्य फर्टीलाइज़र के वितरण में विलम्ब की जानकारी मिली है? यदि ऐसी जानकारी मिली है तो भी प्रोवाइड की जाये।

**श्री अनन्तकुमार:** माननीय अध्यक्षा जी, जो प्रश्न माननीय सदस्य ने पूछा, उन पूरे प्रश्नों का लिखित जवाब उनके समक्ष हम दे चुके हैं।

**श्री परेश रावल :** ज्यादातर फर्टीलाइज़र की डिमांड में हिसाब से कम सप्लाई हुई है तो मंत्रालय से यह भी जानना चाहेंगे कि फर्टीलाइज़र उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई आयोजन किया गया है, क्योंकि बारिश भेजने वाले तो भगवान होते हैं, लेकिन फर्टीलाइज़र टाइम पर पहुंचे, वह तो गवर्नमेंट कर सकती है।

**श्री अनन्तकुमार:** अध्यक्षा जी, पिछले कई सालों में हर बार यूरिया की कमी होती थी, लेकिन पिछले साल एक साल में हमने कई ऐसी शुरूआत कीं, इनीशिएटिव्स किये। नम्बर-1, इस साल हमने यूरिया की प्री-पोजीशनिंग कर दी, यानि सभी मुख्यमंत्रियों को हमने दो बार पत्र लिखा, वहां के कृषि अधिकारियों को भी हमने पत्र लिखा, हमारे सचिव के द्वारा भी हमने पत्र लिखवाये और बार-बार रिमाइंडर्स डालकर के उनको कहा कि हम आपको जनवरी, फरवरी और मार्च में, जो लीन पीरियड होता है, तब हम आपको यूरिया दे देंगे, आप प्री-पोजीशनिंग करो। इसलिए पहली बार भारत में आज के दिन में 22 लाख मीट्रिक टन का यूरिया का प्री-पोजीशनिंग हो गया। इसके कारण इस बार यूरिया की कमी या किसी फर्टीलाइज़र की कमी किसी प्रदेश में नहीं है। उसके लिए हमने मोदी सरकार में एक नई पहल भी नीम कोटिंग ऑफ यूरिया, यानि नीम लेपित यूरिया शुरू की, मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है कि आज के दिन में एक दिसम्बर को जो यूरिया हम 320 लाख मीट्रिक टन इस्तेमाल करते हैं, पूरा 320 लाख मीट्रिक टन का नीम लेपित आज सम्पन्न हो चुका है, यह कहते हुए मुझे बहुत खुशी है। जो इम्पोर्ट होता है, उस इम्पोर्टेड यूरिया का भी आज के दिन में नीम कोटिंग हो रहा है। नीम कोटिंग के कारण 10 परसेंट कम खपत होती है और 10 परसेंट ज्यादा पैदावार होती है। जो डाइवर्शन होता था, पेंट इंडस्ट्री में, प्लाइवुड इंडस्ट्री में और डाईज़ में, वह सारा डाइवर्शन हमने इससे पहले से रोक दिया है। एक खुशी की बात है कि जो न्यू यूरिया पॉलिसी हम पांच साल के लिए लेकर आये हैं, उस न्यू यूरिया पॉलिसी के तहत हमने इंसेंटिव्स दिये हैं, इनर्जी एफीसिएंसी

के लिए हमने इंसेंटिव्स दिये हैं, गैस प्राइस पूलिंग किया है, इन सारे कारणों के कारण पिछले साल हम 225 लाख मीट्रिक टन इंडीजिनस यूरिया हमने बनाया था, इस बार 20 लाख टन अतिरिक्त यूरिया पूरे देश में बनने वाला है। इन सारे हमारे उपक्रमों के कारण यूरिया की कोई कमी आज के दिन में नहीं है और आने वाले दिनों में भी नहीं रहेगी और ऐसे हम कई रिवाइवल कर रहे हैं, यानि गोरखपुर का कर रहे हैं, बरौनी का कर रहे हैं, सिंदरी का कर रहे हैं, नामरूप का कर रहे हैं, तालचेर का और रामगुंडम का कर रहे हैं। उसके साथ-साथ नांगल से लेकर मध्य प्रदेश और कर्नाटक में भी नया फर्टिलाइज़र कारखाना शुरू करने का हमने निर्णय लिया है। इन सारे निर्णयों के कारण आने वाले दिनों में भारत यूरिया डेफिसिट देश नहीं रहेगा। मोदी जी के 'मेक-इन-इंडिया' इनिशिएटिव के कारण भारत यूरिया सरप्लस देश बनेगा और हम यूरिया इम्पोर्ट नहीं करेंगे, बल्कि हम यूरिया एक्सपोर्ट करने वाले हैं।

**श्री विनोद लखमाशी चावड़ा:** अध्यक्ष जी, मेरा मंत्री जी से सवाल है कि क्या सरकार ने वर्ष 2015 में गुजरात के किसानों को उनकी जरूरत के मुताबिक़ यूरिया सप्लाई की है? यदि सप्लाई की है, तो उसकी जिलेवार जानकारी दें। आने वाले वर्ष 2016 में गुजरात के किसानों को समय पर यूरिया और अन्य फर्टिलाइज़र उपलब्ध हो, इसके लिए मंत्रालय द्वारा कोई आयोजन या कोई परमानेंट सिस्टम अगर बनाया गया है तो उसकी जानकारी दें।

अभी-अभी महामहिम राष्ट्रपति जी के साथ विदेश में जॉर्डन जाने का अवसर मिला। जॉर्डन में महामहिम राष्ट्रपति जी के हाथों जिफ्को प्लांट का उद्‌घाटन किया गया, जिसमें 52% हिस्सा भारत के इफ्को का है। इसके चलते आने वाले दिनों में भारत और भारत के किसानों को इसका क्या फायदा मिलेगा, यह भी मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं।

**श्री अनन्तकुमार :** अध्यक्षा जी, गुजरात में यूरिया हो, डी.ए.पी. हो, एम.ओ.पी. हो, एन.पी.के. फर्टिलाइज़र हो, सभी की हमने वहां जरूरत से ज्यादा सप्लाई की है। मैं एक ही आंकड़ा यूरिया के संबंध में दूंगा। वहां 12 लाख मीट्रिक टन यूरिया की खरीद हुई है, लेकिन हमने वहां 13 लाख मीट्रिक टन यूरिया मुहैया किया है। इसी तरह, डी.ए.पी., एम.ओ.पी. और एन.पी.के. फर्टिलाइजर्स को भी हमने ज्यादा मात्रा में मुहैया किया है।

माननीय सदस्य ने इफ्को के नए प्लांट के बारे में प्रश्न पूछा है, तो वहां गैस-ग्रिड और बाकी जो इंफ्रास्ट्रक्चर है, उसकी स्थिति को देखकर और गुजरात सरकार के साथ सलाह-मशविरा करके हम उसके बारे में निर्णय लेंगे।

SHRI KONDA VISHWESHWAR REDDY: Thank you, Madam, for giving me an opportunity to raise the supplementary question to the Ministry of Chemicals and Fertilizers.

Fertilizers need not be chemicals. Bio-fertilizers are not only healthy for plants and animals but they are healthy for national economy also because urea is imported or is made from imported petroleum products. I would like to ask the Minister whether he is recognizing bio-fertilizer as a fertilizer because if you label it as fertilizer people can go to jail because it is misrepresentation.

Secondly, what step is the Government taking to phase out chemical fertilizers and bring in bio-fertilizers? Does the Government plan to have a separate policy for bio-fertilizers on the lines of urea pricing to ensure the usage and promotion of bio-fertilizers?

SHRI ANANTHKUMAR: We have already taken initiative in this regard. 'Waste to compost' is hon. Prime Minister, Modi's vision. With this project we have decided in consultation with the Ministry of Urban Development that in whichever city the waste is generated, it will be converted into compost. That compost will be provided to the farmers for cultivation.

As on today the Maximum Retail Price (MRP) on per ton urea is Rs.5360. If the compost per ton is Rs.5500 or Rs.6000, the farmers will not use it. Therefore, to make the compost viable there is a proposal from my Ministry and a Cabinet Note is in circulation that we should give a subsidy on compost also.

The Ministry of Chemicals and Fertilizers definitely recognizes organic fertilizers and bio-fertilizers. We are for the balanced fertilization. Therefore, in lieu of that if there is a need to provide subsidy on organic fertilizers, the Government of India is ready for it.

**12.00 hours**

**श्री दुष्यंत चौटाला :** अध्यक्ष महोदया, यहां मंत्री जी ने जवाब दिया कि पिछले सालों में हरियाणा में 1,010 मिलियन मीट्रिक टन यूरिया की डिमांड थी और 1,187 मिलियन मीट्रिक टन वहां पहुंची। आप लोगों ने भी देखा था कि थाने में लाइन में खड़े होकर लोगों को, महिलाओं को भी यूरिया लेनी पड़ी। इस विषय में मंत्री

जी से कई बार चर्चा हुई। मंत्री जी कहते हैं कि रैक उतरते हैं, मगर कहीं न कहीं फर्टिलाइजर खेतों में पहुंचने के बजाय फैक्ट्रियों में जाते हैं।

मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि क्या सरकार ने कोई एडवाइजरी प्रदेश सरकार को जारी की है कि यूरिया जो प्रदेश में पहुंचती है, वह किसान के खेत मे पहुंचे, न कि फैक्ट्रियों में जाकर किसी और उपयोग में आए?

**श्री अनन्तकुमार :** अध्यक्ष जी, पिछले साल तक यह हालत थी। आज के दिन में यह स्थिति नहीं है, क्योंकि नीम कोटिंग के कारण उस यूरिया का कोई डायवर्सन नहीं कर सकता है। यदि वह डायवर्सन करके पेंट में इस्तेमाल करेगा, प्लाईवुड में, डैश बोर्ड या पॉलीयूरिथीन प्रोडक्ट्स में इस्तेमाल करेगा, तो वह सेट नहीं होगा। इसलिए जो यूरिया सरकार किसानों को मुहैया करा रही है, वह किसानों को ही मिल रही है। इस बार दस लाख मीट्रिक टन की रिक्वायरमेंट हरियाणा से थी, जबकि 11 लाख 10 हजार मीट्रिक हमने मुहैया कराया है।

**<u>12.02 hours</u>**

## PAPERS LAID ON THE TABLE

HON. SPEAKER: Now, papers to be laid on the Table – Shri Ramvilas Paswan.

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री (श्री राम विलास पासवान) :** महोदया, मैं आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 की उप-धारा (6) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूँ :-

(1) विनिर्दिष्ट खाद्य सामग्रियों पर (अनुज्ञप्तिकरण अपेक्षाएं, स्टॉक सीमाएं और संचलन प्रतिबंध) निराकरण (दूसरा संशोधन) आदेश, 2015, जो 28 सितम्बर, 2015 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या का0आ02642(अ) में प्रकाशित हुआ था।

(2) विनिर्दिष्ट खाद्य सामग्रियों पर (अनुज्ञप्तिकरण अपेक्षाएं, स्टॉक सीमाएं और संचलन प्रतिबंध) निराकरण (संशोधन) आदेश, 2015, जो 18 अक्टूबर, 2015 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या का0आ02857(अ) में प्रकाशित हुआ था।

[Placed in Library, See No. LT 3211/16/15]

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI KIREN RIJIJU): Madam, I beg to lay on the Table:-

(1) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the National Disaster Management Authority, New Delhi, for the year 2013-2014.

(2) Statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (1) above.

[Placed in Library, See No. LT 3212/16/15]

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्णपाल गुर्जर):** महोदया, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूँ :-

(1) (एक) ऑफिस ऑफ दि चीफ कमिश्नर फॉर पर्सन्स विद् डिस्एबिलिटीज़, नई दिल्ली के वर्ष 2008-2009 से 2012-2013 तक के वार्षिक प्रतिवेदनों की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) ऑफिस ऑफ दि चीफ कमिश्नर फॉर पर्सन्स विद् डिस्एबिलिटीज़, नई दिल्ली के वर्ष 2008-2009 से 2012-2013 तक के वार्षिक प्रतिवेदनों पर ज्ञापन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाले पांच विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 3213/16/15]

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विजय सांपला):** महोदया, मैं कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 619क की उप-धारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं :-

(1) (एक) राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त और विकास निगम लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2014-2015 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त और विकास निगम लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 2014-2015 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[Placed in Library, See No. LT 3214/16/15]

(2) (एक) राष्ट्रीय अनुसूचित जातियां वित्त और विकास निगम लिमिटेड, दिल्ली के वर्ष 2014-2015 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) राष्ट्रीय अनुसूचित जातियां वित्त और विकास निगम लिमिटेड, दिल्ली का वर्ष 2014-2015 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

[Placed in Library, See No. LT 3215/16/15]

---

**12.03 hours**

## STANDING COMMITTEE ON CHEMICALS AND FERTILIZERS
## 13th to 16th Reports

SHRI ANANDRAO ADSUL (AMRAVATI): Madam, I beg to present the following Action Taken Reports (Hindi and English versions) of the Standing Committee on Chemicals and Fertilizers:-

(1) Thirteenth Report on Action Taken by the Government on the recommendations contained in the Sixth Report (16th Lok Sabha) on Demands for Grants (2015-16) of the Ministry of Chemicals and Fertilizers (Department of Pharmaceuticals).

(2) Fourteenth Report on Action Taken by the Government on the recommendations contained in the Seventh Report (16th Lok Sabha) on Demands for Grants (2015-16) of the Ministry of Chemicals and Fertilizers (Department of Chemicals and Petrochemicals).

(3) Fifteenth Report on Action Taken by the Government on the recommendations contained in the Fourth Report (16th Lok Sabha) on the subject 'Jan Aushadhi Scheme' of the Ministry of Chemicals and Fertilizers (Department of Pharmaceuticals).

(4) Sixteenth Report on Action Taken by the Government on the recommendations contained in the Fifth Report (16th Lok Sabha) on Demands for Grants (2015-16) of the Ministry of Chemicals and Fertilizers (Department of Fertilizers).

---

**12.03 ¼ hours**

## STANDING COMMITTEE ON TRANSPORT, TOURISM AND CULTURE
## (i) 224th Report

**श्रीमती अर्पिता घोष (बालूरघाट) :** महोदया, मैं वाणिज्यिक पोत-परिवहन (संशोधन) विधेयक, 2015 के बारे में परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधी स्थायी समिति का 224वां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखती हूं।

## (ii) 225th and 226th Reports

SHRIMATI ARPITA GHOSH (BALURGHAT): Madam, I beg to lay on the Table the following Reports (Hindi and English versions) of the Standing Committee on Transport, Tourism and Culture:-

(1) The Two Hundred Twenty-fifth Report on Action Taken by the Government on the Observations/Recommendations of the Committee contained in its Two Hundred and Eighteenth Report on the Demands for Grants (2015-16) of Ministry of Civil Aviation.

(2) The Two Hundred Twenty-sixth Report on Action Taken by the Government on the Observations/Recommendations of the Committee contained in its Two Hundred and Nineteenth Report on the Demands for Grants (2015-16) of Ministry of Culture.

---

**12.03 ½ hours**

## MOTION RE: 22nd REPORT OF BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

**कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजीव प्रताप रूडी):** महोदया, मैं प्रस्ताव करता हूं :

> "कि यह सभा 30 नवम्बर, 2015 को सभा में प्रस्तुत कार्य मंत्रणा समिति के 22वें प्रतिवेदन से सहमत है।"

HON. SPEAKER: The question is:

> "That this House do agree with the Twenty-second Report of the Business Advisory Committee presented to the House on 30th November, 2015. "

*The motion was adopted.*

---

HON. SPEAKER: Now, 'Zero Hour' – Shri Mukesh Rajput.

… (*Interruptions*)

**श्री मुकेश राजपूत (फरूखाबाद) :** अध्यक्ष महोदया, आज आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। …(व्यवधान) भारत कृषि प्रधान देश है। इस कृषि प्रधान देश में दालों की बहुत बड़ी समस्या है। रोज समाचार पत्रों के माध्यम से ज्ञात होता है कि दाल 200 रूपए प्रति किलो पहुंच गई है। आज दालों के दाम आसमान छू रहे हैं। हमारे देश का अन्नदाता दलहन उत्पादन नहीं कर रहा है, क्योंकि उनको उनकी उपज का वाजिब दाम नहीं मिल रहा है। किसानों की दलहन की फसल की अधिक से अधिक दाम 20 रूपये से 25 रूपये प्रति किलो के हिसाब से मंडी में मिलते हैं, हमारा आपके माध्यम से सरकार से कहना है कि यदि भारत सरकार दाल के दाम 60 रूपये से 70 रूपये प्रति किलो कर दे तो हमारे देश के किसान दाल का उत्पादन ज्यादा करेंगे और हमारे देश में दाल का उत्पादन ज्यादा होगा। जो पैसा हमारे देश से बाहर जाता है, हमें दाल आयात करनी पड़ती है, इससे हमारे देश के किसान मजबूत होंगे और देश का पैसा बाहर नहीं जायेगा, यह ज्यादा सही होगा। हमारा आपके माध्यम से सरकार से यह निवेदन है।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री केशव प्रसाद मौर्य, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री शिवकुमार उदासि, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और श्री पी.पी.चौधरी को श्री मुकेश राजपूत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर):** माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके सामने अपने संसदीय क्षेत्र की एक समस्या रखना चाहता हूं। राजस्थान प्रदेश का खेल के क्षेत्र में विशेष योगदान रहा है, चाहे वह तीरंदाजी हो, बास्केट बॉल या अन्य खेल हों, मैं आपके माध्यम से माननीय खेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि राजस्थान प्रदेश में एक खेल विश्वविद्यालय की बहुत महती आवश्यकता है। मेरा निवेदन है कि खेल को प्रोत्साहन देने के लिए हमारे प्रदेश में एक खेल विश्वविद्यालय की स्थापना होनी चाहिए।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री देवजी एम. पटेल, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और श्री सी.आर.चौधरी को श्री सुमेधानन्द सरस्वती द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

SHRI M.B. RAJESH (PALAKKAD): Madam, I would like to draw the attention of the Government, through you, regarding the amended ticket refund rules of the Indian Railways.

I do acknowledge that there are some positive aspects to these changed rules, but still there are many negative aspects and all the MPs have received so many complaints from passengers regarding the exorbitant rise in cancellation charges. In the case of reserved tickets, earlier, we could have cancelled the ticket even after the train left the station, but according to the amended rules there are three slabs and the last slab is cancellation in less than four hours time. According to the last slab, the cancellation charges have almost been doubled and almost the entire ticket fare will be taken as cancellation charges. So, this has caused great difficulty and problem for passengers, and we are receiving hundreds of complaints each and every day from passengers. This doubling of cancellation charges is nothing but exploitation of passengers, and this will not bring '*Ache Din'* to rail passengers.

So, I request the Government and the hon. Minister to give a re-look into the issue; reduce the cancellation charges; and to reinstate the old cancellation charges. Thank you very much, Madam.

SHRI K.C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Madam, please allow me to speak on this issue. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: No. Do you want to associate?

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Yes, Shri K. C. Venugopal wants to associate with this issue raised by Shri M. B. Rajesh.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER : Shri Rajeev Satav, Shrimati P.K. Shreemathi Teacher, Shri Mullappally Ramchandran, Shri P.K. Biju, Adv. Joice George, and Shri P.P. Chaudhary are also permitted to associate with the issue raised by Shri M. B. Rajesh.

**श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर):** अध्यक्ष महोदया, राजस्थान में उदयपुर शहर है। मैं उदयपुर लोक सभा संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित हो कर आया हूं। उदयपुर ऐतिहासिक दृष्टि से महाराणा प्रताप और राणा पुंजा की जन्म और कर्मस्थली रही है। उदयपुर के तीनों ओर झीलें हैं। उसे झीलों का शहर और झीलों की नगरी के

नाम से जाना जाता है। उदयपुर को राजस्थान का कश्मीर के नाम से भी जाना जाता है। उदयपुर लगभग पांच लाख की आबादी वाला शहर है। नेशनल हाइवे - 8 दिल्ली से मुंबई तक जाती है, जो उदयपुर शहर के मध्य से होकर गुजरती है।

मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि मुख्य सड़क एनएच-8 है, जो भुआना से लेकर वाया डेबारी और काया को बाईपास रोड के रूप में पीपीपी मोड में स्वीकृत कराने के लिए सरकार से मांग करता हूं।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री चन्द्र प्रकाश जोशी को श्री अर्जुन लाल मीणा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

SHRI V. ELUMALAI (ARANI): Thank you, Speaker Madam, for allowing me to raise the matter of urgent public interest during '*Zero Hour*'.

Hon. Chief Minister of Tamil Nadu had a meeting with the hon. Prime Minister on 03/06/2014 and insisted for retrieving Katchatheevu Island back from Sri Lanka and to stop frequent arrest of Tamil Nadu fishermen by Sri Lankan Navy personnel. But time and again Sri Lankan Navy and the Government of Sri Lanka are involved in arresting Tamil Nadu fishermen. On 29/11/2015, eight fishermen fishing on Bak Chaluchandi near Neduntheevu, which is in our own sea territory, were arrested.

Already 29 Tamil fishermen were in Sri Lankan jail. This is happening day by day. In total 37 fishermen and 53 boats have been used to ensure safe release of arrested Indian fishermen and retrieval of their seized fishing boats. This is under the agreements of 1974 and 1976 that Kachatheevu was handed over to Sri Lanka. Hon. Chief Minister of Tamil Nadu has filed a case in the hon. Supreme Court. High level talks between the two countries are going on. Hon. Chief Minister of Tamil Nadu Dr. Amma has praised this initiative.

I would urge upon the hon. Prime Minister that he should intervene and get back Kachatheevu from Sri Lanka. Kachatheevu should be the part of our territory as it existed before. I would also urge upon the Union Government to deepen the fishing areas along the Indian Coast by allocating Rs.10 crore per year and with

the total project outlay of Rs.1520 crore as demanded by the hon. Chief Minister Amma so that the livelihood of thousands of Indian fishermen particularly of Tamil Nadu is protected.

**माननीय अध्यक्ष :** डॉ. किरिट पी. सोलंकी को श्री वी.एलुमलाई द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत (जोधपुर) :** अध्यक्ष महोदया, अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर डैवलपमैंट की परियोजनाएं पहले भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से चलती थीं। विभिन्न प्रांतों में बहुत सारी योजनाएं इस स्कीम के अंतर्गत शुरू हुई थीं। हमारे राजस्थान में भी कुल मिलाकर 37 परियोजनाएं इस स्कीम के अंतर्गत सैंक्शन हुईं और चालू हुईं। उन परियोजनाओं को 80 प्रतिशत फंडिंग उस योजना के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा दी जाती थी, 10 प्रतिशत स्टेट गवर्नमैंट देती थी और बची हुई 10 प्रतिशत राशि स्थानीय निकाय को देनी होती थी। पिछली सरकार के समय कुल मिलाकर ऐसी 37 परियोजनाएं राजस्थान में सैंक्शन हुईं जिनकी कुल लागत 609 करोड़ रुपये थी। ठीक इसी तरह जवाहरलाल नेहरू शहरी नवीनीकरण के प्रोग्राम के तहत पांच लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में ऐसी तीन परियोजनाएं राजस्थान के जयपुर, जोधपुर और अजमेर में शुरू हुई। जो आधी परियोजनाएं हो चुकी थीं, स्टेट गवर्नमैंट अपनी राशि लगा चुकी है, निकाय भी लगा चुकी है, केन्द्र सरकार पहली किश्त की राशि दे चुकी थी, लेकिन वर्तमान में जो अमृत योजना को लिंक कर दिया गया है, उसके कारण स्थानीय निकाय पर प्रदेशभर में लॉयबिलिटीज़ खड़ी हो गईं और सारे प्रोग्राम बीच में रुके हुए हैं। भारत सरकार ने तय कर दिया है कि अब हम अमृत योजना के फंडिंग पैटर्न के अनुरूप केवल 10 प्रतिशत राशि ही उन निकायों को देंगे। यदि 10 प्रतिशत निकायों को राशि दी जाएगी तो न तो वे योजनाएं पूरी हो पाएंगी और जिस मोटिव के साथ हम शहरों का विकास करना चाहते हैं, न ही वह मोटिव पूरा हो पाएगा।

मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि एक बार इसकी पुन:समीक्षा की जानी चाहिए। राजस्थान और राजस्थान जैसे अन्य प्रदेशों में इस निर्णय को बदलने के कारण जिस तरह की लॉयबिलिटी खड़ी हो गई है, एक बार जो लॉयबिलिटीज़ खड़ी हैं, उन्हें पूरा कर दिया जाए, उसके बाद अमृत के फंडिंग पैटर्न के हिसाब से यदि काम किया जाएगा तो स्थानीय निकायों को शहरों के संसाधनों के सुदृढ़ीकरण में आसानी होगी और सहूलियत भी होगी। धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री पी.पी.चौधरी, श्री सी.आर.चौधरी, श्री चन्द्र प्रकाश जोशी, कुँवर पुपेन्द्र सिंह चन्देल,और श्री अर्जुन लाल मीणा को श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) :** अध्यक्ष महोदया, मेरे लोक सभा क्षेत्र बक्सर, शाहबाद सहित बिहार के विभिन्न जिले जहां धान की अधिकतम पैदावार होती है, वहां के किसानों के साथ राज्य सरकार के सौतेले रवैये के कारण धान क्रय केन्द्र नहीं खोला गया है। पिछले एक माह से धान की फसल की कटाई शुरू हो गई है किन्तु अभी तक राज्य सरकार की तरफ से कोई भी धान क्रय केन्द्र नहीं खोला गया है।...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: It is a State matter.

**श्री अश्विनी कुमार चौबे :** नहीं महोदया। हमारे संसदीय क्षेत्र बक्सर में पिछले दिनों किसानों की महापंचायत लगी थी जिसमें यह निर्णय लिया गया था। जब प्रत्येक पंचायत में मतदान केन्द्र हो सकते हैं तो धान क्रय केन्द्र क्यों नहीं हो सकता है। मेरे लोक सभा क्षेत्र बक्सर, शाहबाद सहित बिहार के विभिन्न जिले जहां धान की अधिकतम पैदावार होती है, वहां के किसानों के साथ राज्य सरकार के सौतेले रवैये के कारण धान क्रय केन्द्र नहीं खुल पाया है। पिछले एक माह से धान की फसल की कटाई शुरू हो गई है, किन्तु अभी तक राज्य सरकार की तरफ से कोई भी धान क्रय केन्द्र नहीं खोला गया है।...(व्यवधान) हमारे संसदीय क्षेत्र दिनारा (सासाराम) में विगत 22 नवम्बर, 2015 को हम लोगों ने धान क्रय हेतु किसान महापंचायत लगाई थी, जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सभी पंचायतों में यदि मतदान केन्द्र हो सकते हैं तो किसानों के हित में धान क्रय केन्द्र क्यों नहीं खोले जा सकते हैं? किसानों के हित में यह काम आवश्यक है, पिछले वर्ष का भी भुगतान राज्य सरकार की तरफ से नहीं किया गया है, जिससे किसान आत्महत्या, भूखमरी एवं बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहे हैं, बिचौलियों के द्वारा धान को औने-पौने दाम पर क्रय किया जा रहा है। किसानों के धान का समर्थन मूल्य पिछले वर्ष का करीब 200 करोड़ रुपये का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। अभी तक डीजल अनुदान राशि का भी भुगतान नहीं किया गया है। बिहार राज्य को छोड़कर सभी राज्य जहां धान की फसल अधिक होती है, वहां राज्य सरकार के द्वारा इस प्रकार की समुचित व्यवस्था की गई है लेकिन बिहार सरकार अभी भी कुंभकरणी निंद्रा में सोई हुई है। किसान तड़प -तड़प कर मर रहे हैं और राज्य सरकार को कोई चिंता नहीं है। अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि बिहार के विभिन्न जिलों में पंचायत स्तर पर धान क्रय केन्द्र खोलने की व्यवस्था की जाए, साथ ही पिछले वर्ष के बकाये राशि का भी भुगतान किया जाए और भंडारण की समुचित व्यवस्था की जाए। हाल में बिहार सरकार ने प्रति किसान के लिए 100 क्विंटल धान क्रय करने की व्यवस्था की है जो सर्वथा

अनुचित है। किसानों के लिए उनके ऊपज के आधार पर धान क्रय करना सरकार द्वारा सुनिश्चित किया जाना चाहिए इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा 300 रुपये बोनस के बदले 500 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित करना चाहए चाहिए। साथ ही, केंद्र सरकार को भी बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए धान/रबी के समर्थन मूल्य को बढ़ाने हेतु गंभीरता से विचार करना चाहिए।

HON. SPEAKER: Shri Bharon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Ashwini Kumar Chaubey.

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): Hon. Speaker Madam, I thank you for the opportunity to raise under Zero Hour the need to abolish the death penalty. Capital punishment cannot be justified as an effective instrument of deterrence. Statistics from the last 30 years suggest that there is no direct co-relation between the number of death penalty executions and the deterrence of crimes. In other words, hanging people does not deter crime.

The Law Commission in its report on death penalty has also reiterated this observation. Additionally, the application of the death penalty in India through the rarest of the rare doctrine has left room for subjectivity and bias which is a worrying basis to take a human life. The State should not reduce itself to the level of killers. More than 70 of the member countries of the United Nations have abolished the death penalty and a further 25 per cent have not used it in the last 10 years. A punishment which in our country has largely affected the marginalized and disadvantaged sections of society is an aberration in a healthy democracy.

I see that the Minister of State for Home Affairs is sitting there. I therefore urge the Government to introduce a provision to abolish the death penalty and instead strengthen a preventive and reformative system of justice. That is the only way that we can live up the ideals of Mahatma Gandhi in our own society.

HON. SPEAKER: Shri Dushyant Chautala, Adv. Joice George and Shri Shivkumar Udasi are permitted to associate with the issue raised by Dr. Shashi Tharoor.

**श्रीमती वीणा देवी (मुंगेर):** महोदया, मैं बिहार राज्य में कम वर्षा के कारण किसानों द्वारा खेती का कार्य नहीं कर पाने की ओर आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहती हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मोकामा-बड़हिया टाल क्षेत्र के किसान साल में एक ही फसल दलहन का पैदावार कर पाते हैं, इस साल कम वर्षा के कारण बाढ़ का पानी भी नहीं आया जिससे टाल क्षेत्र में दलहन की खेती नहीं हो पाई है क्योंकि इस टाल क्षेत्र में सिंचाई की कोई व्यवस्था नहीं है। बिहार राज्य के पटना ग्रामीण, लखीसराय, नालन्दा, जमुई, शेखपुरा, नवादा, गया सहित 7-8 जिला अधिक सुखा प्रभावित है। बिहार राज्य के किसान बहुत परेशान और आत्महत्या के कगार पर है।

अतः मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करती हूं कि बिहार राज्य को सुखाड़ घोषित कर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए।

**श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद) :** मैं आपके प्रति आभारी हूं कि आपने बहुत ही महत्वपूर्ण सवाल को जो ट्रेन सेवा से संबंधित है उठाने का मौका दिया। रांची से जयनगर एक्सप्रेस ट्रेन सप्ताह में 3 दिन चलती है, रांची बोकारो धनबाद होते हुए मिथिलांचल जाने वाली यह एकमात्र ट्रेन है। रांची-बोकारो-धनबाद में मिथिलांचल के लाखों लोग रहते हैं वहां बराबर आना-जाना किया करते हैं लेकिन धनबाद से आने की बहुत दिक्कत है इसलिए जिस दिन से ट्रेन शुरू हुई है इस ट्रेन को प्रति चलाया जाए। अतः माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि रांची-जयनगर एक्सप्रेस ट्रेन को सप्ताह में दिन के स्थान पर प्रति चलाए जाने की व्यवस्था की जाए जिससे रांची-बोकारो-धनबाद में रहने वाले लाखों लोग मिथिलांचल के ट्रेन का पूर्ण लाभ मिल सके।

HON. SPEAKER: Shri Ravindra Kumar Pandey is permitted to associate with the issue raised by Shri Pashupati Nath Singh.

SHRI R.P. MARUTHARAJAA (PERAMBALUR): First of all, I would like to thank the hon. Speaker for giving me an opportunity to place my request in this prestigious House on behalf of the people of my constituency, Perambalur. I humbly submit my profound thanks to the Tamil Nadu Chief Minister Dr. Puratchi Thalaivi Amma.

I have represented during ‘Zero Hour’ and also written several letters to the Ministry concerned for laying of a new railway track and starting a new train service between Ariyalur and Namakkal *via* Perambalur, Thuraiyur and Thattaiangarpettai in Tamil Nadu. However, there has been no response in the

matter so far. I therefore once again request you to grant permission to conduct survey for new railway line and include this scheme in the coming Budget.

I would be glad if you could take necessary steps to consider this scheme, as this is a long cherished dream of the people of my constituency.

Thank you.

SHRIMATI V. SATHYABAMA (TIRUPPUR): Thank you, Madam Speaker. With your permission, I speak from this Chair.

The Tamil Nadu Government under the dynamic leadership of hon. Chief Minister Puratchi Thalaivi Dr. Amma is taking all measures to make Tiruppur a most suitable and conducive place for the growth and development of the knitwear industry. The Union Government's support for the development of the knitwear industry is absolutely essential as most of the issues pertaining to the knitwear industry fall under the purview of the Union Government.

Tiruppur is known as the 'knitwear capital of India'. Knitwear exports from Tiruppur have grown to Rs. 20,730 crore in 2014-15 and is expected to reach the target of Rs. 36,000 crore by 2016-17. At present, the all-India market share of Tiruppur in knitwear exports is 44.29 per cent and this would go up once the industry starts exporting synthetic-based garments which have a market throughout the year globally. The total readymade garment exports from India had for the first time crossed the Rs. 1 lakh crore-mark in 2014-15 to touch Rs. 1.03 lakh crore, which amounts to US $ 16.82 billion. Of this, knitwear exports were Rs. 46,801 crore with a share of 45.43 per cent. Tiruppur at present has got around 3,000 export units and its allied industrial units provide direct and indirect employment to more than 5.5 lakh people.

The knitwear industry which contributes substantially to the export and foreign exchange earnings does not have any exclusive organisation to focus on its development and growth. It is therefore highly important and desirably to establish a Knitwear Board based out of Tiruppur to spearhead and facilitate growth opportunities for this vital industry. Thank you.

**डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक (हरिद्वार):** आदरणीय अध्यक्षा जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र हरिद्वार-ऋषिकेश की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। हरिद्वार सारी दुनिया की आध्यात्म और आस्था की राजधानी है और वहां चारों धामों --गंगोत्री, यमुनोत्री, बदरी और केदरानाथ का प्रवेश द्वार है। वह हरिद्वार गंगोत्री से 300 किलोमीटर दूर गंगा के तट पर बसा है।

अध्यक्षा जी, यह वह हरिद्वार है, जहां हर छः वर्ष में कुंभ का मेला लगता है और हर बारह वर्ष में महाकुंभ का मेला लगता है। मेरा सौभाग्य है कि जब मैं उत्तराखंड का मुख्य मंत्री था तब मुझे वर्ष
2010 में महाकुंभ का आयोजन करने का अवसर मिला। इस महाकुंभ में विश्व के 150 देशों के लगभग साढ़े आठ करोड़ से भी अधिक लोगों ने गंगा स्नान किया था और एक ही दिन में 1 करोड़ 66 लाख लोगों की उपस्थिति ने धरती के इतिहास में एक अभिनव, अद्भुत प्रयोग दिखाया था। ऐसा स्थान जो सारे विश्व का केन्द्र है, उस स्थान पर यातायात का अभाव है। यहां चिकित्सा का अभाव है। यहां प्रतिवर्ष चार से छः करोड़ लोग तीर्थ यात्रा और पर्यटन के लिए आते हैं। मेरा निवेदन है कि रुड़की से ऋषिकेश तक ओवर ब्रिज बनाया जाए। मेट्रो रेल स्थापित की जाए। चिकित्सा क्षेत्र को सशक्त किया जाए और एंबुलेंस दी जाएं। मैं सरकार से ऋषिकेश और हरिद्वार में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का पर्यटन केंद्र स्थापित करके सभी अवस्थापनाओं को सुदृढ़ करने अनुरोध करता हूं।

**माननीय अध्यक्ष :** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री केशव प्रसाद मौर्य और श्री भैरों प्रसाद मिश्र को डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार) :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया। मैं आज अपने लोकसभा क्षेत्र के साथ हर सांसद के क्षेत्र से संबंधित एमपीलैड का मुद्दा आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं। मेरे द्वारा पिछले डेढ़ साल में 600 से ज्यादा कार्य के एस्टीमेट बनने के लिए नोडल अफसरों को लिखा गया लेकिन मेरे पास केवल 275 के ही एस्टीमेट बनकर आए हैं। मेरे लोकसभा क्षेत्र में तीन जिले संबंध रखते हैं, नोडल अफसर से अलग जो जिले है, वहां मैंने आठ कार्यों के लिए सूचित किया लेकिन इनमें से छः कार्य आज तक सूचित नहीं हुए हैं। एक तरफ केंद्र सरकार द्वारा एमपीलैड फंड से हम पैसे देते हैं और दूसरी ओर अफसरों की कोताही के कारण निरंतर डिले किया जाता है।

महोदया, आपके संज्ञान में यह मुद्दा है कि जब हम ऑन लाइन पोर्टल देखते हैं, तो अनेक बार कई एमपीज़ का कार्य शुरु भी नहीं होता है। यहां माननीय समिति के चेयरमैन डिप्टी स्पीकर साहब बैठे हैं, मैं

मांग करता हूं कि इस कानून परिवर्तन किया जाए ताकि एमपीलैड में जैसे ही एमपी द्वारा निर्धारित कार्य शुरु हो, अधिकारी उसे तुरंत पूरा करके यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट भेजे।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री अजय मिश्रा टेनी, श्री शिव कुमार उदासि, श्री नाना पटोले, श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, श्री रवीन्द्र कुमार जेना, श्री राजीव सातव, श्री श्रीरंग आप्पा बारणे, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री चन्द्र प्रकाश जोशी, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और श्री केशप्रसाद मौर्य को श्री दुष्यंत चौटाला द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** इस विषय में सभी आपके साथ हैं।

DR. RATNA DE (NAG) (HOOGHLY): Thank you, Madam. There has been a long pending demand from the people of my parliamentary constituency for introduction of two parts of EMU local. There is a need for this local because the area between Katwa and Sealdha is an agricultural belt and a lot of passengers commute in the morning and return back through this belt. This will also go a long way in easing the existing pressure on EMU locals and give passengers a great relief.

There is also a need to construct a subway at Kuntighat. This too is pending for a long time. Through you, I would urge upon the hon. Minister to look into these important, genuine and long-pending matters, which would benefit the people of my parliamentary constituency.

**श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से अति महत्वपूर्ण विषय की ओर सदन का ध्यान दिलाना चाहता हूं जो मेरे संसदीय बांका से जुड़ा हुआ है। बिहार सरकार ने बिहार राज्य के पिछड़े जिले बांका को अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट की स्थापना हेतु भूमि अधिग्रहण के लिए चिह्नित किया है। बिहार सरकार ने 2012 में लगभग 4440 एकड़ जमीन अधिकृत की है और बिहार सरकार ने तत्परता दिखाई है। यह अत्यंत पिछड़ा क्षेत्र है। मैं लगातार राज्य और केंद्र सरकार से पत्राचार कर रहा हूं। मैंने कई बार केंद्रीय ऊर्जा मंत्री से पत्राचार भी किया है लेकिन अभी तक भूमि अधिग्रहण के लिए जो राशि आबंटित होनी चाहिए थी केंद्र सरकार द्वारा नहीं की गई है। इसके लिए केंद्र सरकार धनराशि मुहैया कराए। भूमि अधिग्रहण राज्य सरकार द्वारा किया गया है, मैं मांग करता हूं कि इसके निर्माण के लिए लिए केंद्र

सरकार राशि दे ताकि कार्य प्रारंभ किया जा सके। यह अत्यंत महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट से सिर्फ बिहार को ही नहीं बल्कि झारखंड और अन्य प्रदेशों को भी बिजली मुहैया कराई जाएगी।

मेरा पुनः निवेदन है कि केंद्र सरकार उदासीनता खत्म करे और बांका में अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट कार्य का शुभारंभ करने के लिए जल्द से जल्द राशि उपलब्ध कराने के लिए उचित कदम उठाए।

SHRI NINONG ERING (ARUNACHAL EAST): Madam, I would like to bring to the notice of the Government a serious issue. Recently China has operationalised Zangbo Hydro Project located in Gyaca. They are also constructing three more dams in Dagu, Jie Xu and Jia Chen over Tsangpo river which is Siang in Arunachal Pradesh and Brahmaputra in Assam.

I would like to bring to the notice of the Government that we have no river water agreement with China. This will be very disastrous in the long run because there will be water scarcity not only in Arunachal Pradesh but throughout the north-eastern region. The hon. Prime Minister and the hon. Home Minister had some talks with their counterparts in China. Have they taken this issue seriously? It is because if they do not take it seriously it will be very disastrous in the near future.

So, I would like to bring to the notice of the Government that it should have some bilateral meetings and discuss the water sharing issues of Siang and Brahmaputra rivers.

**माननीय अध्यक्ष :**श्री रमेश चन्द्र कौशिक - उपस्थित नहीं।

**श्री ओम बिरला (कोटा) :** माननीय अध्यक्ष जी, नई पीढ़ी को जन्म देने वाली 15 से 19 वर्ष की बालिकाओं में राजस्थान में प्रदेश में खून की कमी के कारण एनीमिया की भयंकर बीमारी एक सर्वे के माध्यम से प्रकाश में आई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के अनुसार राजस्थान के अंदर 65 प्रतिशत बालिकाओं में जिनकी उम्र 15 से 19 वर्ष है, खून की कमी के कारण एनीमिया हो रहा है।

यह विषय इसलिए भी चिंता का है कि 19 वर्ष के बाद जब उनकी शादी होने वाली होगी और जब वे नये बच्चे को जन्म देगी, तो उससे खून की कमी के कारण उस बच्चे के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा और उस खून की कमी के कारण उस बच्चे में बीमारियों से लड़ने की क्षमता भी कम होगी। यह विषय इसलिए भी चिंता का है कि एक तरफ यूनिसेफ और कई सारे संगठन देश विदेश के अंदर लगातार

सेहत की चिंता कर रहे हैं, हम खुद भी पूरे देश के अंदर शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं, लेकिन बच्चों को जन्म देने वाली उस बालिका पर खून की कमी और बीमारियों से लड़ने की क्षमता कम होगी तो निश्चित रूप से इसका विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

इसलिए मेरा आपके माध्यम से केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जी से आग्रह है कि राजस्थान में स्पेशल सर्वे कराकर एनीमिया की कमी से जूझ रही उन बालिकाओं के लिए एक स्पेशल प्लान योजना बनाई जाए और एक मापदंड के तहत जिन लड़कियों में भी खून की कमी है, उनको विशेष रूप से आयरन और जो भी आवश्यक मेडिकल की सुविधाओं के आधार पर जो मेडिकल सलाह देते हैं, उसके आधार पर खून की कमी को रोकने के बेहतर प्रयास करने की आवश्यकता है।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री देवजी एम.पटेल, डॉ. किरीट सोलंकी, श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, श्री राहुल कस्वां और कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री ओम बिरला द्वारा उठाये गये विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री डी.एस.राठौड़ (साबरकांठा):** माननीय अध्यक्ष जी, मेरे साबरकांठा लोक सभा मतक्षेत्र में अहमदाबाद-खेडब्रह्मा ए.पी.रेलवे चल रही है। यह विस्तार के नजदीक सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ मां अम्बाजी का मंदिर है जो समग्र भारत में आस्था का केंद्र है और अम्बाजी के बिल्कुल नजदीक राजस्थान में माउंट आबू की तलेटी में विश्व प्रसिद्ध शांति केंद्र है जहां ब्रह्माकुमारी का बड़ा परिसर है और जहां पूरे भारत और विश्व के लोग आते हैं। माउंट आबू स्वयं एक सुप्रसिद्ध पर्यटक स्थल है। गुजरात औऱ दक्षिण भारत के लोग अहमदाबाद से होते हुए अम्बाजी औऱ माउंट आबू आते हैं।

इसलिए में अहमदाबाद से खेडब्रह्मा की रेलवे लाइन को अम्बाजी से आगे आबू रोड तक विकसित करने की जरूरत है जिससे धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन विकास को बढ़ावा मिलेगा और रोड ट्रैफिक कम करने में लाभदायी रहेगा।

आपके माध्यम से मैं खेडब्रह्मा से अम्बाजी औऱ आबू तक ब्रॉडगेज रेलवे लाइन शुरु करने की मांग रेल मंत्रालय से करता हूं।

**श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर) :** महोदया, उत्तरी बंगाल में चाय बगीचों के मजदूर मौत की कगार पर खड़े हैं। पिछले दो महीने में दो सौ से ज्यादा चाय बगानों के मजदूरों की मौत हो चुकी है। उनके घर में न तो पानी है, न खाना है, न बिजली है और न ही उनके स्वास्थ्य का कोई प्रावधान है। उनकी हालत देखकर आपकी आंखों में आंसू आ जाएंगे कि हिंदुस्तान में ऐसी जगह है जहां भुखमरी से मौतें हो रही हैं। ये चाय बगीचे छोटे-छोटे सोमालिया में तब्दील हो चुके हैं। हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री स्वयं को चाय बेचने वाले का बेटा

कहकर गर्व करते हैं और यह गर्व होना भी चाहिए। लोकतंत्र में सबको स्वतंत्रता है। चाय बेचने वाले प्रधानमंत्री जी के ज़माने में बंगाल के चाय बगीचों के मजदूरों की जिस हालत में मौत हो रही है, इसके संदर्भ में मैं सरकार को कहना चाहूंगा कि उन्हें बचाने के लिए सूबे की सरकार के साथ मिलकर काम करे क्योंकि सूबे की सरकार उनकी अनदेखी कर रही है। चाय बगीचों के मालिक मजदूरों को प्रोविडेंट फंड नहीं देते हैं, मिनिमम वेज नहीं देते हैं और दूसरी सुविधाएं भी नहीं देते हैं। मैं सरकार से आग्रह करूंगा कि चाय बगीचे के मजदूरों को बचाए जो कि आज मौत की कगार पर खड़े हैं।

HON. SPEAKER: Shri Md. Salim and Rajeev Satav you can associate with him.

श्री मोहम्मद सलीम और श्री राजीव सातव को श्री अधीर रंजन चौधरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

DR. P. VENUGOPAL (TIRUVALLUR): Madam Speaker, I would like make a submission regarding relief for floods in Tamil Nadu. I would like to bring to the notice of the Government the very heavy rainfall that entire Tamil Nadu is receiving, especially the four coastal districts of Tamil Nadu, namely, Cuddalore, Kancheepuram, Tiruvallur and Chennai which are badly affected.

The State as a whole received more than 480 mm of rainfall till 20$^{th}$ November this year which is higher than the total rainfall the State receives during the entire North East monsoon season which goes up to December every year.

For the last two days again another spell of heavy rainfall is occurring in Tamil Nadu. The State Government headed by our hon. Chief Minister, hon. Amma is taking all measures on war-footing to give immediate relief to the affected people. The hon. Chief Minister also has written a letter to the hon. Prime Minister on 23.11.2015 seeking immediate release of funds for extending relief measures. The hon. Chief Minister also has requested that a Central team be sent to Tamil Nadu to assess the damage caused by heavy rains. A Central team visited Tamil Nadu and I hope that by now it must have given its report also.

The hon. Chief Minister has requested for immediate release of Rs. 8481 crore as on 23.11.2015. On date the requirement of funds would be much more.

Hence I would like to request the Centre to release funds immediately to undertake relief and rescue operations.

Thank you.

HON. SPEAKER: Shrimati V. Satyabama is permitted to associate with the issue raised by Dr. P. Venugopal.

**श्री केशव प्रसाद मौर्य (फूलपुर):** महोदया, मैं उत्तर प्रदेश के अंदर ध्वस्त कानून व्यवस्था की ओर सदन का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के संसदीय क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के चुने हुए पार्षद श्री शिवसेठ की हत्या कर दी गई। मेरे जनपद इलाहाबाद में भारतीय जनता पार्टी की समर्थित जिला पंचायत की सदस्य के पति की 21 दिनों के अंदर हत्या कर दी गई।...(व्यवधान) उत्तर प्रदेश के अंदर मेरे जनपद में ही एक बाहुबली पूर्व सांसद ... *ने कसारी-मसारी के अंदर बुलडोजर लेकर पुलिस और प्रशासन को धत्ता बताते हुए कई मकानों को ढहाने का काम किया।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** किसी का नाम रिकार्ड में नहीं जाएगा।

...(व्यवधान)

**श्री केशव प्रसाद मौर्य :** महोदया, इसकी जांच कराई गई और इस जांच के बाद भी दोषी पर कार्रवाई नहीं हुई। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त होती गई।...(व्यवधान) वहां सुरक्षा नहीं है। मैं सदन के माध्यम से अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग करता हूं। भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक सप्ताह से ऐसी ही घटनाओं के विरोध में काशी में धरना दिया जा रहा है। एक सप्ताह हो गया है लेकिन एक भी अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उनकी गिरफ्तारी न होने का कारण है कि उन्हें प्रदेश सरकार में बैठे लोगों का संरक्षण प्राप्त है।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप बैठ जाएं, आपने अपनी बात कह दी है।

...(व्यवधान)

**श्री केशव प्रसाद मौर्य :** महोदया, आप मेरी पूरी बात सुन लीजिए। मेरे संसदीय क्षेत्र में इलाहबाद विश्वविद्यालय है। वहां छात्र संघ के कार्यक्रम का उद्‌घाटन था। वहां अन्य लोगों को आने से रोका गया था लेकिन मेरे संसदीय क्षेत्र में वहां की पुलिस ने मुझे जाने से रोका। मैं अपने क्षेत्र के लोगों की समस्याएं नहीं सुन सकता। मेरे विशेषाधिकारों का भी हनन किया गया है। उत्तर प्रदेश की पुलिस, उत्तर प्रदेश का प्रशासन, उत्तर प्रदेश का शासन जनहित विरोधी है और जनता की किसी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। मैं

* Not recorded

सदन के माध्यम से प्रदेश सरकार को बर्खास्त करने, अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने और मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग करता हूं।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री भैरों प्रसाद मिश्र और कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल को श्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**12.40 hours**

## MATTERS UNDER RULE 377 – LAID*

HON. SPEAKER: Hon. Members, the Matters under Rule 377 shall be laid on the Table of the House. Members who have been permitted to raise matters under Rule 377 today and are desirous of laying them, may personally hand over text of the matter at the Table of the House within 20 minutes. Only those matters shall be treated as laid for which text of the matter has been received at the Table within the stipulated time and the rest will be treated as lapsed.

* Treated as laid on the Table.

## (i) Need to rename Taj Express Train (Agra-Jhansi) as Laxmi Bai Express.

**श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) :** वर्तमान में हजरत निजामुद्दीन से आगरा होते हुए झांसी तक एक गाड़ी 'ताज एक्सप्रेस' का संचालन होता है जो 1964 में नई दिल्ली से आगरा के बीच शुरू की गई थी और इसीलए इसका नाम आगरा के ताजमहल के नाम पर 'ताज एक्सप्रेस' रखा गया था। फिर यह गाड़ी पहले ग्वालियर अब झांसी तक बढ़ाई गई। चूंकि अब इस गाड़ी का संचालन झांसी तक होता है और झांसी 'प्रथम स्वतंत्रता संग्राम' का एक महत्वपूर्ण केन्द्र बिंदु रहा है, जिसकी शुरूआत वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई ने की थी। इसलिए इसके नाम को महारानी लक्ष्मीबाई के नाम से जाना जाता है।

अतः मेरा माननीय रेलमंत्री जी से अनुरोध है कि ताज एक्सप्रेस का नाम झांसी की शान रानी लक्ष्मीबाई के नाम पर वीरांगना लक्ष्मीबाई एक्सप्रेस रखा जाए। यदि ऐसा हुआ तो बुंदेलखण्ड की जनता केंद्र सरकार की सदैव आभारी रहेगी।

## (ii) Need to take necessary steps to start work on construction of Barwadih-Chirimiri railway line project.

**श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा) :** चतरा लोक सभा क्षेत्र में आज़ादी से पूर्व बरवाडीह-चिरीमिरी रेलवे लाईन परियोजना प्रस्तावित थी। चिरीमिरी-बरवाडीह रेल लाइन द्वितीय विश्व युद्ध के समय 1935-36 में शुरू हुई थी। चिरीमिरी से अम्बिकापुर तक रेलवे लाइन बन चुकी है। बरवाडीह से अम्बिकापुर तक की यह परियोजना झारखंड के पलामू संभाग को छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग से जोड़ती है। जनजातीय बाहुल्य सरगुजा एवं झारखण्ड का क्षेत्र सीधे मुंबई-हावड़ा से जुड़ता है और अन्य मार्गों की अपेक्षा इस मार्ग से मुंबई-कोलकाता की दूरी सैंकड़ों किलोमीटर कम होगी। इस प्रोजेक्ट के लिए रेल बजट वर्ष 2013-14 तथा 2014-15 में 10-10 लाख रूपए आवंटित किया गया है तथा यह पहले से स्वीकृत प्रोजेक्ट है, मात्र गति प्रदान करने की आवश्यकता है। इसके लिए पुनः सैद्धांतिक एवं तकनीकी स्वीकृति, अन्य सहमति आदि बिंदुओं को उठाकर और ज्यादा समय लगाने की जानकारी मिल रही है।

बरवाडीह-चिरीमिरी रेल लाइन के संबंध में मेरे द्वारा लगातार विभाग के मंत्रियों एवं अधिकारियों और लोक सभा में विभिन्न नियमों के तहत ध्यान आकर्षित किया जाता रहा है। जैसे किः-

1. दिनांक 02.07.2014 को तत्कालीन रेल मंत्री को रेल भवन कार्यालय में झारखण्ड के सांसदों के प्रतिनिधि मंडल के साथ ज्ञापन दिया गया,
2. दिनांक 05.07.2014 को रेल बजट 2014-15 पर चर्चा के दौरान विषय को उठाया गया,
3. दिनांक 11.08.2014 को लोक सभा में नियम 377 में उठाया गया,
4. 17 एवं 18 अक्टूबर, 2014 को तत्कालीन रेल मंत्री के चतरा, झारखण्ड दौरे के दौरान रेलवे अधिकारियों से रिपोर्ट मांगकर इस योजना पर विस्तृत चर्चा हुई,
5. दिनांक 08.12.2014 को अतारांकित प्रश्न संख्या 2414 के माध्यम से,
6. दिनांक 15.12.2014 को अतारांकित प्रश्न संख्या 3451 के माध्यम से,
7. दिनांक 17.01.2015 को रेल मंत्री, रेल राज्य मंत्री तथा अध्यक्ष रेलवे बोर्ड को पत्र लिखा,
8. दिनांक 12.03.2015 को रेल बजट 2015-16 पर चर्चा के दौरान विषय को उठाया गया,
9. दिनांक 19.03.2015 को लोक सभा में नियम 377 के तहत विषय उठाया गया,
10. दिनांक 23.07.2015 को रेल भवन में रेलवे के अधिकारी से परियोजना पर चर्चा की गई तथा
11. दिनांक 26.08.2015 को रेल मंत्री को पत्र लिखकर जानकारी चाही गई।

आज़ादी के पूर्व से प्रस्तावित बरवाडीह-चिरीमिरी (अम्बिकापुर) रेलवे लाइन परियोजना के संबंध में अब तक हुई प्रगति रिपोर्ट से माननीय रेल मंत्री सदन को अवगत कराने का कष्ट करें। इसी तरह चतरा-गया रेलवे लाईन का भी 20 साल से काम चल रहा है, लेकिन ध्यान नहीं देने के कारण काम अधूरा पड़ा है। इन योजनाओं को शीघ्र पूरा करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाये जायें। साथ ही, यह भी अनुरोध है कि आगामी रेल बजट में इस योजना के निर्माण के लए आवश्यक पर्याप्त धन का आवंटन कर एक समय-सीमा में कार्य पूरा करवाया जाये।

**(iii)Need to frame new guidelines for recruitment to regular D category vacancies in Government, Semi-Government and Public Sector Undertakings.**

**SHRIMATI RAKSHATAI KHADSE (RAVER) :** Students specially from rural areas and small town area prefer to take the skill training through ITI which is a short duration course. It has been observed that in various Government, Semi Government and Public Sector Undertaking such as ordnance factory, railways etc., there is a regular practice to engage the ITI trained apprentice under the Apprentice act. Students prefer this route of apprenticeship to get early jobs and that too in a Government organisation. Recently some irregularities were detected in appointments at OLF Dehradun. In the recent past at ordnance factory Varangaon where some unknown culprits published the notification of recruitment and conducted written and practical examinations on the same line as the regular Government recruitment drive and even displayed the final selection list for 67 semi skilled industrial workers at the Gate. Almost every Ordnance Factory and such Government organisations has the history for the irregularities and wrong practices in recruitments specially under apprentice act and regular category D vacancies. I request the Minister concerned to lay down new guidelines to remove these lacunas and irregularities which lead to malpractice in the recruitment drives for regular category D vacancies. Moreover for apprentices and Category D recruitment, the local area candidates should be preferred for recruitment.

## (iv) Need to provide a rake point for transportation of fertilizers at Bhabhua road railway station in Kaimur district, Bihar.

**श्री छेदी पासवान (सासाराम) :** मेरे संसदीय क्षेत्र का कैमूर जिला (बिहार) कृषि के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है जहां उर्वरकों की बड़ी खपत होती है। कैमूर जिले में उर्वरक परिवहन का रेक प्वाइंट नहीं होने के कारण सासाराम से उर्वरक का परिवहन काफी खर्चीला एवं विलंबित होता है जिससे जिले के किसानों को ऊँची कीमत पर उर्वरक की खरीद करनी पड़ती है तथा समय पर उर्वरक की आपूर्ति भी नहीं हो पाती है। समय पर उर्वरकों की आपूर्ति नहीं होने से किसानों की खेती बुरी तरह से प्रभावित हो जाती है। उल्लेखनीय है कि भभुआ रोड स्टेशन पर पूर्व से ही भारतीय खाद्य निगम (एफ.सी.आई.) से संबंधित खाद्य सामग्री के परिवहन हेतु रेक प्वाइंट उपलब्ध है।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि रेलवे मंत्रालय एवं रसायन तथा उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार को कैमूर जिला में भभुआ रोड स्टेशन पर मोहनियॉं में उर्वरक परिवहन की रेक प्वाइंट बनाने हेतु निर्देशित करने की कृपा की जाए।

## (v) Need to provide full payment of relief funds to farmers in Banda and Chitrakoot districts of Uttar Pradesh.

**श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) :** मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चित्रकूट एवं बांदा (उत्तर प्रदेश) जिलों में अभी तक लगभग एक तिहाई किसानों को व एक चौथाई ग्रामों में पिछली केंद्र सरकार द्वारा दी गई राहत राशि को जिला प्रशासन द्वारा नहीं बांटा गया है। जिन किसानों को राहत राशि बांटी भी गयी है, उन्हें केवल 9 हज़ार रूपए प्रति हैक्टेयर के हिसाब से दिया गया है जबकि केंद्र सरकार द्वारा 13 हज़ार 500 रूपए प्रति हैक्टेयर दिया गया है। इसलिए फसल बीमा का पैसा भी सभी को नहीं दिया जा रहा है। बैंक कहते हैं कि बीमा कंपनी बता सकती है। बीमा कंपनी बैंक पर जिम्मेदारी डाल देती है। इस वर्ष सूखा पड़ गया है। किसान बहुत ही परेशान व हताश है।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि इस विषय पर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए राज्य सरकार व जिला प्रशासन को अविलंब किसानों का पिछला संपूर्ण पैसा व फसल बीमा का पैसा दिलाने हेतु निर्देश देने की कृपा की जाए।

## (vi) Need to release balance funds for development of Urban Infrastructure and Governance under Jawahar Lal Nehru National Urban Renewal Mission in Jaipur and Ajmer, Rajasthan.

**श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत (जोधपुर) :** भारत सरकार द्वारा जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण योजना के यू.आई.जी. घटक हेतु 12 परियोजनाएं, जिनकी कुल लागत 1083.74 करोड़ रूपए स्वीकृत है, जिसमें भारत सरकार की हिस्सा राशि 693.59 करोड़ रूपए है। भारत सरकार द्वारा जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण योजना के अंतर्गत मिशन शहरों में जयपुर एवं अजमेर पुष्कर को चयनित किया गया है। वर्तमान में 5 कार्य (4 जयपुर व 1 अजमेर) पूर्ण हो चुके हैं। शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जवाहर लाल नेहरू शहरी नवीकरण योजना के अंतर्गत अपूर्ण कार्यों को अमृत योजना में सम्मिलित करते हुए मार्च 2017 तक इन कार्यों को पूर्ण करने की स्वीकृति प्रदान की है। भारत सरकार ने इन अपूर्ण कार्यों हेतु 50 प्रतिशत केन्द्रीय सहायता राशि स्वीकृत की है। इस निर्णय से राज्य सरकार को 44.42 करोड़ रूपए कम प्राप्त होंगे। इससे इन कार्यों की प्रगति विपरीत रूप से प्रभावित होगी। यू.आई.जी. घटक की स्वीकृत परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता की स्वीकृति की राशि में से भारत सरकार ने दिनांक 26.07.2011, 31.03.2012 एवं 04.09.2013 को 10 प्रतिशत राशि रिफार्मस नहीं होने के कारण काट ली है। भारत सरकार को काटी हुई राशि (39.86 करोड़ रूपए) राज्य सरकार को शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु निवेदन किया जाए ताकि कार्य की प्रगति में रूकावट न हो।

एम.ओ.यू.डी., भारत सरकार द्वारा जो कार्य 31.03.2012 से पूर्व में स्वीकृत हुए हैं, उनकी अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता राशि 31.03.2014 के बाद जारी नहीं की जा रही है जिससे प्रगतिरत कार्यों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

अतः मेरा माननीय शहरी विकास मंत्री जी से अनुरोध है कि यू.आई.जी. परियोजनाओं के अंतर्गत लंबित बकाया राशि को अतिशीघ्र जारी करने की कृपा की जाए।

## (vii) Need to provide adequate irrigation facilities and seeds to farmers in Eastern Uttar Pradesh particulary in Sant Kabir nagar Parliamentary Constituency in the State.

**श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर) :** मेरे संसदीय क्षेत्र संत कबीर नगर (उत्तर प्रदेश) से लेकर पूरा पूर्वी उत्तर प्रदेश भयंकर सूखे की चपेट में है जिसके चलते खरीफ की फसल तो बर्बाद हुई अब रबी की फसल की बुवाई भी वर्षा न होने के कारण परेशानी का सबब बन रही है।

एक तो किसान सूखे की चपेट में है, दूसरी तरफ उन्नत बीजों के संकट का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में अगर तत्काल कदम नहीं उठाए गए और किसानों को राहत नहीं पहुंचायी गयी तो भविष्य में भारी खाद्यान्न संकट से इंकार नहीं किया जा सकता।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि इस ओर सरकार तत्काल ध्यान दें और सिंचाई की व्यवस्था करने के लिए विशेष कदम उठाए।

## (viii) Need to expedite construction of Lalitpur-Singrauli railway line.

**श्रीमती रीती पाठक (सीधी) :** मैं सीधी संसदीय क्षेत्र (मध्य प्रदेश) से संबंधित अत्यंत पुरानी रेल परियोजना ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन के निर्माण कार्य की गति, इसकी आवश्यकता व तात्कालिक समाधान के विषय पर ध्यान आकर्षित करना चाहती हूँ।

मेरे संसदीय क्षेत्र सीधी के लोग स्थानीय रेल व्यवस्था के अभाव में अपनी गुजर-बसर काफी कठिनाइयों से कर रहे हैं। इन्हें यदि दिल्ली अथवा भोपाल (जो सर्वाधिक आवश्यकता के केन्द्र हैं) की यात्रा करनी होती है तो ट्रेन पकड़ने नजदीक के रीवा रेलवे स्टेशन पर जाना पड़ता है जिसकी दूरी 90 किलोमीटर है। अगर दिल्ली की यात्रा किसी चिकित्सा या विभागीय कार्य के प्रयोजन से करनी पड़ती है तो एक दिन पूर्व पहुंचना पड़ता है क्योंकि रीवा से आनन्द विहार (दिल्ली) के लिए चलने वाली ट्रेन संख्या 12427/12428 अधिकांशतः काफी लेट रहती है। इन सभी नियमित समस्याओं के बाद भी क्षेत्र की जनता सीधी में रेलवे लाइन की उम्मीद लगाए हुए है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस परियोजना को द्रुतगति प्रदान करते हुए सिंगरौली छोर से भी कार्य चालू करवाने व सिंगरौली से नियमित दिल्ली व भोपाल के लिए ट्रेन चलवाने की कृपा करें।

## (ix) Need to provide financial assistance and put a moratorium on payment of loan by farmers in drought hit states particularly Jharkhand.

*श्री पी.पी. चौधरी (पाली) : भारत उदार देश है या नहीं, इस पर बहुत बड़ा विवाद उठाया जा सकता है। हमारी सभ्यता की प्रमुखता यह है कि इसमें अनेक समुदाय, दर्शनों और वैश्विक विचारों की एकता है। आज ही के दैनिक भास्कर समाचार पत्र में भारत घूमने आए विदेशियों के भारत को लेकर पूछे गए सवालों से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि भारत एक ऐसा देश है, जहॉं के लोग हर पल खुश रहते हैं और बहुत से जो जीवन देश सेवा में खपाने में विश्वास रखते हैं।

हमारा देश हिंदू, बौद्ध, जैन और सिक्ख धर्म, चार प्रधान वैश्विक धर्मों का जन्म स्थान है। यदि हमारी सभ्यता की प्रधान प्रवृत्तियों में सहिष्णुता और उदारता नहीं हुई होती तो यह संभव नहीं हो सकता था। आज के समय में यह प्रचारित किया जा रहा है कि यह सहिष्णुता नष्ट होती जा रही है। यदि यह सत्य है तो इसके उत्तरदायी कौन हैं? स्वतंत्रता के पश्चात् किसने हमारे देश का शासन संभाला था? स्वतंत्रता के पश्चात् लगभग 60 वर्षों तक कांग्रेस केंद्र में सत्ता में रही है और वही अधिकांश राज्यों में भी सत्ता में रही है। जो सहिष्णुता हमारी मातृभूमि की प्रवृत्तियों में आनुवांशिक रूप से गहरे ढंग से समा गई हो, वह सहिष्णुता क्या मोदी के डेढ़ वर्ष के शासन में नष्ट की जा सकती है? पिछले कई दशकों से कांग्रेस की वोट बैंक की राजनीति में सांप्रदायिकता एक आदर्श के रूप में रही है। साहित्यकारों और फिल्म निर्माताओं द्वारा पुरस्कारों और राष्ट्रीय सम्मानों को वापस कर देने की जो प्रवृत्ति हाल ही में देखने को मिल रही है उससे उन्हें प्रदान करने वाली संस्थाओं पर देशभर के नागरिकों का विश्वास समाप्त होता जा रहा है।

ये पुरस्कार उन लोगों को प्रदान किये जाते हैं जिन्होंने कला, संस्कृति व साहित्य द्वारा राष्ट्रीय जीवन को महत्वपूर्ण योगदान दिया हो। हाल ही में सम्पन्न कुछ विशेष घटनाओं पर राजनैतिक दृष्टि से विचार किया जाए तो यह बात स्पष्ट हो जाएगी कि उन लोगों ने उन्हें यह प्रश्न करने का दबाव डाला कि क्या उसके निर्णय राजनैतिक रूप से अभिभूत है या नहीं। यदि कलाकार उस व्यवस्था अथवा व्यक्तियों के प्रति भयानक नफरत के कारण उनका विरोध करने लगे तो सामाजिक क्षेत्र के लोग उनके उस विरोध पर प्रश्न लगाने के लिए बाध्य हो जाएंगे। वैसे तो उन संस्थाओं के सम्मान एवं समग्रता के विरूद्ध अपनी असहनीयता के कारण एक मत होकर कटु आवाज उठाने वाले लोगों की संख्या बढ़ जाने की वजह से प्रश्न चिन्ह नहीं लगा सकते, परंतु उनमें अवश्य ही कुछ अगुवा करने वाले लोग विद्यमान है। कुछ का सही मार्गदर्शन किया जाता है और कुछ का गलत मार्गदर्शन।

28 सितंबर, 2015 को दादरी में जो घटना घटी, उसमें गौमांस खाने और रखने के जुर्म के लिए आम जनता द्वारा एक व्यक्ति की पिटाई करने से उसकी मृत्यु हो गयी थी। नेतागण उस घटना स्थल पर

* Speech was laid on the Table.

गए, जिनमें कांग्रेस के उपाध्यक्ष राहुल गॉंधी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल, ऑल इण्डिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन के असदउद्दीन औवेसी और संघ के सांस्कृतिक मंत्री डॉ. महेश शर्मा आदि अनेक नेतागण शामिल थे। जहॉं डॉ. महेश शर्मा अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के प्रतिनिधि के रूप में वहॉं गए, बाकी सभी लोग घटना स्थल पर राजनीतिक करने गये थे।

दादरी में अल्पसंख्यक जाति के सदस्य को बिना कानूनी कार्यवाही के प्राण दण्ड देना एक बहुत ही दुःखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। ऐसे कार्य का कोई भी सही व्यक्ति न तो समर्थन कर सकता है और न ही विरोध किये बिना रह सकता है। ऐसी घटनाएं देश को बदनाम कर देती है। इस घटना के पश्चात् साहित्य अकादमी द्वारा दिये गये पुरस्कार वापस किये जा रहे हैं। कदाचित इन लेखकों की यह चेष्टा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलने वाली सरकार के प्रति विरोध को प्रतिबिंबित करती है। फलस्वरूप देश में असहशीनलता का वातावरण व्याप्त हो गया। साहित्य अकादमी पुरस्कार लौटाने वाले गुलाम नबी ख्याल और नयनतारा सहगल को क्या 1984 के सिख विरोधी दंगों, 2002 में जम्मू कश्मीर के रघुनाथ मन्दिर और कासिम नगर नरसंहारों या 1993 के मुंबई दंगों और 2008 में किसी तरह की असहिष्णुता नज़र नहीं आई। भारत में असहिष्णुता का आरोप लगाने वाले लेखक स्पष्ट रूप से वामपंथी-माओवादी विचारधारा के हैं। यह मिथ्या प्रचार है कि पुरस्कार लौटाने वाले लेखक उदारवादी है और उनका कोई वैचारिक झुकाव नहीं है।

किसी भी प्रकार की हिंसा की निंदा निश्चित रूप से की जानी चाहिए। दादरी की घटना भर्त्सना के योग्य ही हैं। किन्तु हमे याद रखना चाहिए कि भारत में पिछले 10 वर्षों में दलित महिलाओं और बच्चों के प्रति अमानवीय हिंसा की अनेक घटनाएं भी हुई हैं, दंगे भी हुए और लूटपाट भी हुई हैं। वामपंथी लेखकों ने उन्हें एक कदम हाशिये पर रखा और सोची-समझी राजनीतिक रणनीति के तहत पूरी बेशर्मी के साथ चुप रहे। इस रणनीति का जाल दुनिया भर में है। भारत में असहिष्णुता की गहराई और उसके विस्तार पर देशव्यापी सार्वजनिक बहस होने दी जाए। ऐसी बहसों को दबाकर भारत में बढ़ती सहिष्णुता का वर्तमान तर्क वास्तव में एक राजनीतिक एजेंडा है, जो राष्ट्रवाद के प्रति बैर भाव का परिणाम है।

अंत में, मैं इतना ही कहना चाहूँगा कि भारत की जनता समझदार है और मुझे विश्वास है कि वह इस विद्वेषपूर्ण प्रचार को समझेगी और यह देश उनको उचित उत्तर देगा। जनता विकास चाहती है और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ऐसी काई घटना घटित होते नहीं देखना चाहते, जिससे सरकार का ध्यान विकास से हट जाए।

*__श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) :__ आजकल एक शब्द बहुत चर्चा में है असहिष्णुता। विपक्ष का मानना है कि जब से केंद्र में मोदी सरकार आयी है तब से इस देश में असहिष्णुता बढ़ी है, मीडिया की ओर देखे तो वह भी यही कहती दिख रही है। आखिर क्या है यह असहिष्णुता? अगर व्याकरण के आधार पर इस शब्द का अर्थ निकला जाए तो सहनशीलता का अभाव जिसमें उत्पन्न हो जाता है वह असहिष्णु हो जाता है और जब से एन.डी.ए. की सरकार इस देश में आई है तब से कांग्रेस समेत पूरा विपक्ष इतना घबरा गया है कि वह सरकार को काम ही नहीं करने दे रहा, अब यदि भाषाई और प्रचलित आधार के मतलब से देखा जाए तो मोदी सरकार के आने के बाद सबसे ज्यादा असहिष्णु यदि कोई हुआ है तो वह कांग्रेस ही है। अब इस प्रकार की असहिष्णुता पर क्या कार्यवाही करनी चाहिए यह तो विपक्ष स्वयं निर्धारित करे। आज देश स्थिर राजग सरकार के नेतृत्व में विकास की ओर बढ़ रहा है जो विपक्ष और उसके सहयोगी संगठनों को हजम नहीं हो रहा है। अभी तक जिन तमाम मुद्दों पर विपक्ष ने सरकार को घेरने का प्रयास किया है वे तमाम मुद्दे या तो मीडिया द्वारा आधे सच और आधे झूठ से पैदा किये गये थे या फिर उनके लिए राज्य सरकारें दोषी थी। वे राज्य सरकारें जहां एन.डी.ए. और उसके घटक दल सरकार में है ही नहीं। फिर देश में बढ़ रही असहिष्णुता के लिए केंद्र को क्यों घेरा जा रहा है। सरकार विरोधी विपक्ष और उसके सहयोगी संगठन यह मुद्दे इसलिए उठा रहे हैं क्योंकि उन्हें अब तक न तो इस सरकार के काम में भ्रष्टाचार मिला और न ही किसी और मोर्चे पर सरकार की कोई कमजोर कड़ी, क्योंकि जब गलती है ही नहीं तो मिलेगी कहां से। मैं देश को बताना चाहता हूँ कि जब से प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनी है तब से न तो केंद्र में भ्रष्टों को जगह मिली और न ही सरकार ने कोई ऐसा काम किया है, जो इस देश या सवा सौ करोड़ देशवासियों के खिलाफ हो।

यह तमाम विरोध दरअसल सत्ता सुख से दूर उन लोगों को व्यक्तिगत कष्ट है जो बड़े-बड़े पदों पर बैठक जनता के पैसों पर मजे करके वी.आई.पी. कल्चर के आदी हो गए थे। यह कांग्रेस की रणनीति है कि उसने हमेशा जनता के पैसे से तमाम लोगों को लॉलीपॉप दी है। यह तमाम अवार्ड वापस करने वाले लेखक कांग्रेस सरकार में अकादमियों और समितियों के सदस्य और अध्यक्ष पद पर रह कर मजे कर रहे थे। जब भाजपा सत्ता में आई उसने यह कल्चर खत्म कर दिया और यही रार आज असहिष्णुता बन गई है। मुझे खुशी होती कि जब विपक्ष संसद में अशिक्षा, आतंकवाद, महिला सुरक्षा और विकास जैसे विषयों को मुद्दा बनाता। जनता की बात करता मगर इस विपक्ष ने राजनीतिक गरिमा का सम्मान किये बिना ऐसे मुद्दे उछाले हैं जिनका लोक महत्व अशिक्षा, आतंकवाद, महिला सुरक्षा और विकास जैसे मुद्दों के सामने है ही नहीं। इस

---

* Speech was laid on the Table.

सदन में विपक्ष के लोग भी जनता द्वारा ही यहां भेजे गये हैं यह किसी परिवार या पार्टी की कृपा नहीं इसलिए इस सदन में बैठे प्रत्येक सदस्य को चाहिए कि वह देश और जनता को पहली प्राथमिकता प्रदान करे न कि ऐसे मुद्दों को जिनका कोई औचित्य है ही नहीं।

*श्री मुकेश राजपूत (फरूर्खाबाद) : मई 2014 में जब से माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एन.डी.ए. की सरकार बनी है तब से देश में तथाकथित असहिष्णुता का कृत्रिम वातावरण बनाया जा रहा है। आज दर्जनों लेखक, कलाकार और जाने माने बुद्धिजीवी अपने राष्ट्रीय पुरस्कार लौटा रहे हैं, कथित माहौल का झूठा शोर मचाने वाले क्या यह बता सकते हैं कि जब डी.आई.आर. मीसा लगी थी लोगों के मौलिक अधिकार भी छीन लिए गए थे तब क्या असहिष्णुता नहीं थी और जब 1984 में भारत की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी की हत्या हुई थी उसकी प्रतिक्रिया स्वरूप 3800 से ज्यादा सिक्खों की हत्या हुई थी तब क्यों नहीं पुरस्कार, सम्मान लौटाए क्या तब असहिष्णुता नहीं थी? जब फिल्मों में काम पाने के लिए युसुफ खान को दिलीप कुमार बनना पड़ा था।

आजकल कुछ दिनों से सहिष्णुता-असहिष्णुता को पत्र-पत्रिकाओं में काफी जगह मिल रही है, यह दो शब्द बहुत पुराने है और यह एक चिर निरंतर प्रक्रिया है, चाहे सास-बहु के झगड़े के टीवी सीरियल हो जिसमें सहिष्णु घर में कभी सास पर असहिष्णु व्यवहार होता है तो कभी बहू अपने पति से सास के असहिष्णु रवैये से धमकी देती है और चाहे फिल्मों में काम पाने के लिए युसुफ खान को भी दिलीप कुमार बनना पड़ता है, लेकिन तब चर्चा नहीं हुई और जब एक आतंकवादी के जनाजे में मुंबई में हज़ारों की भीड़ पहुॅंचती है तो भारतवर्ष से प्रेम करने वाले करोड़ो भारतीय नागरिकों के सहिष्णु व्यवहार पर किसी सेलिब्रिटी को ऐतराज नहीं हुआ।

किसी मसले पर कोई क्या सोचता है इस पर किसी का वश नहीं है सबको अपने हिसाब से अपनी सोच-समझ विकसित करने और राय बनाने का अधिकार है। इस लोकतांत्रिक देश में हर किसी को अपनी राय व्यक्त करने का अधिकार है, यह अधिकार आम आदमी को भी है और नेता-अभिनेता सभी भी है। लेकिन ऐसा करते समय शायद वह यह जानबूझकर भूल जाता है कि उनके कहने का क्या और कैसा असर समाज पर होगा। वह न केवल देश में असहिष्णुता बढ़ने के कुछ खास लोगों के दावे पर मुहर लगाते हैं। बल्कि लोग अपनी पत्नी के एक विचित्र कथन का हवाला देकर उसकी गंभीरता भी रेखांकित करते है, शायद ही ऐसा कोई व्यक्ति हो जिसकी पत्नी कभी न कभी अपने घर परिवार में असहिष्णुता की शिकायत अपने पति से न करती हो। कभी सासु मॉं की वजह से तो कभी ननद,देवर, देवरानी आदि की वजह से घर छोड़ने की बात करती है तो क्या हम उनके इस भय के कारण देश छोड़ दें और छोड़कर कौन से देश जाए, क्या बात की गारंटी है कि वहॉं ऐसा कुछ भी नहीं होगा या नहीं होता है। देश छोड़ना कोई मामूली बात नहीं है यह एक अपार्टमेंट से दूसरे अपार्टमेंट में शिफ्ट होने जैसा भी नहीं है। पत्नी की बात का ढोल पीटने

* Speech was laid on the Table.

वाले पहले यह समझ ले कि वे कौन लोग हैं, जिनके सामने सचमुच देश छोड़कर जाने की नौबत आ गई है। वे सीरिया और इराक के लोग हैं, वे पाकिस्तान और बांग्लादेश के अल्पसंख्यक भी है, क्या देश छोड़ने वाले लोग अपने को उसी दशा में पा रहे हैं जिन हालातों में इराक, सीरिया के वाशिंदे या फिर पाकिस्तान, बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हैं। यदि लोग अपनी पत्नी की आड़ में अपनी कुंठित सोच का परिचय नहीं दे तो फिर इस नतीजे पर पहुॅंचने के अलावा और कोई उपाय नहीं है कि उनका अपना कोई खास एजेंडा है और उसके तहत देश को बदनाम करने से भी नहीं चूकते।

मैं यह भी बताना चाहता हूॅं कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में गठित सरकार में एक भी कोई  बड़ी सांप्रदायिक हिंसा की घटना नहीं हुई जैसा कि पिछली सरकारों में होती थी, देश पहले से ज्यादा सहिष्णु हुआ है। मोदी जी की सरकार बनने के बाद भले ही असहिष्णुता को लेकर शोर बढ़ गया हो लेकिन अगर आंकड़ों को देंखे तो तस्वीर एक दम उलट दिखाई देती है। मोदी सरकार मई 2014 में सत्ता में आई, 2013 में 823 सांप्रदायिक हिंसा की घटनाओं की तुलनाओं में 2014 में केवल 644 ही घटनाएं दर्ज की गई वही इस वर्ष अक्टूबर तक मात्र 603 ही हिंसक झड़पें हुई है। साहित्य के माध्यम से विभिन्न धर्म, जाति, संप्रदाय के लोगों को राष्ट्र की एकता को एक सूत्र में पिरोने का एक अत्यंत गौरवशाली प्रयास किया गया। आज कुछ बुद्धीजीवियों द्वारा असहिष्णुता का बयान देकर असहज स्थिति पैदा की जा रही है। अगर कुछ समस्याएं हैं तो मिल-बैठकर समाधान करना चाहिए। आज राजनीति सत्ता का विरोध और बचाव की कार्यशैली बनती जा रही है, जबकि समस्याओं के समाधान की तरफ सोचना कोसो दूर है, जरूरत है इनसे दूर रहकर राष्ट्र को प्रगति पथ पर ले जाने की।

अतः यदि किसी को यह लग रहा है कि देश में असहिष्णुता बढ़ रही है, उस अमुक व्यक्ति के साथ ऐसी कौन सी घटना हुई इसकी निष्पक्ष जांच करायी जाये। इस देश में रहने वाला कोई  भी नागरिक चाहे वो किसी भी धर्म, मज़हब का हो सभी के साथ एक जैसा व्यवहार होना चाहिए और यदि किसी के अंदर कोई भय या छदमय भय हो तो उसकी भी जांच कराकर भय दूर किया जाये और यदि कोई देश में अराजकता फैलाने के उद्देश्य से यह प्रपंच फैला रहा हो तो उसके विरूद्ध भी जांच कराकर कार्यवाही करनी चाहिए, जिससे कि इस देश की गंगा जमुनी तहजीब को किसी की नज़र न लगे। राजनीतिक रूप से निर्वासित लोगों द्वारा इस वक्त की जा रही असहिष्णुता की बात गले नहीं उतरेगी, सच तो यह है कि कथित असहिष्णुता की बात खोखली और मूर्खतापूर्ण लगती है।

SHRIMATI SUPRIYA SULE (BARAMATI): Sir, I thank you very much. It is really an irony of history when we look back at this debate, we will definitely wonder that we were discussing the Constitution Day for two days and immediately after that, we are discussing Intolerance in India. I think, that is really a strange happening. With great disappointment, I stand here to participate in this debate.

India is going through a lot of challenges. When the mandate for this Government came, we all hoped that we are looking for a developed India. But today if you read any newspaper or watch any channel, actually we are looking at a divided India. It may be at the superficial level, but it still exists in everybody's mind. There are very serious concerns from various sections of society. There is a debate today on tolerance and intolerance. Every society in the world has tolerance and intolerance. I appreciate the statement of the hon. Home Minister when he started the debate by saying that let us not make it political, let us really talk about people who have suffered and find solutions for it. I am grateful that he is present here today. I would definitely like to say that I represent and come from a State which is suffering of intolerance. Intolerance does not have to necessarily mean blood shed and death, like it unfortunately happened in Uttar Pradesh. In Maharashtra, we are very proud of our tradition. We come from an exceptionally modern State which gave direction to bring change in this nation whether it was women's rights, whether it was *Dalit's* rights. We do not just talk about Mahatma Jyotiba Phule, Ambedkarji in speeches. But they have really brought a social reform and they have given direction to this country for decades in India. We are very proud of our heritage.

But the unfortunate part today in Maharashtra is that everything that has happened in my State, which I must say that I am ashamed of. We travel the entire country. The first question people ask me today is that अरे, तुम्हारे महाराष्ट्र में क्या हो रहा है? The reason being, what happened to Shri Sudeendra Kulkarniji? I may not agree with all his ideologies. I have objection to the word 'tolerate'. Why do we

have to tolerate each other? Why can we not co-exist together where we hear each other, it does not matter if one is right or wrong, whether we believe it or not. Just because you and me disagree, it does not mean that you are an enemy and I have to tolerate you. I think I have objection to the basic idea of tolerate and intolerate. What happened to Shri Sudeendra Kulkarniji was not only something which ashamed me. That programme is appreciated and attended by all across party lines in Delhi but there is a problem in Mumbai. Nobody makes an intervention in it. We have a young Maharashtra Chief Minister. What is he really doing for it? That is my personal disappointment.

I agree that…… (*Interruptions*) I have no love lost for cricket. My grandfather played cricket and I am very proud of it and that is where my interest lasts. But anyway, at social level what happens in BCCI is totally condemnable. The other thing that happens is cancellation of music programme. People from all over the world come to perform. I think music and languages have no culture; they bind the entire world together. After the cancellation, the hon. Chief Minister intervened and said, 'I will give you protection.' If he had that opportunity, why did he not go ahead and attend the show to prove a point that, 'yes, in my State, I will not let this happen.' He gives very mixed signal. So, the whole point is, this entire mandate that he has got … (*Interruptions*) I tell you one thing about power. When we are ordinary citizens, we can say whatever we want. But when we are elected representatives, we represent people and there is a certain decorum in Parliament when we come here, especially when we are debating intolerance, I think especially people who are in power … (*Interruptions*) Sir, this is where my objection is. Whoever heads the country and leads the country, is the father figure of the country and he is like the head of the family. When one is head of family, there are three ways of looking at it. I look at it when I look at my children. If my children do something wrong, if I participate उस कृति में सहभाग कर रही हूं। अगर सहभाग नहीं कर रही हूं, कुछ बोलूं नहीं तो उसे कहते हैं, अनुमोदन कर रही हूं। अगर मैं मौन रहूं तो भी आप बोलेंगे, गलती तुम्हारी है, तुम मां हो, तुमने कुछ क्यों नहीं कहा?

This is my objection to the Government. The hon. Home Minister is very patiently listening here. Why can all his Members not listen? This is the problem with this party. … (*Interruptions*) This is the crux of the problem. Their senior leadership is entirely divided. That gives me pain. … (*Interruptions*) I appreciate what Shri Kiran Rijiju said. I was listening very patiently yesterday to what Meenakshi Lekhi said. She is a good friend of mine. I appreciate that she has really studied a lot and come here. This entire discussion is not whether beef is banned or who banned it or not. That is not the question. Even if it is banned and whoever banned it, we have objections. We may have differences on it. I appreciate that Shri Kiran Rijiju got up and clarified that he has no objection; each one should eat whatever one likes and live in whichever State one lives in. I represent Maharashtra. In Maharashtra it is banned, but in Goa it is not banned. So, Maharashtrians can go to Goa and eat it, which is also fine with us. But what really happens in this banning is that when they all make such progressive statements- Arunji makes progressive statement- there are people in the party who say, this is what it is. आप कृति में भाग में नहीं लेते शायद अनुमोदन भी नहीं करते, लेकिन जब मौन रखते हैं, then it gives us that it is a game going on here.

There is an English saying; there is a good cop and a bad cop. So, some play good cop and some play bad cop. So, what is really the clean agenda of this Government? I think this is the time you really need to rise to the occasion and tell the nation that this is an opportunity that you have to clean up everything. … (*Interruptions*) This is an opportunity for them because they keep talking about Smart Cities. We are happy if you are making all our cities smart. We are very happy if you are making India digital. But do the issues like beef ban and *ghar wapasi* really come in Digital India and modern India that you keep dreaming of? You take us on this beautiful dream; you took this whole nation on the dream. I think the time has come when you put your heart to where your mouth is and really deliver the results that you are committed to. I think you really need to introspect because it is not about just returning. This is not the first time that

literary people are returning awards. If in one go so many awards are coming back, at least rethink what it is. What Shri Jaidev Galla said in his speech is partially right and partially wrong. He said in his speech that if there is a Government in the State and a Government in the Centre, how is the Government in the Centre responsible for law and order? If the same Government is in the Centre – of BJP or anybody – and also in the State of Maharashtra which is also BJP, who do I turn to? When I want to look for my rights and all these wrong things are happening in my State, who do I turn to? Both are of the same party. When you say, it is only a State subject, it is not only a State subject; when they come back to the Centre for help for everything, why are you not addressing this issue especially when their own colleagues are constantly talking about it? So, that is the answer I am looking for. … (*Interruptions*)

Shri Rajnath Singh, I am looking for help from you. You said, 'Give me solutions'. My solution is, 'Please tell your Members of Parliament and your respected Ministers to think before they talk.' That is the only solution. If they stop talking, we would not need this debate. … (*Interruptions*) It is not only about the society. वह कहां जाएगा? देश छोड़कर वह बेचारा कहां जाएगा? He really works hard for two square meals and put his children through education for a better life. There are these two film actors whose contribution to 'make in India' is very good. So, let us not run down Shah Rukh Khan and Aamir Khan. They have contributed substantially globally for India.

Why does it have to be somebody glamorous to make such news? Even if it is a common person, I think we owe it to those people. If they are feeling insecure, it is your duty because you are in a position of power and it is your job to do it. So, I take this opportunity to just remind them.

Another thing which is constantly coming up in various speeches is the death of various people. It is very important. Whether it is Shri Dhabolkar, Shri Pansare or Shri Kalburgi, they are all very liberal three sons of this soil. They were definitely attacked by some format which is of intolerance. Mostly what happens

is, there is a group called the Sanatan Sanstha in Maharashtra which endlessly talks. Shri Ashok Chavan has been Chief Minister of Maharashtra. He knows how much trouble this ideology costs. They all worked on it. It went even to the Central Government. So, I urge Shri Rajnath Singh to find out what is in the file on Sanatan Sanstha. They keep threatening noble and modern people in Maharashtra. They write letters to them. Unfortunately no action so far has been taken. My only urge is that two wrongs do not make a right. … (*Interruptions*)

SHRI KIREN RIJIJU: You are asking the Home Minister to clarify on the Sanatan Sanstha. The file which we have gone through clearly states that the then Home Minister Shri Chidambaram had categorically stated in the file that there is no reason to ban that Sanstha. So, this is the decision of the then Home Minister. You cannot throw the ball in our court. … (*Interruptions*)

SHRIMATI SUPRIYA SULE: You are the Government now. … (*Interruptions*)

SHRI KIREN RIJIJU: They have filed an affidavit in the court also.

HON. DEPUTY SPEAKER: Order please.

… (*Interruptions*)

SHRIMATI SUPRIYA SULE: This means, everything we did was right and they will follow the same rules. Thank you, Shri Rijiju. This means, you are reassuring that everything that our Home Minister did was right. Thanks for the compliments! So, just follow the same track.

These are the issues. It is not an issue whether they were in Government or we were in Government. When something goes wrong, it takes a lot of conviction and courage to say that even if I was in the helm of affairs what happened was wrong. We admitted it. When Shri Dhabolkar was shot, our Government took the ownership and said it was wrong and we will do everything that we can. We even reached out to the Home Ministry at the Centre and asked them to help us to find out who these killers were. I take this opportunity to ask you to please look into what happened to Shri Pansare and Shri Kalburgi because these are really important sons of the soil who we have lost for intolerance. I am not saying

whether they are associated with you or us or anybody else. These are very serious issues.

Even about the awards, so much has been said. When the Gujarat riots happened, Shri Vajpayee was at the helm of affairs here. Nothing was returned there because people were sure and confident that the man at the helm of affairs at the Centre was a liberal man. That is what India is looking for. … (*Interruptions*) I agree, you will have a greener India and a cleaner India but if it is not safe for me as a woman, we are not looking for that. I am speaking here as a woman. Whether for temple entry or some *puja*, some new trend has started. It was probably there but it was not boiling. So, do not stir the pot that does not need to be. Let me tell you one thing that we are looking for a model. You all keep saying: '*Sabka Sath Sabka Vikas*'. Even we women want to be in that '*Sath*'. These are great slogans.… (*Interruptions*) Haryana has just done this.

I think, Sir, the time has come to rise to the occasion. Let us not get into petty politics. We have very many other issues. What my earlier speaker has said is true. There are mal-nutritional challenges, education challenges and health-care challenges. I would urge the hon. Rajnath Singh ji and make just one request, to make sure that his Ministers do not talk out of context and hurt anybody's emotion. That is not what they are elected for. They took oath on the Constitution. If you are having these debates on Constitution, at least read it and follow it. That is all our suggestion. Thank you, Sir.

*SHRIMATI BUTTA RENUKA (KURNOOL) :** It is well known fact India has a rich heritage and history and every Indian is really proud of this. We respect idea of pluralism, multi ethnicity, multi-culture and what not and have always taken a pole position as far as human values and cultural ethos is concerned. Since time immemorial India has welcomed people from different parts of the world belonging to different religions, creeds, strata and languages who have made India their home and became an integral part of the Indian society.

With such a rich heritage and background it is painful to hear some voices projecting India as an intolerant country. This, I feel, will severely affect our image and impact our economic development.

I personally feel the intolerance is more to do with one's bias to opinions of the others and it will be unfair to extend this is a historically tolerant society and nation of ours. Media also has to play a constructive role in protecting the incidents rightly rather than making them sensational which will badly project us to the outside world. Magnifying trivialities has to be stopped forth with. Even political parties must stop taking political mileage out of the rare occurrences, if any, which need to be condemned with hardest possible words. Narrow partisan political gains should not compromise the idea of India. Instead, we should give confidence to the people by addressing the concerns of the affected segments of the society.

The world is shrinking day by day and the geographical and other barriers like religion, caste, creed and language are becoming thinner and thinner and the narrow minded attitude has to be given up to be an important player in the world. Already the world has recognized India as a force to reckon with in all respects. Today we are proud that many of our people

---

* Speech was laid on the Table.

have attained the status of eminence holding leadership positions in institutions of international repute, be it Microsoft, Google, Pepsi and many more.

I am sure you would agree with me when I say that the tolerance levels have gone up when compared to say the early years of independence. This is because of the education and exposure to world of different beliefs and migration that is happening across the world. We still need to strengthen the process of educating people to be tolerant of other beliefs and this will definitely happen with the movement of people across the world looking for opportunities. But this is a slow process.

The need of the hour is to instill confidence to those segments of the society who are vulnerable and perceive a threat of intolerance especially the minorities. This can be done in many ways the best being to involve them in the national mainstream, understand their concerns and address them. The government can play a proactive role in this regard. I am sure this government will rise to the occasion and take measures to combat this evil and send strong message across the world that India is a tolerant society since immemorial and continue to be so forever. The perception of the world about India has to be positive for us to become stronger in all respects. I am sure that we all have a role to play as this emotive issue affects all of us in present day and in long run.

*श्री देवजी एम. पटेल (जालौर) : आज देश में, विशेष रूप से मीडिया के माध्यम से यह दुष्प्रचार किया जारहा है कि जब से देश में मोदी जी की सरकार आई तब से असहिष्णुता अर्थात् इनटॉलरेंस को बढ़ावा मिला है। मैं यह पूछना चाहता हूँ कि क्या देश में किसी अल्पसंख्यक की पहली बार हत्या हुई है। क्या बहुसंख्यकों की हत्या नहीं होती। मैं पुरस्कार लौटाने वालों से पूछना चाहता हूँ कि जब 1984 में इंदिरा जी की हत्या के बाद बड़ी संख्या में हुए सिक्खों के कत्लेआम के समय देश में असहिष्णुता नहीं बढ़ी थी। क्या गोधरा हत्याकांड में निर्दोष हिंदुओं को जलाकर मार डालने में इनटॉलरेंस का कोई हाथ नहीं था। क्या नब्बे के दशक में कश्मीर से लाखों पण्डितों को मार-पीट कर भगाने में असहिष्णुता का कोई हाथ नहीं था। उस समय इन साहित्यकारों ने अपने पुरस्कार क्यों नहीं लौटाए थे।

देश के सुपर स्टार शाहरूख खान, जिन्हें देश की जनता ने अपन सिर माथे पर बैठाया, मान-सम्मान और वैभव प्रदान किया, वहीं शाहरूख खान आज कहते हैं कि देश में असहिष्णुता अपने चरम पर है। दूसरे सुपर स्टार आमिर खान का कहना है कि समाज में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। मैं इन लोगों से पूछना चाहता हूं कि क्या उनकी नज़र में दुनिया में कोई दूसरा देश ऐसा है जहां पूरी तरह धार्मिक स्वतंत्रता और बोलने की आज़ादी सभी लोगों को बिना किसी भेदभाव के उपलब्ध है। हमारे संविधान ने देश के सभी नागरिकों को पूरी धार्मिक आजादी से रहने का अधिकार प्रदान किया है।

बड़े कष्ट की बात है कि हमारी राष्ट्रीय अखंडता पर तरह-तरह के कुठाराघात प्रतिदिन की दर से होते हैं। क्या राष्ट्रीय हितों पर कुठाराघात अक्षम्य अपराध की श्रेणी में नहीं आता? यदि आता है तो ऐसे राष्ट्रद्रोहियों के लिए क्या सजा मुकर्रर है? राष्ट्रीय गीत का कतिपय लोगों द्वारा बार-बार अपमान किये जाने की घटनाओं ने हमारे लोकतंत्र को शर्मसार कर दिया है। संसद में सत्र स्थगित होने के दौरान वंदेमातरम की धुन बजते ही हमारे कुछ सहयोगी इतने अप्रसन्न होते हैं कि वे तत्काल संसद छोड़कर निकल जाते हैं। वे वंदेमातरम को अपने धर्म के खिलाफ मानते हैं। मैं तो यही कहूंगा कि वाकई वे बड़े विषम काल में जी रहे हैं, जहां देश से बड़ा धर्म माना जाने लगा है। क्या वाकई राष्ट्र से बड़ी अवधारणा धर्म की होती है? क्या हमारा देश धार्मिक गुरूओं के आदेशों से संचालित होने लगा है? यदि नहीं तो इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति क्या दर्शाती है? ऐसे राष्ट्रद्रोही लोग इस तरह के निंदनीय कृत्य बार-बार करने का दुस्साहस कैसे कर पाते हैं? फिर भी वे हमारे देश को असहिष्णु होने का दावा करते हैं। इस निंदनीय कृत्य के लिए अब तक किसी को भी किसी प्रकार की सजा नहीं दी गई थी। क्या यह देश की सहिष्णुता का प्रतीक नहीं है। जहां तक प्रश्न है वंदे मातरम गीत का तो इसकी किसी भी लाईन में किसी भी धर्म का मान या अपमान

---

* Speech was laid on the Table.

नहीं किया गया है। ये गीत हमारी मातृभूमि को हमारे नमन से जुड़ा है। ये गीत हमारी राष्ट्रीय अखंडता का प्रतीक है। ये गीत हमें हमारे  राष्ट्रीय धर्म का बोध कराता है। इस सब के बावजूद हमारी राष्ट्रीय भावनाओं पर कुठाराघात का दुस्साहस कैसे जुटा पाते हैं ये चरमपंथी? क्या यह हमारे देश की सहिष्णुता का प्रतीक नहीं है? बहरहाल वंदे मातरम का विरोध कोई नयी बात नहीं है। आज़ादी के पूर्व से ही इस तरह की अलगाववादी मानसिकता के लोग इस गीत पर विरोधी राग छेड़ते रहे हैं। यहां प्रश्न ऐसे व्यक्तियों के दुस्साहस का नहीं वरन् हमारे सेक्युलर कर्णधारों की नपुंसकता का है। धर्म निरपेक्षता के ठेकेदार इस मुद्दे पर जुबां खोलने से कतराते रहे हैं। इस सबके बावजूद मैं कह सकता हूँ कि राष्ट्र की अखंडता सदैव रही है और रहेगी। डॉ. अम्बेडकर ने जो चेतावनियां दी थीं- एक प्रजातंत्र में जन आंदोलनों का स्थान, करिश्माई नेताओं का अंधानुकरण और मात्र राजनीतिक प्रजातंत्र की सीमाएं- वे आज भी प्रांसगिक हैं। दो विपक्ष शासित राज्यों में अल्पसंख्यक वर्ग के दो व्यक्तियों की हत्या होने से केंद्र सरकार पर असहिष्णु होने के आरोप लगाए जा रहे हैं। सभी जानते हैं कि कानून व्यवस्था राज्य सरकार के अंतर्गत आता है। ऐसी स्थिति में राज्यों में हुई किन्हीं घटनाओं के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार कैसे ठहराया जा सकता है।

मेरे विचार से देश में कोई एक सांप्रदायिक घटना होना भी चिंता की बात है और सरकार को सतर्क हो जाना चाहिए। कतिपय असामाजिक तत्व समाज में आपसी सौहार्द को समाप्त करना चाहते हैं ताकि केंद्र सरकार को बदनाम किया जा सके। विविधता, सहिष्णुता और बहुलता भारत के मूल्यों में शुमार है और उन्हें मिटने नहीं दिया जा सकता। हम अपने देश के संस्कार नष्ट नहीं होने देंगे। हम सबको मिलजुल कर रहना होगा और सांस्कृतिक विविधता का ध्यान रखना होगा। हमें मिलजुल कर जनता को यह विश्वास दिलाना होगा कि वह सुरक्षित है और अपने मन की बात सार्वजनिक रूप से अभिव्यक्त कर सकते है- उसकी निजी स्वतंत्रता पर कट्टरवादियों का पहरा नहीं है। हमारी सरकार किसी भी तरह की सांप्रदायिक कट्टरता के सख्त खिलाफ है।

पहले भी दलितों पर अत्याचार होते रहे हैं और लेखकों की हत्याएं भी हुई हैं। आज कुछ क्षेत्रों में असहिष्णुता की वर्तमान स्थिति से कड़ाई से निपटना होगा। लेकिन इस बारे में न तो कोई धारणा तय की जानी चाहिए और न ही देश को गलत दृष्टि से पेश करने का प्रयास किया जाना चाहिए। सहिष्णुता संविधान का ही सम्मान है और इसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए। हमें दूसरों की धारणाओं और आस्थाओं का सम्मान करना चाहिए तथा आरोपों-प्रत्यारोपों से बचना चाहिए।

**श्री धर्मेन्द्र यादव (बदायूँ) :** उपाध्यक्ष महोदय, देश के अंदर धार्मिक असहिष्णुता पर सदन में चर्चा हो रही है। हमारे देश का गौरवशाली इतिहास और हमारे देश के महापुरुषों की गौरवशाली विचारधारा, जिस विचारधारा के दम पर चाहे जो भी धर्म देश के अंदर रहे हों, सभी के प्रति आपस में इतना प्रेम भाव, एक-दूसरे के लिए स्थान, एक-दूसरे के लिए सम्मान, एक-दूसरे की बात मानने का काम हुआ है। हमारे महापुरुष चाहे सूरदास हों, तुलसी जी हों, रहमान हों, रसखान हों हमारे देश में महापुरुषों का बहुत बड़ा इतिहास रहा है। देश के समाज में बहुत-सी कुरीतियां भी रहीं। समय-समय पर उन कुरीतियों को राजा राम मोहन राय साहब, स्वामी दयानंद सरस्वती से लेकर खुसरो तक बहुत सारे महापुरुषों ने दूर करने का काम किया है।

महोदय, जब हमारा देश परतंत्र था, देश में स्वतंत्रता का आंदोलन चल रहा था, उस समय स्वतंत्रता की लड़ाई में किसी ने यह नहीं देखा कि हम किसी हिंदू के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं या मुसलमान के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं, बल्कि हिंदू और मुसलमानों ने मिलकर देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी थी। हमने संविधान पर हुई चर्चा में गृह मंत्री जी का बयान सुना था। बाबा साहब के योगदान की चर्चा की गई। हम गृह मंत्री जी की बात से सहमत हैं कि उन्होंने बहुत कष्ट झेले थे, लेकिन फिर भी उन्होंने कभी देश छोड़ने की बात नहीं कही थी। लेकिन गृह मंत्री जी हम इस बात पर भी शर्मिंदा हैं कि उस समय धर्म के जो ठेकेदार थे, उन ठेकेदारों की जो कुरीतियां थीं, जो दलितों के प्रति भाव था, उससे त्रस्त हो कर बाबा साहब ने हिंदू धर्म छोड़ कर बौद्ध धर्म अपनाने का काम किया था। आप इस सच्चाई को नकार नहीं सकते हैं। चाहे उस समय का दौर रहा हो या आज का दौर है, जो फरीदाबाद में घटना हुई है जिसमें हमारे दलित भाई-बहनों, बच्चों की हत्या हुई है। उन हत्याओं पर आपके मंत्री का बयान आता है, इस बारे में सुप्रिया जी ने भी कहा है, गृह मंत्री जी इस पर भी आपका जवाब आना चाहिए और आपके मंत्रियों पर आपका कंट्रोल होना चाहिए। यह मामूली घटना नहीं है। इस देश में कभी मंदिर आंदोलन को लेकर, कभी धारा-370 को लेकर, कभी किसी न किसी मुद्दे को लेकर देश के अल्पसंख्यकों को हमेशा डराने का, धमकाने का, भयभीत करने का प्रयास हुआ है। कभी घर वापिसी के नाम पर, कभी लव-जेहाद के नाम पर क्या-क्या घटनाएं इस देश में नहीं हुई हैं, यह आपसे छुपा नहीं है।

महोदय, आपसे यह भी छुपा नहीं होगा कि किस तरह दादरी की घटना हुई। घटना के लिए लोग कहते हैं कि प्रदेश की सरकार जिम्मेदार है। आपके माध्यम से भारत सरकार के मंत्री का इस घटना पर जो वक्तव्य आया है, वह मैं सदन और देश के सामने रखना चाहता हूं। जब अख्लाक के साथ दादरी के अंदर अन्याय हुआ, तो वहां के सांसद जो भारत सरकार में मंत्री भी हैं, शर्मा जी का बयान आया कि" आपने

देखा होगा कि जब गौ हत्या की फुसफुसाहट होती है तो लोग, मीडिया और सभी गौ-प्रेमी दौड़ पड़ते है और अख्लाक की घटना उसकी प्रतिक्रिया थी। आप कहते हैं कि कानून व्यवस्था राज्य का काम है। देश के मंत्री जा कर कानून व्यवस्था को बिगाड़ने का काम करें। मैं रिकार्ड में यह बात कह रहा हूं। वहां के सांसद और मंत्री जवाब दें। उनकी लोक सभा का भी मामला है। मैं हवा में बात नहीं करता हूं। देश में केंद्र के मंत्री जनता को भड़काने का काम करते हैं।

**15.00 hours**

देश के केन्द्र के मंत्री जाकर भड़काने का काम करते हैं। यही नहीं, आगे उस भीड़ के बारे में कहते हैं, आप कहते हैं कि साबित हो जाएगा, बीजेपी के नहीं थे। क्या कहा आपके मंत्री ने, कि दानिश, जो अख़लाक के बेटे हैं, और जिसको गंभीर चोटें आई थीं, उसकी चोटों से ऐसा प्रतीत नहीं होता कि भीड़ उसकी जान लेना चाहती थी। ये श्री महेश शर्मा जी के वक्तव्य हैं कि भीड़ का इरादा पीट-पीटकर हत्या करने का नहीं था। ये प्रमाण दे रहे हैं, दानिश के लिए, जो अख़लाक के बेटे हैं। देश के मंत्री कानून-व्यवस्था की बात करते हैं। यदि कानून-व्यवस्था प्रदेश का सवाल है, तो जो 10 मुजरिमों पर, जिनके नाम दर्ज किये गये, उनको जेल में भेजने का काम उत्तर प्रदेश की सरकार ने कर दिया। लेकिन, आज जब असहिष्णुता पर चर्चा हो रही है, तो मैं आपके माध्यम से देश की सरकार से कहना चाहता हूँ कि जहाँ हर नागरिक की जिम्मेदारी है, पर जो सदन में बड़े पदों पर बैठे लोग हैं, उनकी और बड़ी जिम्मेदारी बनती है, इसलिए आज इस मौके पर मैं श्रीमती सुप्रिया जी की बहुत सारी बातों से सहमत हूँ। बहुत सारी लड़ाइयाँ लड़नी हैं, देश के सामने बहुत सारी चुनौतियाँ हैं। हम चाहते हैं कि इंटॉलरेंस उनके प्रति हो, इंटॉलरेंस गरीबी के प्रति हो, हम चाहते हैं इंटॉलरेंस बेरोज़गारी के प्रति हो, हम चाहते हैं कि किसानों के सामने जो संकट हैं, उनके लिए हमारा इंटॉलरेंस होना चाहिए। लेकिन, हमारे देश की सरकार देश को कौन-सी दिशा देने जा रही है, आज सदन में इस बात पर भी चिन्तन होगा, यह बात भी आनी चाहिए।

एक नहीं अनेक घटनाएँ हैं। जिस तरह से, मैं समझता हूँ कि यह देश के इतिहास में पहली बार हुआ है कि जब एक नहीं, दो नहीं, लगभग 45 लोगों ने, अपने जीवन की तपस्या के बाद, पूरे जीवन की मेहनत के बाद लोग सम्मान पाते हैं, पद्मश्री पाते हैं और तमाम तरह के पदक पाते हैं, यह कोई मामूली बात नहीं है, उनके दिल के दर्द का अहसास कर लीजिए कि आखिर अपने पूरे जीवन की साधना-तपस्या को वे आज क्यों वापस कर रहे हैं? देश के बुद्धिजीवियों की बात को जब-जब नज़रअंदाज किया गया, ...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: Please, you address the chair.

...(व्यवधान)

**श्री धर्मेन्द्र यादव:** वे कोई समाजवादी पार्टी के नेता नहीं हैं। …(व्यवधान) देश के बुद्धिजीवी, साहित्यकार, वैज्ञानिक…(व्यवधान) मेरी आवाज बहुत तेज है, आप इनकी चिन्ता न कीजिए दादा। …(व्यवधान) हम भले ही संख्या में कम हों, लेकिन इनके लिए बहुत हैं।…(व्यवधान)

साहित्यकार अपना सम्मान लौटा रहे हैं, वैज्ञानिक अपना सम्मान लौटा रहे हैं, …(व्यवधान) कलाकार लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, यह कोई मामूली बात नहीं है। …(व्यवधान) क्या फ़र्क पड़ता है गुलाम अली जी को, मुम्बई में आपकी सरकार थी, आपने कार्यक्रम नहीं करने दिया, मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को बधाई देता हूँ, उन्होंने तीसरे ही दिन लखनऊ में गुलाम अली को बुलाकर सम्मानित करने का काम किया। यह है हमारे हिन्दू-मुस्लिम की गंगा-ज़मुनी तहज़ीब। …(व्यवधान) हम बात करते हैं गांधी जी की। गांधी जी के सफाई अभियान को आपने स्वीकार किया, जिसका हम अनुसरण कर रहे हैं। इसके लिए हम आपको धन्यवाद देते हैं। लेकिन असहिष्णुता के लिए गांधी जी ने क्या नहीं किया, क्या आपने इतिहास नहीं पढ़ा है? क्या आपको इस बात का अहसास नहीं है कि गांधी जी ने इस देश के अंदर क्या-क्या नहीं किया है? जब देश को आजादी मिल रही थी, 15 अगस्त, 1947 को जहाँ हम भारत का तिरंगा फहरा रहे थे, वहीं गांधी जी देश की असहिष्णुता के लिए बंगाल में लड़ने का काम कर रहे थे। हम चाहते हैं कि आप गांधी जी की उन बातों को भी स्वीकार करें। गांधी जी की केवल सफाई की बात के लिए, और वो भी सफाई कितने बाद, आज मैं कहना चाहता कि माननीय गृह मंत्री जी, जो लोगों की सोच है, आप कितना भी झाड़ू लगा लें, लेकिन जो कत्लेआम और दंगों का जो खून है, वह कभी झाड़ू से नहीं छूटेगा, यह मैं इस सदन के अंदर कहना चाहता हूँ। यह है कत्लेआम, गुजरात से लेकर, राम मंदिर के आंदोलन से लेकर, बाबरी मस्जिद के शहादत के नाम पर किसके समय आपने कत्लेआम को बढ़ावा नहीं दिया। आज आप बात करते हैं कि आप लोग सहिष्णु हैं। इसलिए समाजवादी पार्टी इन सब घटनाओं की पुरजोर निन्दा भी करती है और आपके माध्यम से मैं देश की सरकार से कहना चाहता हूँ कि लड़ाई लड़िए गरीबी के लिए, लड़ाई लड़िए बेरोजगारी की, लड़ाई लड़िए किसानों की समस्यों की, लड़ाई लड़िए बुनकरों की समस्याओं की, हम समाजवादी लोग आपका साथ देंगे। लेकिन, यह लड़ाई आप लोग नहीं लड़ेंगे। यह लड़ाई आप नहीं लड़ना चाहते हैं। हमारे आदरणीय नेताजी कहते हैं कि कई मुँह हैं, कोई उदारवादी चेहरा बना लेगा और कोई कट्टरपंथी चेहरा बना लेगा। जब कट्टरपंथी के रूप में बोल देगा, तो कह देंगे कि हमारी पार्टी से कोई मतलब ही नहीं है। ये सब चीजें अगर देश के अंदर होंगी, तो निश्चित रूप से यह बहुत चिन्ता का विषय है। इसलिए मैं आपके माध्यम से इस सरकार से और गृह मंत्री जी से कहना चाहता हूँ, हम लोगों के सामने

बहुत-सी चुनौतियाँ हैं, देश के सामने संकट है, कृपा करके उनका मुकाबला करके देश को आगे ले जाने का प्रयास कीजिए।

यदि आपका कोई मंत्री कुछ कहेगा, कोई मंत्री रामजादे की बात करेगा, कोई मंत्री जाकर दादरी में लोगों को भड़काने का काम करेगा, कोई मंत्री दलितों का अपमान करेगा, अगर भारत सरकार की ओर से इस तरह के वक्तव्य आएंगे तो हिन्दुस्तान का समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार को चेताना चाहता हूं। …(व्यवधान) बहुत सारी बातें हैं।…(व्यवधान) असहिष्णुता पर बोलूंगा, क्यों नहीं बोलूंगा।…(व्यवधान) पार्टी ने मौका दिया है, बोलूंगा।…(व्यवधान) पहले मैं बोलना चाहता हूं कि महामहिम राष्ट्रपति जी ने…(व्यवधान) यह समाजवादी पार्टी नहीं कह रही, देश के महामहिम राष्ट्रपति, जिनको हमने, आपने, हम सबने मिलकर देश के सर्वोच्च पद पर पहुंचाया है, ने एक बार नहीं, कई बार इस बात पर चिन्ता व्यक्त की है कि देश के अंदर असहिष्णु माहौल बढ़ रहा है और इस पर कंट्रोल करना चाहिए। मैं समझता हूं कि आप अगर राष्ट्रपति महोदय की बात मानने को तैयार नहीं हैं, राष्ट्रपति जी का सम्मान करने को तैयार नहीं हैं, तब तो फिर भगवान ही मालिक है। मैं नहीं समझता है कि देश के अंदर किसी भी नागरिक को यह हक है कि महामहिम राष्ट्रपति की भावना को, उनके सम्मान को ठेस पहुंचाए। महामहिम राष्ट्रपति ने इसके बारे में कहा।…(व्यवधान) देश में एक नहीं, अगर मैं उनके नाम और उनके बयान पढ़ना शुरू करूंगा तो तमाम विद्वानों ने, साहित्यकारों, लेखकों, वैज्ञानिकों एवं कलाकारों ने क्या-क्या नहीं कहा। कुलबुर्गी साहब की चर्चा की गयी,…(व्यवधान) आजम साहब इस सदन के सदस्य नहीं हैं और जिस सदन के वह सदस्य हैं, वहां आपके लोग जवाब नहीं दे पाते हैं।…(व्यवधान) वहां आपके लोग आजम साहब का जवाब नहीं दे पाते हैं।…(व्यवधान) वहां जवाब नहीं दे पाओंगे।…(व्यवधान) मेरी एक आपत्ति और है, आज सुबह गृहमंत्री जी एक सवाल के जवाब पर चर्चा कर रहे थे, उस समय कहा जा रहा था कि कानून-व्यवस्था राज्य का विषय है। उसके बाद सदन के अंदर राज्य की चर्चाएं भी होंगी और चर्चाओं के बाद हम लोगों को जवाब देने का भी मौका नहीं मिलेगा। दिल्ली से सरकार के मंत्री लोग जाकर कानून-व्यवस्था बिगाड़ेंगे। इनकी यह चित-पट, ऊपर-नीचे सब बराबर नहीं हो सकती है, कोई न कोई एक रास्ता लेना होगा।…(व्यवधान) हम खोलेंगे नहीं, मौर्या जी चुप बैठिए। …(व्यवधान) बनारस के सभासद की हत्या क्यों हुई, किन्होंने की, किस कारण से की, आपको भी पता है, मैं इस सदन में बोलना नहीं चाहता हूं ऐसी अशोभनीय बातें।…(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय, इस मौके पर मैं कहना चाहता हूं कि लगातार उत्तर प्रदेश को…(व्यवधान) उत्तर प्रदेश के अंदर …(व्यवधान) शानदार तरीके से उत्तर प्रदेश की सरकार चल रही है। जिस पर्यावरण की चिंता की बात कर रहे हैं, प्रधानमंत्री जी पेरिस गए हैं, मैं प्रधानमंत्री जी से कहूंगा कि जलवायू के लिए पेरिस न

जाइए, उत्तर प्रदेश में आइए, वहां उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने एक दिन में साढ़े दस लाख पेड़ लगाकर जलवायु के संरक्षण का काम किया है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में उत्तर प्रदेश का नाम मुख्यमंत्री जी ने दर्ज करा दिया है। एक नहीं अनेक मुद्दों पर, ...(व्यवधान) स्वच्छता के मुद्दे पर, ग्रीन के नाम पर...(व्यवधान) सड़कों के नाम पर, बिजली के नाम पर उत्तर प्रदेश की सरकार ने जो काम करके दिखा दिए हैं, हिन्दुस्तान की कोई सरकार नहीं कर पाई है।

उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, पार्टी ने और आदरणीय नेता जी ने मुझे मौका दिया, मैं आप सभी को धन्यवाद देते हुए फिर से एक बार प्रधानमंत्री जी से अपील करूंगा कि गरीबी के खिलाफ, बेरोजगारी के खिलाफ, भुखमरी के खिलाफ, किसानों की समस्याओं के खिलाफ यदि आप इनटॉलरेंस करेंगे तो जरूर हम सभी को खुशी होगी और हम सभी का सहयोग मिलेगा, लेकिन अगर धार्मिक असहिष्णुता करेंगे तो हिन्दुस्तान, गंगा-जमुनी तहजीब को मानने वाला यह देश कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। इसी भावना के साथ आपको धन्यवाद देता हूं।

***KUMARI SHOBHA KARANDLAJE (UDUPI CHIKMAGALUR) :** I find the Congress party's charge against the BJP and the Centre of fomenting intolerance as a sinister design to divert the attention of the people of the country from the development agenda being pursued by our beloved Prime Minister Shri Narendra Modiji.

The Congress party has nothing to boast of during its last one decade of its rule; all that the Congress had was a number of multi-crore scam. And now unable to digest the victory of the BJP with a comfortable majority in the 2014 elections and unable to digest the success of the Modi-led government in its remarkable performance, the Congress party has resorted to this tolerance and intolerance debate.

I charge the Congress party to 'manufacturing' this non-existent issue for its selfish ends with the help of a few pseudo-secular writers and a few pseudo-intellectuals. I also charge that it is the Congress that has exhibited its better intolerance in the history of Independent India.

Today, the Congress party shouts from roof-tops about its love and respect for Dr. Babasaheb Ambedkar. But what was the attitude of the Congress towards Dr. Ambedkar when he contested the 1952 general elections from Bombay-North Constituency? The Congress opposed Dr. Ambedkar in that elections; Congress candidate Narayana Karjolkar won against Ambedkar.

My direct charge is that Congress is a hypocritic party; it is a party of double-standards.

Now let me come to the recent history to buttress my argument that the Congress is the most intolerant party in the history of India.

The year 1984, was a year of great tragedy on two counts; one, the Centre was forced to send Army into Golden Temple at Amritsar to flush out the Khalistan militants; two, it resulted in the assassination of the then Prime Minister Smt. Indira Gandhi; it was a tragedy of manifold dimension. But what was the

---

* Speech was laid on the Table.

response of the Congress leader who succeeded Mrs. Indira Gandhi to her assassination? ".......Haa.....Yes.....When a big tree falls to the ground, it is bound to create some disturbance...." This was said by Rajiv Gandhi. It is on record in the media.

Can anybody make such a statement? Was it not intolerance of the highest level coming from the highest leader of the country? Thousands of Sikh brethren were killed; Rajiv Gandhi justified it by saying that "when a big tree falls, it is bound to create disturbance". If this is not intolerance, then what should we call it? The Congress leaders must look at their back and ponder whether they have apologized to this catastrophe unleashed by their workers.

Next, thousands of Kashmiri pundits were killed; driven out of their homes in the valley; women and girls were raped. Today Kashmiri pundits have become refugees in their own motherland.

Where were these great sensitive and sensible Congress leaders when Kashmiri Pandits were being massacred? Why there was no award wapsi by these pseudo-intellectuals and pseudo-secular writers?

Do they mean to say that the lives of Hindus are cheap, dispensable and not worth to be commented? Is this not hypocrisy? Is this not double-standard? Is this not the forked-tongue language of the Congress?

What moral right the Congress has to speak on the 'manufactured' intolerance in the country with the help of pseudo-intellectuals and pseudo-secular writers?

Going by the facts that I have explained above, I once again reiterate that it is the Congress which is the most intolerant party in the country; the Congress has a vested interest in pursuing this non-existent issue;

There is no intolerance in our society throughout the country. Intolerance is in the minds of the so-called intellectuals, pseudo-secular writers because they cannot get pay, perks, accommodation and cozy positions in government bodies any more under Modi Ji's regime;

It is my charge that these pseudo-intellectuals and pseudo-secular writers have an ulterior motive to defame the BJP-led NDA government. It is also my charge that it is an international conspiracy to malign the nationalist government headed by Modi ji.

The Congress party, which is ideologically bankrupt and politically in-effective, has tagged on to these discredited writers to keep itself relevant. It is a shame on the 130-year old Congress to ride piggy back on these pseudo-secular intellectuals and writers for its political survival.

***SHRIMATI APARUPA PODDAR (ARAMBAG) :** India is a country of unity in diversity, but the rise of intolerance is a cause of worry and a threat of India's Global image. Recently many voices are being heard from different capital cities in India about growing intolerance in Indian Society. It leads to physical violence, threat to life, whenever acts of intolerance occur. Every media is debating on the rising intolerance and the decreasing liberal space.

The Prime Minister received mandate in May 2014 by the slogan of development for all, and in just over 1 & ½ year the development slogan is not seen and incidents of divisiveness is spreading. The Union Government seems to have run out of steam in a very short time.

Communal incidents in India are on the rise and loss of valuable human life is a great concern. According to records of Home Ministry, 630 communal incidents have so far taken place till October this year. The BJP Government has not yet taken any firm steps and the Prime Minister has apparently remained silent on the issue. There is encouragement of Anti-Muslim propaganda like Ghar Wapsi, Love Jihad and communal hatred, "If you don't like it here, you can go to Pakistan."

The issue of religious conversion is debatable in India. Dalits and other low-caste Hindus and Tribals, earlier known as untouchables, have converted to Islam or Christianity mainly to escape crushing caste injustice and oppression. The Architect of the Constitution, Dr. B.R. Ambedkar, born a Dalit, converted to Buddhism to escape caste-oppression in Hinduism.

There was violence in Atali village in Ballabhgarh in May, 2015 where a disputed Mosque was burnt down and 400 Muslims in the village were forced to flee. Renowned writer, Professor and Research Scholar Dr. M.M. Kalburgi was shot dead for his views on idol worship and Hindu rituals on 30th August, 2015. Mr. Babulal Gaur, Home Minister, Madhya Pradesh said rape is a social crime which is sometimes right and sometimes wrong and Government cannot ensure

---

* Speech was laid on the Table.

that women do not get raped. MoS Niranjan Jyoti said people have to decide whether Delhi will get a government of those born of Ram or those born illegitimately.

The Brutal Murder of a Muslim man in Dadri in September, 2014 under the suspicions of having slaughtered a cow was a disgraceful communal incident. The irresponsible and controversial comments by Union Ministers, BJP MPs and MLAs raised shock over Indian Nationals.

आज आवश्यकता है कि असहिष्णुता विषय पर राजनीति न करते हुए, सकारात्मक कदमों के साथ, देश व उसके नागरिकों के विकास की चिंता करें ।

PROF. SUGATA BOSE (JADAVPUR): Madam, Speaker, the word intolerance is a mere euphemism for a wave of unreason, injustice and inhumanity that has been unleashed across our country during the last few months.

My friend, Mr. Venugopal has already given a comprehensive catalogue of the incidents that have taken place. So, I will not repeat that catalogue. In order to confront the challenges that face our country today, a powerful message needs to go out from this Lok Sabha, the House of the People that reason *(aql)* will be our only torch, justice *(insaf)* our only worship and humanity *(insaniyat)* our only religion. As the minorities face the cold winds of exclusion from the powers that be today, it is pertinent to recall what Dr. Ambedkar said on the question of minority protection while introducing the draft Constitution on November 4th, 1948. I will quote only one of the most important sentences from that historic speech: 'It is for the majority to realize its duty not to discriminate against minorities.'

Whatever might be Rajnath Singh *ji's* reservation about the term 'secularism', its use or misuse, will he as the Home Minister at least perform this duty enjoined on us by the architect of our Constitution. If we wish to truly honour the lead author of our Constitution on his 125th Birth Anniversary, let us pledge today collectively never to make our minorities feel insure in this great land of ours.

Had the hon. Speaker allowed this humble historian to say a few words in the discussion on the Constitution, I would have just said something about the concept of constitutional morality that our Home Minister referred to towards the ends of his speech. Dr. Ambedkar invoked the concept of constitutional morality described by Grote, the Historian of Greece as: 'A paramount reverence for the forms of the Constitution, enforcing obedience to authority acting under and within these forms yet combined with the habit of open speech and unrestrained censure of those very authorities as to all their public acts'.

Constitutional morality, Dr. Ambedkar told us, is not a natural sentiment. It has to be cultivated and the people have to learn it. He followed up this contention with a debatable proposition. He said : "Democracy in India is only a top-dressing on an Indian soil, which is essentially undemocratic." In today's climate, who knows, some would probably label him unpatriotic or anti-national for having said so. But if we are a mature democracy, we will ponder over his remark and embrace the value of constitutional morality as respect for forms and processes that enable us to negotiate and then rise above differences, differences which Grote described or characterised as 'the bitterness of party contest'. This Lok Sabha needs to transcend the bitterness of party contest.

In the course of the Constituent Assembly debates, Zairul-Hassan Lari pointed out that constitutional morality was a value that not just citizens but also the Government must learn. The spirit underlying the Constitution and not just the words must guide the Government. When will this Government begin to appreciate that it can learn much more from the criticism of its opponents than from the eulogy of its supporters? I urge this Government to listen to the voices of our most brilliant thinkers, writers, historians, scientists, artists and activists and not let loose their hounds in the social media on them whenever they express their concern or anguish. Do not be sarcastic about them by calling them our wonderful intellectuals.

To be absolutely clear, we are not saying that India is intolerant. We are saying that followers, supporters and even some Members of this Government are spreading a virulent form of prejudice and bigotry. The refusal to unequivocally condemn and take exemplary action against the offenders on the part of the leader of this Government must be seen as out of sync with the concept and the value of constitutional morality. Our poet Kazi Nazrul Islam had sung *Hindu na ora Muslim oi jigyashe kon jan, Kandari balo dubichhe manush santan mor Ma'r*. The duty of the captain of a ship is to treat his passengers in crisis equally as human-beings, as children of the mother.

Intolerance is bad, Madam Speaker, but tolerance is not good enough. I agree with Shrimati Supriya Sule : Should we just be tolerating one another? No, that is not my idea of India. We have to aspire for something much higher. We must cultivate the value of cultural intimacy, *saanskritik sannidhya*, among our diverse communities. That was the foundation of Netaji Subhash Chandra Bose's political philosophy. He said to the Maharashtra Provincial Conference as early as 1928 "Democracy is by no means a Western institution; it is a human institution." He wanted to see a federal republic of India after independence. He warned Indians not to become a queer mixture of political democrats and social conservatives. He spoke in unequivocal terms about building political democracy on the pedestal of a democratic society. He spoke about not just the depressed classes, the working classes but also the women of India. He regretted that different communities in India were too exclusive. 'Fanaticism is the greatest thorn in the path of cultural intimacy,' he told his audience, 'and there is no better remedy for fanaticism than secular and scientific education.' That was the first occasion Subhas Chandra Bose used the term 'secular'. For him, secularism was not hostile to religion or religiously informed cultural differences, but he felt that it could help foster cultural intimacy, *saanskritik sannidhya* among India's diverse religious communities.

Madam Speaker, a few days ago, I saw a beautiful photograph of our Prime Minister paying homage to Netaji and the noble martyrs of the Indian National Army in Singapore. Our Chief Minister, Mamata Banerjee, had offered her tribute during her visit to Singapore last year. Who were these martyrs? They were Hindu, Muslim, Sikh and Christian soldiers who dined together before they went to war together, and their blood mingled in the battlefields around Imphal and Kohima so that India may be free.

The original martyrs' memorial had been blown up by Mountbatten's forces. The Singapore Government, very generously, built a new memorial 50 years later in 1995. What was the name of the INA officer who had built the original martyrs' memorial? His name was Cyril John Stracey. He was a wonderful Christian and an Anglo-Indian officer of the INA, and the motto of INA '*Itmad, Ittefaq, Kurbani*' was emblazoned on the memorial.

On 16-17 January of 2016 we, in Kolkata, will be observing the 75th Anniversary of Netaji's '*Mahanishkraman*', that is, his great escape from India. Sisir Kumar Bose drove him out from Kolkata, but who received him in Peshawar? His name was Mian Akbar Shah, a great freedom fighter of the North-West Frontier Province. Who was Netaji's only Indian companion on the perilous submarine voyage from Europe to Asia that took 90 days? His name was Abid Hassan from the Hyderabad Deccan. Who was the commander of the First Division of the INA which fought in India's North-East? His name was Muhammad Zaman Kiani. Who hoisted the Indian tri-colour in Moirang near Imphal in 1944? His name was Shaukat Malik. Who was Netaji's only Indian companion on his final flight in 1945? His name was Habibur Rahman. What were the names of the three officers who were put on trial at the Red Fort 70 years ago? Their names were Prem Kumar Sahgal, Gurbaksh Singh Dhillon, and Shah Nawaz Khan.

We have observed an Anniversary of the Constitution and the Birth Anniversary of Dr. B. R. Ambedkar. I think that we ought to be observing the 70th Anniversary of the Red Fort trials that began on 5th November 1945 and ended on 31st December 1945, and these three men were sentenced to deportation for life, but the British could not implement that sentence. In those days, you will remember, Madam Speaker, … (*Interruptions*)

PROF. SAUGATA ROY (DUM DUM): No, she was also not born.

PROF. SUGATA BOSE: Or the older generation will certainly remember that there was a slogan : "लालकिले से आए आवाज सहगल, ढिल्लन, शाहनवाज।"

**माननीय अध्यक्ष :** हिस्ट्री में पढ़ते तो हैं।

...(व्यवधान)

PROF. SUGATA BOSE : Mahatma Gandhi visited the INA prisoners in the Red Fort and he was told that in the INA they recognized no differences of creed or religion, but here the British are serving us Hindu tea and, Muslim tea separately. So, Mahatma Gandhi asked : "Why do you suffer it?" and the reply came : "No, we do not. We mix Hindu tea and Muslim tea exactly half and half and then serve. The same with food". We have to rekindle that spirit of the winter of 1945 in India today.

Madam Speaker, our fight against intolerance is essentially a fight against unreason, injustice and inhumanity. In conclusion, let me make a fervent appeal concerning a sensitive issue that has led to a tragic loss of lives in recent months. We do, of course, have Article 48 as part of the many Directive Principles of the State on the subject of agriculture and animal husbandry urging steps for prohibiting the slaughter of cows. Yesterday, Shrimati Lekhi made a reference to this Directive Principle in the course of her fiery speech. But it cannot, under any circumstances, be used as a sordid pretext to take precious human life. Dr. Ambedkar would have been horrified to see this happen.

In my maiden speech delivered in June 2014 I had mourned the death of Mohsin Sheikh, the computer engineer in Pune. This happened days after the new Government took power. Today, I mourn the death of Muhammad Akhlaque and others who have been victims in recent months of the poison of religious hatred. In the name of bygone generations that have welded the Indian people into a nation, I invoke the noble meaning of the word '*akhlaque*'. What does '*akhlaque*' mean? It means ethics, and I urge those who hold the reins of power in our country today,

especially, our Prime Minister and our Home Minister, Shri Rajnath Singh, to uphold the fundamental right to life and liberty of all our citizens and abide by '*akhlaque*', the ethics of good governance that have informed the very best of Indian political thought and practice through the ages. Thank you, Madam Speaker.

*__श्री केशव प्रसाद मौर्य (फूलपुर):__ नियम 193 के अंतर्गत असहिष्णुता के संबंध में विपक्ष द्वारा रखे गए प्रस्ताव का मैं प्रबल विरोध करते हुए कहना चाहता हूँ कि माननीय नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलने वाली सरकार में सबका साथ सबका विकास के संकल्प के साथ भारत विश्व बिरादरी में प्रथम स्थान की ओर तेजी से बढ़ रहा है । मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले कांग्रेस सहित विपक्षी दल केन्द्र सरकार के द्वारा किए जा रहे कार्यों और जनता के समर्थन को देखकर के भयभीत हैं और योजनाबद्ध तरीके से देश का माहौल खराब करने के लिए तथाकथित पुरस्कार प्राप्त ऐसे दलों के समर्थक रहे लोगों से पुरस्कारों की वापसी कराने का काम किया जा रहा है । जिसकी मैं कड़ी आलोचना करता हूँ और देश के वातावरण को खराब करने का प्रयास करने वालों को जनता सबक सिखायेगी । मैं यह भी कहना चाहता हूँ कि उत्तर प्रदेश के दादरी कांड, जैसी दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गोरक्षा का केन्द्रीय कानून बनाकर गोहत्या करने वालों को फांसी का प्रावधान किया जाए तथा श्री रामजन्म भूमि जो देश विदेश के कोटि-कोटि रामभक्तों की आस्था का केन्द्र है । भव्य मंदिर निर्माण के लिए भी केन्द्रीय कानून बना दिया जाए और देश में बांग्लादेशी घुसपैठी जो करोड़ों की संख्या में हैं और मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों में उनके नाम मतदाता सूचियों में ही नहीं डाले, बल्कि गरीबों को मिलने वाली हर सुविधा का अधिकारी बना दिया गया है । मैं मांग करता हूँ कि ऐसे घुसपैठियों को तत्काल मताधिकार से वंचित करने का अभियान चलाया जाए और इन्हें वापस बांग्लादेश भेजने की कार्यवाही की जाए । 1984 के दंगे, भागलपुर और मुजफ्फरनगर व कश्मीर से हिन्दुओं को निकाल बाहर किये गये यह सभी घटना काँग्रेस और यूपीए सरकार के समय की हैं, आतंकवाद के दमन की जगह कांग्रेस ने संरक्षण किया है । देश की एकता अखण्डता बनाये रखने में भाजपा ने संघर्ष किया है ।

उत्तर प्रदेश की सरकार अपनी सरकारी योजनाओं के माध्यम से भेद-भाव पैदा करते हुए जहां कब्रिस्तान की जमीनों की बाउंड्री बनाने के लिए धनराशि आवंटित की जाती है वहीं श्मशान स्थलों के लिए एक पैसा भी नहीं दे रही है । मुस्लिम कन्याओं को दसवीं पास करने के बाद सरकारी खजाने से अनुदान दिया जाता है, परंतु गरीब से गरीब हिंदू बेटियों को भी नहीं दिया जाता हे ।

उत्तर प्रदेश में जब दादरी में अखलाक की हत्या हो जाती है तो 45 लाख मुआवजा और कुंडा के पुलिस अधीक्षक की हत्या होती है तो पचास-पचास लाख के दो मुआवजे दिये गये और दो व्यक्तियों को

---

* Speech was laid on the Table.

नौकरियां दी गई । जबकि ऐसी अन्य घटनाओं में पांच लाख ही दिया गया है । यह माहौल खराब करने का काम उत्तर प्रदेश की सरकार कर रही है ।मैं विपक्ष द्वारा रखे गये असहिष्णुता के प्रस्ताव का विरोध करता हूं और केन्द्र सरकार के द्वारा देश में सहिष्णुता बनाये रखने के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना करता हूं ।

*श्री दिलीपकुमार मनसुखलाल गांधी (अहमदनगर) : संविधान पूरे राष्ट्र की सम्मिलित अभिव्यक्ति है। जब कोई सरकार शपथ लेकर सत्ता में आती है तो संवैधानिक व्यवस्था को स्वीकार करके ही आती है। इसलिए असहिष्णुता का दूर-दूर तक कोई संबंध ही नहीं होता। संविधान के दायरे में रहकर किसी भी सरकार ने देश के गणमान्य को पुरस्कार से सम्मानित किया हो, उसे मिला हुआ पुरस्कार संवैधानिक होता है। उनकी क्षमता पर मैं सवाल उठाना नहीं चाहता लेकिन उन्होंने संविधान पढ़ा है या नहीं इस पर मैं जरूर सवाल उठाऊँगा। मुझे पूरा भरोसा है कि उन्होंने भारत का संविधान नहीं पढ़ा होगा। अगर ऐसा नहीं है तो वे सम्मानार्थी संविधान पर नोंक-झोंक करके सरकार के दिये हुए सम्मान का दायित्व निभाने के कर्त्तव्य से दूर भाग रहे हैं। तब ऐसा सम्मान देने वाली सरकार अपने गलत फैसले के दायित्व से कैसे बच सकती है। इस दलील को खारिज नहीं किया जा सकता कि विरोधी तत्व सरकार के विरूद्ध माहौल बना रहे हैं। लेकिन ऐसे विरोधी तत्व का उत्तर घटिया बयानबाजी कर नहीं दिया जाता। आदरणीय गृहमंत्री जी ने साफ शब्दों में देश के सभी तबकों को सुरक्षा का आश्वासन दिया है। आमिर खान या शाहरूख खान जैसे अभिनयपटु को करोड़ों रूपए किसी व्यक्ति ने तिज़ोरी से निकाल कर नहीं दिये। उन लोगों ने दिये जिन्होंने उनके अभिनय से अपना मनोरंजन किया और उनकी फिल्मों से भाईचारा और प्रेम का सबक सीखा। उनके प्रति अभिनयपटु को संवेदना जतानी चाहिए। लेकिन किसी के उकसाने पर वे लोग भारत छोड़ने की बात कह रहे हैं। ऐसी प्रवृत्ति देश की एकता और अखंडता पर खतरा पैदा कर सकती है। वे यह भूल गये हैं कि इस देश की कोख से ही हरगोविंद खुराना, अमर्त्यसेन, कल्पना चावला, सुनीता विलियम, जुबिन मेहता, डॉ. कोटनीस, डॉ. होमी जहॉंगीर भाभा, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जैसी महान हस्तियां आयी हैं, दिल लगाकर काम करने वाले शिल्पाकार, पसीना बहाने वाले श्रमिक आदि का विचार न करते हुए देश छोड़ने की बेहुदा सलाह देने वाले संविधान का मज़ाक उड़ा रहे हैं और देश की अप्रतिष्ठा कर रहे हैं और फर्जी देशभक्ति दिखाकर सरकार की सक्षमता पर सवालिया निशान लगा रहे हैं। ऐसी प्रवृत्तियों को उनकी जगह दिखायी तो देश में विरोधी तत्वों ने तो असहिष्णुता का माहौल खड़ा कर दिया, उसे करारा जवाब मिलेगा।

---

* Speech was laid on the Table.

HON. SPEAKER: The next speaker is Shri Radheshyam Biswas, who will get three minutes to speak. Now onwards, all the hon. Members will get only two or three minutes and I cannot help it.

SHRI RADHESHYAM BISWAS (KARIMGANJ): Madam, let me start with the fact that we got freedom because of the sacrifices made by the people of this country belonging to all castes and communities. They fought against the dictatorship and the colonial rule imposed by the British Government. Our forefathers continued the fight for years until the country got Independence on the 15th of August 1947. This was the time when they sat together and constituted a team led by Dr. B.R. Ambedkar to write a comprehensive Constitution for India, which provided equal rights and justice to all citizens of our country, which installed democracy and secularism in the country. Our Constitution gives us freedom of living, freedom of speech and freedom of choice in the personal life of every citizen of our country.

Today India is the largest democratic country in the world where people of different faiths, castes, creeds and colours are living together. I feel honoured to state here that our forefathers were protectors of unity in diversity in our country. They believed that the beauty of India lies in the fact that people of different faiths, classes and levels live together here. They made efforts to build a country in which they had given a slogan, "हिन्दू-मुस्लिम-सिख-इसाई आपस में सब भाई-भाई।" I am sorry to say or it seems that we have failed in fulfilling the duties entrusted by our forefathers.

Today a situation is arising in the country where people are living in fear and face intolerance in the name of religion and caste. This is an absolute threat to the spirit of unity in diversity. This is demolishing the dream set by Gandhi Ji for India and also demolishing the pillars of our Constitution compiled by Dr. Ambedkar. On seeing this situation that our country is passing through, the spirit of Dr. Ambedkar must be feeling hurt.

Today some people, who are respected leaders of political parties as well as State leaders, and even some Governors, have started speaking in a communal language. They have given a slogan that Hindustan is only for the Hindus, and the Muslims are free to go to Pakistan.

HON. SPEAKER: Your three minutes time is over, so please conclude now.

SHRI RADHESHYAM BISWAS: I will take only one minute more, Madam.

This trend of growing communal hatred is a matter of great concern. The Dadri incident was the result of such a communal hatred. The '*Ghar Wapsi*" campaign also has been built on the premise that those who live in India follow the 'Hindu' faith and those who have converted to other faiths have strayed. The most surprising thing is that when some people protest against these rising incidents of intolerance, instead of listening to their voice and solving their problems, they are blamed to be agents of the Opposition parties, and even they are advised to leave the country and go to Pakistan.

HON. SPEAKER: Your time is over.

SHRI RADHESHYAM BISWAS: I am concluding now, Madam. If some people speak against the frightful environment in the country, then, instead of understanding their pain, they are being labeled as anti-national, while forgetting their contribution for the country. Therefore, the Government needs to act promptly against those who are responsible for this. It cannot walk free by blaming the State Governments rather it has to monitor the situation. Thank you.

*DR. BOORA NARSAIAH GOUD (BHONGIR): Tolerance is in the DNA and the blood of every Indian and Indian culture. Today, we are unfortunately discussing the "Topic of Intolerance" and I wish it should have been "Tolerant India". How best we can strengthen it. "Isolated Incidents" are happening, but we political parties, media identified with one or other party lines are propagating it as if "Intolerance" is systematic in India. Before I speak, I remember a movie called *Roti, Kapada, Makan* where in people are throwing stones at a lady for committing a theft and hero ask only a person who never lied or did any wrong thing shall throw a stone. I ask political parties same way. We are in middle, not on left or right, treasury or opposition bench, and I come from a place where the concept of Ganga-Jamuna tehzeeb" culture meets called Telangana.

Let me state few examples:-

1. What happened in Punjab- is it not due to political patronization?
2. What happened in Delhi riots on Sikhs is not due to political patronage?
3. What happened in Shah Bano Case?
4. What happened in Hyderabad, where communal riots were staged to change Chief Minister of Andhra Pradesh by a political party leader?
5. What happened in Dadri, Pansekar, Kalburg, recent controversy on beef etc. need to be nipped in a bud?
6. Communal riots are always been due to one or other political parties, hidden political agenda.
7. Individual Incidents attract international attention like Kalburi, paneskar, malala, in Afganistan and Syrian toddler died on shores of sea.
8. Statements like Muslim who eat beef should care India but if Hindu eats …… where should he go?
9. What is important is not the size of incident. Its perception that matters. These individual incidents may tarnish image of Government of India.

* Speech was laid on the Table.

10. Incidents happen, however vigilant we are, but perception of safety matters much more. It come only when minorities respond quickly and assure the people. Suspicion is biggest blot on democracy. As its said "Caesar's wife is above suspicion", the people shall not suspect the intention of the Government.

India is unity in diversity.

Upanishads laid foundation for secular India, much before we wrote Constitution.

Our Culture, our nature, our DNA is much stronger than "Religious fanatics, political mechanism, foreign powers" and we will win over intolerant folks.

In Constitution Article 25, 26, 29 – freedom to practice any religion. Edmund Burke- only thing necessary for the triumph of evils is for good men to do nothing.

Albert Einstein- laws alone cannot secure freedom of Expression. In order that every one express their views without penalty than must be spirit of tolerance in entire population.

As our Hon'ble Prime Minister said "best answer" is let us fight poverty.

As tolerance, intolerance, economy, prosperity is inter-related as India voted exclusively for Modiji for development agenda.

Modiji (For development) and Modiji (financial and economy) is inter-related, let us. Be intolerant towards poverty, corruption, religious intolerance.

*__श्री रोड़मल नागर (राजगढ़) :__ आज देश में असहिष्णुता एक ऐसी बहस है जो सिर्फ धर्म को आधार बनाकर चलाई जा रही है हमें कहीं ठहर कर सोचना होगा कि यह देश भारत हज़ारों वर्षों से सहिष्णु रहा है। यहां इस्लाम आया, ईसाई धर्म आया, पारसी धर्म आया, यहूदी धर्म आया, बहावी धर्म आया, सूफी परंपराओं ने स्थान बनाया। सारी दुनिया के विचारों ने इस आंगन में अपना मुकाम बनाया फिर भी हम ही में से कुछ लोग आरोप-प्रत्यारोपों से इस महान सहिष्णु देश को असहिष्णु बताते हैं, कहीं विचार करें। सहिष्णु भारत ने 1947 के अप्राकृतिक विभाजन को स्वीकार किया। धर्म आधारित विभाजन में असहिष्णु मानसिकता ने 22 प्रतिशत आबादी को 30 प्रतिशत हिस्सा दिया और 30 प्रतिशत हिस्से में कोई अन्य धर्मावलंबी ठहर नहीं पाए ऐसे तमाम दुष्कृत्य वर्षों होते रहें। डॉ. अम्बेडकर ने अप्रसन्नता जाहिर की बलात् धर्म परिवर्तन पर दुखी मन से वक्तव्य दिए मगर कौन सुनता? खान अब्दुल गफ्फार खान ''सीमांत गांधी'' की भारत के साथ रहने की अपील ठुकराई गई। 1947 देश विभाजन के बाद बच्चों की शिक्षा व कल्याण मूल उद्देश्यों में सम्मिलित नहीं किए क्योंकि बच्चे सहिष्णु होते हैं। असहिष्णु नेताओं ने बच्चों का कल्याण भुला दिया। विकास के बड़े मॉडल गरीबी हटाओं के नारे दिखावे व भाषणों में रहे सहिष्णु कृषकों व महिलाओं के कल्याण की योजनाएं असहिष्णुता की भेंट चढ़ गई। क्षेत्रवाद, जातिवाद, भाषावाद, सम्प्रदायवाद लोकतांत्रिक व्यवस्था में असहिष्णु लोगों के हाथों के नारे बने और परिणाम समाज ने सहिष्णु नेतृत्वों को ठुकरा कर असहिष्णु नेताओं को अपने नेतृत्व दिया। यह ऐसा दिखावा था जहां सुभाष बोस, सरदार पटेल, डॉ. अम्बेडकर, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, मदन मोहन मालवीय, गोपाल कृष्ण गोखले, वीर सावरकर, जय प्रकाश नारायण जैसे सहिष्णु नामों को भुलाकर देश ने असहिष्णु नेतृत्व की प्रतिष्ठा देश में की जो नेतृत्व भारत को भारतीय नज़रिए से देख रहे हैं, जिनके कारण से देश दुनिया में प्रतिष्ठा मिल रही है, जो कि विकास की नई कहानी कह रहे हैं, उन्हें हम असहिष्णु कह रहे हैं। 4 जून, 1949 में देश के प्रधानमंत्री ने राज्यों को पत्र लिखा, असहिष्णुता निश्चित तौर पर अवसरवादियों को अपनी तरफ खींचती है लेकिन इसके काम करने का ढर्रा ऐसा है कि यह नैतिकता के किसी भी मानक से और भारत की किसी तरह की भलाई से दूर हो जाता है, इसकी सोच अलग है, इन्हें बल प्रयोग से हटाया नहीं जा सकता, यह काम करने की क्षमता से पराजित होंगे। जो नेहरू ने कहा- वह उनके असहिष्णु अनुयायियों ने नहीं माना परिणाम 1975, 1984 या देश भर में आज भी

---

* Speech was laid on the Table.

अराजकता की स्थिति, तथाकथित प्रगतिशील लेखकों ने अपने संगठित असहिष्णुता का परिचय पुरस्कार लौटाने से किया। आइए, इन तथाकथित प्रगतिशीलों के सामूहिक असहिष्णु व्यवहार को देश के सामने लाने का प्रयास करना ही सही मायनों में सहिष्णुता का सामूहिक परिचय होगा और जो नेहरू के तथाकथित अनुयायी है उनके असहिष्णु प्रगतिशीलता, असहिष्णु जातिवाद, असहिष्णु विचारों को छोड़कर राष्ट्रवाद की प्रगाढ़ता ही प्राचीन सहिष्णु भारत को बल प्रदान करगी।

**श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार) :** महोदया, मैं यहां से बोलने की अनुमति चाहता हूं। आज हम असहिष्णुता पर चर्चा कर रहे हैं। मैं बहुत संक्षेप में कहना चाहता हूं कि मुझसे पूर्व कई साथियों ने माइनोरिटी की बात कही, कहीं मैजोरिटी की बात कही। मुझे दुख होता है कि 123 करोड़ की आबादी वाले देश में अगर कोई माइनोरिटी में सुसाइड कर लेता है, तो हमारे साथी नेशनल इश्यु बना देते हैं। अगर मैजोरिटी में कोई सुसाइड कर लेता है तो वह स्टेट इश्यु बन जाता है, लेकिन अगर हमारा किसान सुसाइड कर लेता है तो इस देश में इसे इश्यु बनाने वाला कोई नहीं होता है।

मैं माननीय गृह मंत्री जी से अपील करूंगा कि हमारे राज्य सभा में देश के कृषि मंत्री कहते हैं कि इम्पोटेंसी एंड लव अफेयर्स किसान की सुसाइड का कारण है। हरियाणा प्रदेश के कृषि मंत्री कहते हैं कि आत्महत्या करने वाला किसान कायर है। किसान हमारी आबादी का 63 परसेंट है और क्या हम इस वर्ग को कायर कहने का काम कर रहे हैं।

अगर आज कोई साहित्यकार अपना मैडल वापिस लौटाता है तो विपक्ष के साथी उसे इनटोलरेंस कहते हैं। आज 80 साल के रिटायर्ड आर्मी आफिसर अपने अधिकारों के लिए पिछले 200 दिनों से संघर्ष कर रहे हैं, उनकी टालरेंस की यहां कोई चर्चा नहीं कर रहा है। आज 123 लोगों में से 83 करोड़ लोग युवा हैं और न तो इनके पास रोजगार है और न ही उनकी कोई लड़ाई लड़ रहा है। आज उनके हाथ में पाकिस्तान, अफगानिस्तान जैसी गन नहीं है, वे भी टालरेट करके हमारे देश में बैठे हैं।

मैं सरकार से यही आग्रह करूंगा कि अब हमें सोच विचार करना पड़ेगा, उस वर्ग के लिए भी जो इस देश को चलाने का काम करता है। जात, महजब से ऊपर उठकर हमें अपने फौजियों की, किसानों की और युवाओं के प्रति सोच रखनी पड़ेगी, उनके लिए संघर्ष करना पड़ेगा। आपने मुझे दो मिनट का समय दिया, इसलिए मैं अपनी बात इतने समय में ही समाप्त करूंगा। धन्यवाद।

***श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी) :** नियम 193 में असहिष्णुता पर चर्चा कराके देश में जिस विषय पर आज बहुत सी जो भ्रांतियां व संदेह पैदा करने का प्रयास देश के कुछ ऐसे लोगों द्वारा किया जा रहा है, जो वास्तव में न तो इस देश को प्यार करते हैं न ही उनके मन में भारतीय संस्कृति व भारत के लोगों के प्रति कोई सम्मान है । इस प्रयास के द्वारा आपने देश के सामने वास्तविक स्थिति लाने का सराहनीय प्रयास किया है ।

वास्तव में देश में अचानक ऐसा वातावरण बनाने का प्रयास किया जा रहा है और जानबूझकर कुछ ऐसी राजनैतिक पार्टियां व नेता ऐसे प्रयास कर रहे हैं, मानों देश में एनडीए की सरकार बनने के बाद कुछ ऐसा हो रहा है जिससे लोगों को यह लगने लगा है कि यह देश असुरक्षित हो गया है व यहां की बहुसंख्यक आबादी सरकार के संरक्षण में अन्य तबकों का उत्पीड़न कर रही है ।

वास्तविक स्थिति बिल्कुल अलग है । भारत सदैव से एक बहुधर्मी, बहुभाषी, अनेकों संस्कृतियों का देश रहा है और आगे भी रहेगा । परंतु कुछ ऐसे राजनैतिक दल हैं जो लंबे समय से सत्ता में रहे हैं उनको लगने लगा है कि यह सरकार जिस तरह से काम कर रही है उससे देश के अंदर व पूरी दुनिया में भारत का सम्मान भी बढ़ा है व स्वीकार्यता भी मिली है । उनको वैसे ही यह स्वीकार नहीं हो रहा है कि जनता ने उनको नकार दिया है तथा आगे भी संभावना नहीं है । इस कारण ऐसे राजनैतिक लोग व दल ऐसे लोगों के साथ मिलकर जो पहले से एनडीए सरकार न बनने देने की अपील लोक सभा के चुनाव से कर रहे थे बल्कि कई न तो यह कहा था कि यदि मोदी जीत जाएंगे तो वह देश छोड़ देंगे । ऐसे सारे लोग जो अब तक एक ही परिवार की चाटुकारिता करके न केवल सत्ता के लाभ ले रहे थे बल्कि इस देश में अभी तक वास्तविक मामलों पर काम न हो पाने, शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, पीने का पानी हो या देश की सीमाओं की सुरक्षा का मामला हो, इन्होंने कभी चिंता नहीं की । अब यह पुरस्कार व सम्मान वापिस करके व 5 स्टार होटल में बैठकर देश की असहिष्णुता की बात कर रहे हैं, क्योंकि इनको लगने लगा है कि यह देश जाग गया है और अब उन पर विश्वास करने को तैयार नहीं है । वह षडयंत्र करके देश को कमजोर व सरकार को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं ।

मैं कहना चाहता हूं कि भारतीय संस्कृति व हमारा देश सदैव से सहिष्णु रहा व रहेगा और हम सब इसी तरह से प्यार से रहेंगे । देश आगे बढ़ेगा, लोग सुखी होंगे ।

---

* Speech was laid on the Table.

*श्री ए.टी. नाना पाटील (जलगाँव) : आज देश में, विशेष रूप से मीडिया के माध्यम से यह दुष्प्रचार किया जारहा है कि जब से देश में मोदी जी की सरकार आई तब से असहिष्णुता अर्थात् इनटॉलरेंस को बढ़ावा मिला है। मैं यह पूछना चाहता हूँ कि क्या देश में किसी अल्पसंख्यक की पहली बार हत्या हुई है। क्या बहुसंख्यकों की हत्या नहीं होती? मैं पुरस्कार लौटाने वालों से पूछना चाहता हूँ कि क्या 1984 में इंदिरा जी की हत्या के बाद बड़ी संख्या में हुए सिक्खों के कत्लेआम के समय देश में असहिष्णुता नहीं बढ़ी थी। क्या गोधरा हत्याकांड में निर्दोष हिंदुओं को जलाकर मार डालने में इनटॉलरेंस का कोई हाथ नहीं था। क्या नब्बे के दशक में कश्मीर से लाखों पण्डितों को मार-पीट कर भगाने में असहिष्णुता का कोई हाथ नहीं था। उस समय इन साहित्यकारों ने अपने पुरस्कार क्यों नहीं लौटाए थे।

देश के सुपर स्टार शाहरूख खान, जिन्हें देश की जनता ने अपने सिर माथे पर बैठाया, मान-सम्मान और वैभव प्रदान किया, वहीं शाहरूख खान आज कहते हैं कि देश में असहिष्णुता अपने चरम पर है। दूसरे सुपर स्टार आमिर खान का कहना है कि समाज में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। मैं इन लोगों से पूछना चाहता हूं कि क्या उनकी नज़र में दुनिया में कोई दूसरा देश ऐसा है जहां पूरी तरह धार्मिक स्वतंत्रता और बोलने की आज़ादी सभी लोगों को बिना किसी भेदभाव के उपलब्ध है। हमारे संविधान ने देश के सभी नागरिकों को पूरी धार्मिक आजादी से रहने का अधिकार प्रदान किया है।

बड़े कष्ट की बात है कि हमारी राष्ट्रीय अखंडता पर तरह-तरह के कुठाराघात प्रतिदिन की दर से होते हैं। क्या राष्ट्रीय हितों पर कुठाराघात अक्षम्य अपराध की श्रेणी में नहीं आता? यदि आता है तो ऐसे राष्ट्रद्रोहियों के लिए क्या सजा मुकर्रर है? राष्ट्रीय गीत का कतिपय लोगों द्वारा बार-बार अपमान किये जाने की घटनाओं ने हमारे लोकतंत्र को शर्मसार कर दिया है। संसद में सत्र स्थगित होने के दौरान वंदेमातरम की धुन बजते ही हमारे कुछ सहयोगी इतने अप्रसन्न होते हैं कि वे तत्काल संसद छोड़कर निकल जाते हैं। वे वंदेमातरम को अपने धर्म के खिलाफ मानते हैं। मैं तो यही कहूंगा कि वाकई बड़े विषम काल में जी रहे हैं हम, जहां देश से बड़ा धर्म माना जाने लगा हे। क्या वाकई राष्ट्र से बड़ी अवधारणा धर्म की होती है? क्या हमारा देश धार्मिक गुरूओं के आदेशों से संचालित होने लगा है? यदि नहीं तो इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति क्या दर्शाती है? ऐसे राष्ट्रद्रोही लोग इस तरह के निंदनीय कृत्य बार-बार करने का दुस्साहस कैसे कर पाते हैं? फिर भी वे हमारे देश को असहिष्णु होने का दावा करते हैं। इस निंदनीय कृत्य के लिए अब तक किसी को भी किसी प्रकार की सजा नहीं दी गई थी। क्या यह देश की सहिष्णुता का प्रतीक नहीं है। जहां तक प्रश्न है वंदे मातरम गीत का तो इसकी किसी भी लाईन में किसी भी धर्म का मान या अपमान

---

* Speech was laid on the Table.

नहीं किया गया है। ये गीत हमारी मातृभूमि को हमारे नमन से जुड़ा है। ये गीत हमारी राष्ट्रीय अखंडता का प्रतीक है। ये गीत हमें हमारे  राष्ट्रीय धर्म का बोध कराता है। इस सब के बावजूद हमारी राष्ट्रीय भावनाओं पर कुठाराघात का दुस्साहस कैसे जुटा पाते हैं ये चरमपंथी? क्या यह हमारे देश की सहिष्णुता का प्रतीक नहीं है? बहरहाल वंदे मातरम का विरोध कोई नयी बात नहीं है। आज़ादी के पूर्व से ही इस तरह की अलगाववादी मानसिकता के लोग इस गीत पर विरोधी राग छेड़ते रहे हैं। यहां प्रश्न ऐसे व्यक्तियों के दुस्साहस का नहीं वरन् हमारे सेक्युलर कर्णधारों की नपुंसकता का है। धर्म निरपेक्षता के ठेकेदार इस मुद्दे पर जुबां खोलने से कतराते रहे हैं। इस सबके बावजूद मैं कह सकता हूँ कि राष्ट्र की अखंडता सदैव रही है और रहेगी। डॉ. अम्बेडकर ने जो चेतावनियां दी थीं- एक प्रजातंत्र में जन आंदोलनों का स्थान, करिश्माई नेताओं का अंधानुकरण और मात्र राजनीतिक प्रजातंत्र की सीमाएं- वे आज भी प्रांसगिक हैं।

दो विपक्ष शासित राज्यों में अल्पसंख्यक वर्ग के दो व्यक्तियों की हत्या होने से केंद्र सरकार पर असहिष्णु होने के आरोप लगाए जा रहे हैं। सभी जानते हैं कि कानून व्यवस्था राज्य सरकार के अंतर्गत आता है। ऐसी स्थिति में राज्यों में हुई किन्हीं घटनाओं के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार कैसे ठहराया जा सकता है।

मेरे विचार से देश में कोई एक सांप्रदायिक घटना होना भी चिंता की बात है और सरकार को सतर्क हो जाना चाहिए। कतिपय असामाजिक तत्व समाज में आपसी सौहार्द को समाप्त करना चाहते हैं ताकि केंद्र सरकार को बदनाम किया जा सके। विविधता, सहिष्णुता और बहुलता भारत के मूल्यों में शुमार है और उन्हें मिटने नहीं दिया जा सकता। हम अपने देश के संस्कार नष्ट नहीं होने देंगे। हम सबको मिलजुल कर रहना होगा और सांस्कृतिक विविधता का ध्यान रखना होगा। हमें मिलजुल कर जनता को यह विश्वास दिलाना होगा कि वह सुरक्षित है और अपने मन की बात सार्वजनिक रूप से अभिव्यक्त कर सकती है- उसकी निजी स्वतंत्रता पर कट्टरवादियों का पहरा नहीं है। हमारी सरकार किसी भी तरह की सांप्रदायिक कट्टरता के सख्त खिलाफ है।

पहले भी दलितों पर अत्याचार होते रहे हैं और लेखकों की हत्याएं भी हुई हैं। आज कुछ क्षेत्रों में असहिष्णुता की वर्तमान स्थिति से कड़ाई से निपटना होगा। लेकिन इस बारे में न तो कोई धारणा तय की जानी चाहिए और न ही देश को गलत दृष्टि से पेश करने का प्रयास किया जाना चाहिए। सहिष्णुता संविधान का ही सम्मान है और इसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए। हमें दूसरों की धारणाओं और आस्थाओं का सम्मान करना चाहिए तथा आरोपों-प्रत्यारोपों से बचना चाहिए।

*** श्री सुभाष पटेल (खरगौन) :** दुनिया की अन्य सभ्यतायें तथा काल के प्रभाव में तिरोहित हो गई, वही भारतीय सभ्यता निरंतर बनी हुई है, इनके पीछे यदि हम देखें तो हमारी उदारवादी सोच विविधता और सहनशीलता का प्रमुख स्थान रहा है । मैं आज राष्ट्रपति जी के उस वक्तव्य को सदन के सामने रखना चाहता हूं कि अगर मूल्य नहीं बचे तो भारत नहीं बचेगा । आज जानबूझकर तथाकथित लोगों के द्वारा देश के मूल्यों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है । यह संकट जो खड़ा किया गया ये धार्मिक और सांस्कृतिक तो है ही लेकिन सामाजिक एवं राजनैतिक की कड़ी धुप से भी झुलस रहा है । इसमें संदेह नहीं कि जहां एनडीए की सरकार बनने के बाद सहिष्णुता के कदम तेजी से बढ़े हैं, लेकिन तथाकथित राजनैतिक स्वार्थी अपने स्वार्थ के लिए ऐसी असहिष्णुता शब्द का दुरूपयोग कर रहे हैं । जो अनेक वर्षों से धार्मिक व सांस्कृतिक परंपरायें जीवित थी । उनको राजनैतिक के माध्यम से बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है । वर्तमान सरकार जहां विकास की बात कर रही है, देश के भविष्य को स्वर्णिम बनाने का प्रयास कर रही है, देश की साख विश्व में बढ़ रही है इन सबसे परेशान होकर तथाकथित अप्रिय अरूचिकर समस्या को खड़ा कर वापस सत्ता में आना चाहते हैं ।

* Speech was laid on the Table.

*__डॉ. यशवंत सिंह (नगीना) :__ दो दिनों से असहिष्णुता पर एक ऐसी बहस को सुनता आ रहा हूं जिससे किसी का कोई फायदा नहीं होने वाला । भारत वर्ष एक बहुधर्मालंबी एवं बहुभाषियं राष्ट्र है । जहां पर तरह-तरह के विचारों के व्यक्ति रहते हैं । निश्चित रूप से घटनाएं घटती हैं । आज भी अगर हम दूसरे मुस्लिम देशों की तुलना में अपने देश को देखें तो यहां पर जहां हिन्दुओं को अपने धर्म के अनुरूप विचार प्रकट करने की आजादी है, उसी प्रकार की आजादी अन्य धर्मों के लिए भी है ।

मेरा मानना है कि इस देश में अगर अहिष्णुता दिखाई जाती है तो कमजोर के प्रति दिखाई जाती है। घर में नौकर के प्रति, पत्नी एवं महिला के प्रति दिखाई जाती है तथा समाज में गरीब के प्रति दिखाई जाती है ।

आजादी के 68 वर्षों के बाद भी अगर इस देश में असहिष्णुता दिखाई जाती है तो दलित समाज के प्रति दिखाई जाती है । किसी भी धर्म का व्यक्ति आज भी इस दलित समाज के व्यक्तियों को बराबरी का दर्जा देने को तैयार नहीं । आये-दिन दलित समाज के व्यक्तियों को जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया जाता है । उनसे घृणित कार्य जैसे सीवर सफाई, गन्दगी या मल की सफाई जैसे कार्य कराने के बाद भी उसको उसकी मेहनत के अनुरूप पैसा नहीं दिया जाता तथा बंधुआ मजदूर के रूप में कार्य कराया जाता है। उनकी जमीनों पर जबरन कब्जे किए जाते हैं । उनकी माँ-बहनों की इज्जत को सड़कों पर नीलाम किया जाता है । इस तरह की मार खाने के बावजूद रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाती ।

मंदिर में प्रवेश नहीं करने दिया जाता । नलों या कुंओं से पानी लेने पर भी मारा जाता है । अगर अपने से ऊपर समाज की लड़की से शादी करें तो मारकर गिराया जाता है । साथ में बैठकर खाना खाने पर नाक काट दी जाती है । अपनी बात कहने पर गोबर मुंह में ठूंस दिया जाता है । ये वो घटनाएं जो वास्तव में असहिष्णुता का प्रमाण पैदा करती है । परंतु आज तक इस देश के किसी बुद्धिजीवी ने आ तक पुरस्कार नहीं लौटाया ना ही किसी मीडिया ने इस प्रकार की घटनाओं का कोई सर्वे कराया । ना ही इस समाज के ठेकेदार धार्मिक नेताओं ने अपनी जुबान खोली ।

इस देश में जो चर्चा हो रही है वह मानवता को केन्द्र में रखकर नहीं हो रही है, बल्कि वोट बैंक को रखकर हो रही है । कोई कैसे जीना चाहता है, कोई क्या खाना चाहता है, यह व्यक्तिगत है । मेरा मानना है कि अगर हम डा. भीमराव अंबेडकर जी के बनाए संविधान पर विश्वास करते हैं तो निश्चित रूप से हमें सभी गरीब दलित, पिछड़े, अगड़ों की भावनाओं का आदर करना होगा । इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात खत्म करता हूं ।

---

* Speech was laid on the Table.

SHRI E.T. MOHAMMAD BASHEER (PONNANI): Madam, I am participating in this discussion with profound sorrows. We were holding our head high with proud that our country is the country of tolerance and the country which was liberated from the British Empire by Mahatma Gandhi through *Ahimsa.* Now this country would bow down its head out of shame and agony. Our Prime Minister unfortunately is not here at least to read the pulse of the nation. He is on his routine foreign trip. BBC reporters asked him in UK as to what was happening in India for intolerance. He replied: "Two or three instances might have taken place out of a country of 125 crore people. Anyhow, we will look into that seriously." Perhaps for the Prime Minister, this may be a small thing. But as far as our nation is concerned, the whole nation is very much worried on this.

Here, the Government is saying that it is the responsibility of the State. As far as this Government is concerned, this Government is a Government of escapism. Actually, all these things are happening. It is the by-product of the BJP's political chemistry. All these instances are planned from the political laboratory of the BJP. They cannot wash their hands from these kinds of things. We all know that the BJP is having a political chemistry. What is that? If communal tensions are created, they can fish in troubled water. That is the reason behind all these things.

I would like to say another important thing. Even the Government is becoming a facilitator to drain down the Government fund for political purposes. Country is going to know shortly as to what is happening on skill development and even on CSR. These funds are really misused for political purposes. …(*Interruptions*) You may at least give me some time.

HON. SPEAKER: You cannot speak on every subject.

SHRI E.T. MOHAMMAD BASHEER: I am going to conclude, Madam.

My friends were speaking about Dadri incident. I had been there. Government has come with many excuses but one thing is for sure. Even if you take bath in the holy river Ganga a thousand and one times, the stain of that sin

cannot be cleared from your conscience. You have done that much of attack there. Nobody can forget the story. Similarly, freedom of expression.

HON. SPEAKER: Okay. Sorry. That is all.

Shrimati Anupriya Patel now.

**श्रीमती अनुप्रिया पटेल (मिर्ज़ापुर):** अध्यक्ष महोदया, मैं उत्तर प्रदेश राज्य से आती हूं और मेरे राज्य का जो लोगो है, वह अपने आपमें गंगा-जमुनी तहजीब का सबसे बड़ा प्रतीक है, जिसके ऊपर के हिस्से में एक धनुष बना हुआ है, जो अवध के हिन्दू शासकों का प्रतीक है और नीचे के हिस्से में दोनों तरफ दो मछलियां बनी हुई हैं, जो अवध के मुस्लिम शासकों का प्रतीक हैं और बीच में गंगा और जमुना की लहरें हैं। मैं समझती हूं कि उत्तर प्रदेश की ही तरह देश का हर राज्य गंगा-जमुनी तहजीब का पोषक रहा है। आज इस सदन में जो चर्चा हुई, उसमें असहिष्णुता की कई घटनाओं का उल्लेख किया गया, चाहे कर्नाटक में प्रो.एम.एम.कलबुर्गी की हत्या का मामला हो, महाराष्ट्र में गोविंद पंसारी की हत्या का मामला हो, उत्तर प्रदेश में मो. अखलाख की हत्या का मामला हो, 1984 के दंगों के शिकार हमारे सिख भाइयों की व्यथा हो या कश्मीरी पंडितों पर हुए अत्याचारों का विवरण हो। ये तमाम घटनाएं भारत जैसे देश की आत्मा पर कुठाराघात हैं, जो पूरे विश्व के समक्ष अहिंसा और विविधता में एकता का सबसे बड़ा उदाहरण है। लेकिन आज इस सदन के अंदर मैं एक सवाल जरूर खड़ा करना चाहती हूं कि क्या हमारे देश में सिर्फ ऐसी ही घटनाएं होती हैं, जिनमें विभिन्न जातियों और धर्मों के लोगों के बीच में इस प्रकार की नफरत फैलती है। क्या हमारे देश में ऐसी घटनाएं नहीं होती हैं, जो प्रेम और आपसी सौहार्द का उदाहरण हैं। ऐसा क्यों है कि हमारे देश का कोई भी अखबार ऐसी घटनाओं की चर्चा नहीं करना चाहता, कोई टीवी चैनल ऐसी घटनाओं को नहीं दिखाना चाहता, जो कई गुणा और ज्यादा संख्या में होती हैं और प्रेम और सौहार्द का संदेश देने की कोशिश करती हैं। कहीं न कहीं हमारे देश के मीडिया के अंदर भी एक निगेटिव बॉयस है और मीडिया को भी इस निगेटिव बॉयस से बचकर एक सकारात्मक भूमिका निभाने की जरूरत है। मैंने इस पूरी बहस में देखा कि दोनों तरफ से यह साबित करने की होड़ लगी हुई है कि एनडीए सरकार में ज्यादा घटनाएं हुईं या यूपीए सरकार में ज्यादा घटनाएं हुईं।

मैं इस सदन में बैठे हुए हर एक व्यक्ति से पूछना चाहती हूं, जो भारतीयता को अपना सबसे बड़ा मजहब समझता है कि आज हमें इस बात की चिंता करने की जरूरत है कि किसके कार्यकाल में कितनी घटनाएं हुईं, ज्यादा हुईं या कम हुईं या यह सोचने की जरूरत है कि इससे प्रभावित होने वाला जो व्यक्ति है, वह समाज की अंतिम पंक्ति में खड़ा हुआ व्यक्ति है। कानून व्यवस्था राज्य का विषय है। मैं इस बात से भी सहमत नहीं हूं कि हम यह जिम्मेदारी राज्य के ऊपर डालकर अपनी जिम्मेदारियों की इतिश्री कर लें। क्योंकि यदि हमारे संघीय ढांचे के कारण कानून और व्यवस्था राज्य की सूची का विषय है और केवल इसलिए हमारे देश में ऐसी घटनाएं ज्यादा हो रही हैं तो फिर यह लोकतंत्र का मंदिर किसलिए बना हुआ है। हम सारे सांसद यहां किसलिए बैठे हुए हैं। हमें इस बात पर चर्चा करने की जरूरत है कि हम अपनी

नीतियों में ऐसा कौन सा परिवर्तन करें कि संघीय ढांचे की जिस व्यवस्था के चलते हमारे देश के अंदर ऐसी घटनाएं हो रही हैं और मीडिया को इस पर बार-बार चर्चा का विषय बनाने का मौका मिल रहा है, वैसा नहीं हो और कम से कम ऐसी घटनाओं पर रोक लगे।

महोदया, मैं सदन से इसी अनुरोध के साथ अपनी बात को समाप्त करती हूं। धन्यवाद।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI KIREN RIJIJU): Madam Speaker, I am speaking as a Member of this House. I would not like to take much time because the Home Minister will be giving an elaborate reply to the whole debate.

मैडम, पिछले 17 महीनों में हम लोगों ने जो माहौल देखा है और जो माहौल खड़ा किया गया है, उसके हिसाब से हम सोच में डूबे हुए थे कि इस देश में ऐसा क्या हुआ, जिसकी वजह से ऐसा माहौल खड़ा किया गया है और जो शशि थरूर जी ने कहा है कि प्रधान मंत्री जी देश के बाहर भारत की अच्छी इमेज क्रिएट कर रहे हैं और हिंदुस्तान में इनटोलरेन्स क्रिएट किया जा रहा है, मैं उसके विपरीत कहना चाहता हूं। देश के बाहर हम लोगों की जो इमेज है, वह इनटोलरेन्स की इमेज जरूर जा रही है, लेकिन देश में आज के दिन टोलरेन्स का माहौल है। जो लोग न्यूज के माध्यम से, वैबसाइट के माध्यम से, सोशल मीडिया के माध्यम से जो खबरें प्राप्त कर रहे हैं, जो हिंदुस्तान में नहीं आईं, उन तक जरूर यह गलत संदेश गया है कि उन्हें ऐसा लग रहा है कि पूरा भारत जल रहा है, उन्हें ऐसा महसूस हो रहा है। लेकिन इससे नुकसान किसका हुआ है। आपका नुकसान हुआ, मेरा नुकसान हुआ, या किसका नुकसान हुआ? सबका नुकसान हुआ। सबसे बड़ा नुकसान इस देश का हुआ है। इसके लिए मैं अपील करना चाहता हूँ कि जब भारत देश का सवाल आता है, तो हमारे और अपने इंट्रेस्ट पर मत देखिए, राजनीति के ऊपर उठ कर के हम लोगों को एक दिशा में जाने की आवश्यकता है।

कांग्रेस पार्टी ने इस देश पर कितने सालों तक शासन किया, वह सबको मालूम है। 58 साल कांग्रेस या कांग्रेस समर्पित जितने भी साथी थे, उन्होंने इस देश का शासन किया है। हम लोगों को तो बहुत कम मौका मिला है और हम तो पहली बार मंत्री बने हैं। ऐसे माहौल में देश ने पांच साल के लिए इस सरकार को एक वर्डिक्ट दिया है, नरेंद्र मोदी जी को बहुमत दिया है। इस बहुमत को आपको भी स्वीकार करना चाहिए। आपको इतना इंटॉलरेंट नहीं होना चाहिए कि पांच साल होने से पहले ही आप ऐसा माहौल खड़ा कर दें कि यह सरकार बिल्कुल फेल हो गयी है। ऐसा माहौल आप खराब मत कीजिए। …(व्यवधान) भारत बहुत विशाल देश है। इसमें घटनाएं बहुत हुई हैं। आज भी घटनाएं नहीं हुई हैं, हम यह नहीं कह रहे हैं और कुछ घटनाएं ऐसी हैं, जिनके लिए सबको निंदा करनी चाहिए। जब मैं देखता हूँ कि इस देश में कभी इंटॉलरेंट का माहौल रहा है तो हम कह सकते हैं कि सन् 1975 में जब सारे संविधान को अपने हाथ में ले लिया, सारी सिविल राइट्स और सिविल लिबर्टीज़ खत्म हो गयी और सारी चीज़ों के ज्युडिशियल राइट्स भी सरकार ने अपने हाथ में ले लेती है, उसको इंटॉलरेंट गवर्मेंट कहा जाता है। अगर कोई इंटॉलरेंट वक्तव्य कोई देता है, अगर किसी स्टेटमेंट को इंटॉलरेंट कहना चाहते हैं तो वह इंटॉलरेंट स्टेटमेंट मैं सोचता हूँ तो

कौन सा ऐसा स्टेटमेंट इस देश में आया जिसको हम इंटॉलरेंट स्टेटमेंट कह सकते हैं। जब इस देश में लाखों रॉइटस हो रहे थे और तीन हज़ार से ज्यादा सिखों को मारा गया और उस समय देश का प्रधान मंत्री अगर कहता है कि बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती गिरती है, वह स्टेटमेंट इंटॉलरेंट कहा जाता है। अपने ही देश में भरत के पूर्वोत्तर के आठ राज्यों के बहुत से छात्र और बहुत सारे लोग हिंदुस्तान के अलग-अलग कोने में पढ़ते हैं, काम करते हैं, घूमने भी जाते हैं। हजारों की संख्या में जब बैंगलूरू से, मैसूर से, मुंबई से, चेन्नई से हज़ारों की हज़ारों की तादात में पूर्वोत्तर के लोगों को कहते हैं कि तुम जल्दी से यहां से भाग जाओ, नहीं तो तुम्हारा जीना हराम हो जाएगा। जब हज़ारों में लोग अपने ही देश छोड़ कर अपने ही देश के किसी कोने में जाते हैं तो उस माहौल को हम इंटॉलरेंस माहौल कहते हैं। अपने ही देश में जब कोई रेफ्युजी बनता है, कश्मीरी पंडित, जब अपने ही देश को छोड़ कर जब अपने ही देश में रेफ्युजी बन के बैठते हैं, उस माहौल को हम इंटॉलरेंट कहते हैं। पिछले 17 महीने में आप बताइए कि कौन सा हिंदुस्तानी अपना घर छोड़ कर गया है? जितने माननीय सदस्य बैठे हैं, वे बताएं कि ऐसी कोई घटना हुई है, जिसमें हिंदुस्तान के लोग अपने ही घर, अपना ही प्रदेश छोड़ कर गए हैं? अगर हुआ है तो आप बताइए। इसलिए इस तरह से हव्वा क्रिएट करना अच्छी बात नहीं है।

मैडम, मैं यह कहना चाहता हूँ कि किसी पॉलिसी को हम इंटॉलरेंस पॉलिसी कब कहते हैं? मदर टैरेसा का नाम सबने सुना है। मदर टरेसा को उस समय की सरकार ने बहुत सी जगह पर जाने के लिए प्रतिबंध लगाया था। मेरे ही प्रदेश अरूणाचल प्रदेश में ही मदर टैरेसा को जाने के लिए कांग्रेस सरकार ने रोक लगायी थी। उसी को कहते हैं, इंटॉलरेंट पॉलिसी। हमने 17 महीने में किसी भी हिंदुस्तानी को कानून के तहत इस देश में घूमने के लिए या काम करने के लिए प्रतिबंध नहीं लगाया है। ...(व्यवधान) कांग्रेस के बहुत ही वरिष्ठ नेता हैं, जो गृह मंत्री रहे हैं। जब 27 साल पहले फैसला लिया था तो वे गृह राज्य मंत्री थे। 27 साल बाद उन्होंने माना है कि सलमान रश्दी की किताब के ऊपर जो प्रतिबन्ध लगाया था, वह गलत था। इसका मतलब 27 साल पहले इनटालरेंस कदम आपने उठाया और आपके एक वरिष्ठ नेता ने जब इसको माना है तो कांग्रेस के लोग न तो खुलकर उसका बचाव कर सकते हैं और न ही समर्थन कर सकते हैं। आप दुविधा में फंस गए हैं। इसलिए मैंने कहा कि इस सदन में चर्चा करने से पहले आपने इनटालरेंस के माहौल का एक जिक्र किया और इस सदन में चर्चा होने से पहले आपके ही वरिष्ठ सदस्य ने आपका पूरा पंचर कर दिया। आपका तो पूरा डिबेट ही उल्टा हो गया।...(व्यवधान) आपने पिछले 17 महीने का जिक्र किया।...(व्यवधान) आपने बीजेपी के कुछ सदस्यों के ऊपर चर्चा की।...(व्यवधान) मैं मीडिया वालों से पूछना चाहता हूँ, उत्तराखंड के सी.एम. का आज से 10 दिन पहले स्टेटमेंट आया था कि हिन्दुस्तान में और उनके अपने प्रदेश में सिर्फ बीफ खाने का ही नहीं, बीफ को जो स्लॉटर करता है, उसको भी हम कहीं जगह नहीं

देंगे। उस समय आपने क्यों खंडन नहीं किया? आप बीजेपी का और बाकी लोगों का कहीं से सुनकर हवा क्रिएट करते हैं और आपके ही मुख्यमंत्री जब स्टेटमेंट देते हैं तो आप कैसे चुपचाप हो गए।...(व्यवधान) पंजाब की असेम्बली में...(व्यवधान) आप बेमतलब खड़े मत होइए।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आपके मुख्यमंत्री नहीं हैं। आप बैठिए। जय प्रकाश जी बैठिए।

...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: No, please. Nothing will go on record.

... (*Interruptions*)... *

**श्री किरेन रिजीजू :** पंजाब की असेम्बली में कांग्रेस के एक सदस्य ने एक रिमार्क दिया था।...(व्यवधान) उन्होंने कहा कि पंजाब की सड़कों पर बहुत कुत्ते घूम रहे हैं, सारे कुत्तों को नागालैंड भेज दो, वहाँ के लोग खाते हैं। जब इस शर्मनाक स्टेटमेंट का जिक्र आया तो आप लोगों ने उस समय खंडन क्यों नहीं किया?...(व्यवधान) जब लोक सभा के पूर्व अध्यक्ष पूरनो संगमा साहब, जो आज भी इस सदन के सदस्य हैं, वे जब राष्ट्रपति के पद के लिए चुनाव लड़ रहे थे तो कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि संगमा साहब इस देश के राष्ट्रपति नहीं बन सकते हैं, क्योंकि इस देश की मुख्यधारा का उनका रिलिजन या कास्ट नहीं पड़ती है, इसलिए वे राष्ट्रपति नहीं बन सकते हैं।...(व्यवधान) यह स्टेटमेंट क्यों आया?...(व्यवधान) हम यह कहना चाहते हैं कि यह हमारा देश है, हम अलग-अलग धर्म के हैं, मैं भी एक माइनोरिटी का व्यक्ति हूँ, लेकिन मुझे तो कोई डर नहीं है।...(व्यवधान)

SHRI K.C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): You are a Minister. ...(*Interruptions*)

**श्री किरेन रिजीजू :** पिछले 17 महीने में ऐसी कौन सी हालत इस देश में पैदा हुई है, जिससे आप इतना बड़ा एक जो इस देश का माहौल खराब करने के लिए...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** सबने बहुत कुछ बोला है।

**श्री किरेन रिजीजू :** मैडम, इनको थोड़ा सा चुप कराइए, ये बार-बार खड़े होते हैं।...(व्यवधान) इस देश का एक नागरिक होने के नाते मुझे मन में बहुत फक्र महसूस होता है। जैसे कि अफगानिस्तान में कोई घटना हो गई, वहाँ के माइनोरिटीज के साथ कुछ घटना होती है तो वह सीधा हिन्दुस्तान आता है। पाकिस्तान में किसी माइनोरिटी के साथ कोई घटना होती है तो वह हिन्दुस्तान आता है। बांग्लादेश से और भी अन्य जगहों से, चीन से भी लोग आते हैं। आप वर्ष 1959 का देखिए, उस समय जब दलाई लामा और उनका

---

* Not recorded.

ग्रुप आया था, उस समय आपकी ही सरकार थी, आपने अच्छा निर्णय लिया, उनको रिफ्यूजी का स्टेट्स दिया। आज भी हमारे पड़ोसी देशों में रिलिजियस या माइनोरिटीज के साथ कोई भी घटना होती है तो वे हिन्दुस्तान में शरण लेने के लिए आते हैं। हम लोग उनको यहाँ रहने देते हैं। इतना एक अच्छा माहौल इस देश में चल रहा है, आप क्यों बेमतलब से इतने अच्छे माहौल को खराब करने पर तुले हुए हैं?...(व्यवधान) हम आपसे यह कहना चाहते हैं कि हम लोग भी विपक्ष में रहे हैं, आज सरकार में आए हैं, हम लोगों को काम करने का मौका दिया जाए। इस देश ने नरेन्द्र मोदी जी को बहुमत दिया है, उन्हें प्रधानमंत्री बनाकर देश को आगे ले जाने के लिए बहुमत के साथ देश में सरकार बनाने का मौका दिया है। आप कम से कम उस बहुमत की तो इज्जत कीजिए। आप इतना उत्तेजित होकर माहौल खराब कर रहे हैं। हम जैसे युवा पीढ़ी के लोगों को जो काम करने का मौका मिला है, आप हम लोगों को देखिए। हम अगर कोई में फेल होते हैं तो आप पॉलिसी पर डिसकशन कीजिए, नीति पर डिसकशन कीजिए। हम जब विपक्ष में थे तो 2004 से मैं इस सदन का सदस्य बनकर इस हाउस में रहा हूँ। तब हम लोगों ने भी आपको क्रिटिसाइज़ किया था, लेकिन हमने देश की छवि को कभी खराब नहीं किया। हमने आपको ज़रूर क्रिटिसाइज़ किया है लेकिन पॉलिसी पर, एजेन्डा पर, सरकारी काम करने के तरीके पर, लेकिन विपक्ष की भूमिका निभाते हुए हमने कभी भी देश की इज्ज्त पर आँच नहीं आने दी। हमने यह रोल अदा किया है।

मैं ज्यादा नहीं कहूँगा क्योंकि हमारे वरिष्ठ होम मिनिस्टर साहब कहने वाले हैं, लेकिन मैं आपसे इतना कहना चाहता हूँ कि मिलकर हम और आप लोगों को इस देश को बनाना है, मिलकर इस देश को चलाना है। आप ऐसा माहौल क्रियेट मत कीजिए। आज जो देश विदेश में हिन्दुस्तान का नाम रोशन हो रहा है, उसको बरबाद मत होने दीजिए। प्रधान मंत्री जी का आप भी साथ दीजिए, वे देश के प्रधान मंत्री हैं। हम लोग उनकी काउंसिल ऑफ मिनिस्टर्स के सदस्य ज़रूर हैं लेकिन रिस्पॉन्सिबिलिटी आपकी भी है, हमारी भी है।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** अध्यक्ष महोदया, जोशी साहब कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष हैं। ...(व्यवधान) वे अपनी सफाई यहां पर दे रहे हैं। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** वह सफाई नहीं दे रहे। आप बैठ जाइये। उन्होंने कुछ बात कही और आपने कुछ बात कही।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** उन्होंने आपके लिए कुछ नहीं बोला है।

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: He has not said anything about you.

… (*Interruptions*)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** जब मैं होम मिनिस्टर था, तो मैंने आरएसएस के बारे में बोला। ...(व्यवधान) आप बताइये। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आपके लिए नहीं कहा।

…(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** अगर मैंने ऐसा बोला है, तो मैं हर बात के लिए तैयार हूं। ...(व्यवधान) यह क्या समझकर बात करते हैं। ...(व्यवधान) I have seen so many people like you. Don't attribute any motive to me. Have I spoken like that? You people are always doing this. …(*Interruptions*) सुबह उठते ही कांग्रेस का पेपर पढ़ते हैं। ...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Khargeji, please take your seat.

… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** खड़गे जी, कृपया करके आप बैठ जाइये।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** खड़गे जी, इतना गुस्सा मत कीजिए। कल से सब लोग गुस्सा हो रहे हैं।

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Shri Kaushalendra Kumar will speak now.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Khargeji, nothing is going on record. Please take your seat.

… (*Interruptions*)… *

HON. SPEAKER: I will see to it.

… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** आप बैठिए।

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Kharge *ji*, please take your seat.

… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** मैं रिकॉर्ड देखूंगी, बात करूंगी फिर होगा, अभी नहीं होगा।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** हां, मैंने माइक बंद किया है।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैंने इनको बैठने के लिए कहा है।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** यह रिकॉर्ड हो गया है कि आपने नहीं कहा है। You have denied it.

…(व्यवधान)

---

* Not recorded.

**माननीय अध्यक्ष :** मैंने कहा है कि मैं देखूंगी।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** अगर उनका नाम सही नहीं है तो नाम निकाल दूंगी।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप बैठिए।

...(व्यवधान)

**श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) :** मेरे पास समय कम है, कृपया थोड़ा समय बढ़ा दिया जाए।

**माननीय अध्यक्ष :** आपके पास एक मिनट का समय है। समय नहीं बढ़ाना है।

***SHRI R. DHRUVANARAYANA (CHAMARAJANAGAR) :** If so many artists, academicians, writers and other rationalists have returned their awards, something that he nation has never seen before, there must be some merit to these actions. There is evidence of growing intolerance in our nation, be it the murder of the Indian scholar, Mr. M.M. Kalburgi, the burning of two dalit children, the lynching of a man in Dadri for eating beef or the raid in Kerala House.

It is not just mere intolerance, it is murder too, in the name of religion, in the name of culture. The makers of India envisioned a nation that celebrated its varied traditions, languages, ethnicities. They would be all turning in their graves to have witnessed such atrocities on their lands. It is necessary for the Government to acknowledge that there is an environment of growing animosity in our country, where citizens are attacking other citizens. Only when the Government acknowledges this will there be any kind of change in the attitude of those who are out to destroy the secular fabric of our nation. We cannot turn a blind eye to these incidents, nor can we look at them and say this is not a matter of intolerance. These incidents cannot just be called or labelled a matter of Law and Order and brushed off.

After 68 years of Independence, when many suspected if it was possible to keep a nation with such a diversity united, when many countries congratulated us on surviving as a democracy, when we have a Constitution that guarantees freedom and liberty to everyone lucky enough to have been born on this land it, it is a shame if we destroy what we have taken years to build. There is intolerance in this nation, people are being murdered, raided, shamed, and it is our duty, the Government's duty to stop it from persisting and growing.

---

* Speech was laid on the Table.

**श्री कौशलेन्द्र कुमार :** मैं समझता हूं कि हर तरफ से लोगों की बात आ गई है, मैं दो-तीन मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगा।

जब से केंद्र सरकार बनी है, तब से लगातार असहिष्णुता की चर्चा हो रही है। इस देश के महामहिम राष्ट्रपति ही नहीं बल्कि ओबामा साहब जैसे राष्ट्रपति ने भी देश में आकर असहिष्णुता की चर्चा की। अभी बिहार में चुनाव था, इस देश के माननीय प्रधामंत्री ने पटना के गांधी मैदान में ही नहीं बल्कि पूरे बिहार में घूम-घूमकर आदरणीय नेता नितीश के बारे में कहा कि उनका डीएनए खराब है। क्या यह असहिष्णुता नहीं है? यह भी असहिष्णुता है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के बारे में माननीय प्रधानमंत्री ऐसी बात बोलें। इतना ही नहीं, इस देश में मंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक जो बयान दे रहे हैं, उससे निश्चित रूप से पूरे देश में, जब से दिल्ली में आप की सरकार बनी है, तब से इसके बारे में चर्चा हो रही है। बिहार में चुनाव हुआ, पूरे बिहार में चर्चा की गई, बिहार पर बोली लगाई गई कि मैं पैकेज देने जा रहा हूं, एक करोड़ दे दूं, दो करोड़ दे दूं, लगा कि बिहार के लोग बिकने वाले हैं। यह भी असहिष्णुता का मामला है।

महोदया, मैं सदन से कहना चाहता हूं कि पूरे देश की राजधानी दिल्ली है, लेकिन जब चुनाव हो रहा था तब लग रहा था कि पूरी राजधानी पटना में चली गई है। देश के माननीय प्रधानमंत्री ने इतिहास में पहली बार लगातार बिहार में 35 से 40 सभाएं की। मैंने किसी राज्य में चुनाव में ऐसे प्रधानमंत्री के बारे में नहीं सुना था। इस देश के तमाम मंत्रियों ने जनता के बीच में जाकर लोकसभा चुनाव में जो वायदे किए थे, उसी का नतीजा है कि विधान सभा के चुनाव में उनको पराजित होना पड़ा, मुंह की खानी पड़ी।

मैं यही कहना चाहता हूं कि हम सब मिलकर देश बनाएं, अगर देश बनाने और सबको साथ लेकर चलने की बात सीखनी है तो बिहार के नेता, महागठबंधन के नेता नितीश कुमार जी से सीखिए तब निश्चित रूप से देश की तरक्की होगी।

हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, आपस में हैं सब भाई-भाई।

[*]SHRI C.N. JAVADEVAN (THRISSUR) :Thank you Madam, I am sorry that I am speaking in my language Malayalam. There is a saying in Malayalam which I want to tell to those who killed Kalburgi, had those who killed Govind Pansare I quote "Guns cannot silence the words; because words have final answer for the intolerance of the gun. Always the gun cannot win, that is the meaning" (original English). The Sangh Pariwar should understand that guns cannot prevail over words.

After independence on January 30th , 1948 bullets were fired on Mahatma Gandhi ji's chest. From that day, the intolerance of the Sangh Pariwar has manifested to silence all those with whom you could not agree ideologically. Day before yesterday, while addressing the international seminar in Paris our Prime Minister said, that only some people should not exploit the natural resources of the poor in the third world countries.

But I would interpret this apparently noble sentiment as intolerance. You talk about the advanced countries, exploiting the poor in the third world, but what about the rich capitalists of this country who are exploiting the poor of our own country? Can we demarcate, the caste and religion of the capitalists of this country? Our friend from Bengal, who is also an eminent historian named several freedom fighters and asked us, whether they had any religion or caste?

I am going to read the list of names of the capitalists in this country. Tata Birla, Goyanka, Dalmia, Aravind, Mafatlal, Godrej, Hinduja, Ambani, Adani. What is there caste or religion? We don't know it but they are exploiting the poor of this country who constitute the majority. They are the monopoly capitalists.

We cannot show tolerance to these forces, and intolerance should not be shown to any caste and religious groups.

---

[*] English translation of the Speech originally delivered in Malayalam.

SHRI N.K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Thank you Madam Speaker. I will try to finish my speech within three minutes.

HON. SPEAKER: You are allowed to speak only for two minutes.

SHRI N.K. PREMACHANDRAN: Madam, this House is compelled to discuss about the increasing incidents of intolerance. This is quite unfortunate. Why is it? It is an admitted fact that after this Government is assuming power, series of incidents of intolerance has happened in our country. I am not going into the series of incidents because of the lack of time. But I would like to cite three things. First, there is murder of Indian intellectuals, writers, philosophers, etc. Secondly, there is an unwanted controversy on the consumption of beef. It is being brought into the society. What is the purpose behind it? Thirdly, there are irresponsible statements of the responsible ministers and the persons who are holding important offices in the Government. These are the three reasons by which the incidents of intolerance have been increasing in the country and it has come to the world's scenario also. It is shame to the country as a whole as the hon. Minister has just cited that the atmosphere is not vitiated by the Opposition or by any other party, it is absolutely by the party which is supporting the Government.

Madam, I would also like to refer the incident of M. M. Kalburgi's murder. Mr. Pralhad Joshi was very vehemently arguing for protection given to him. After M.M. Kalburgi's murder, another threat and death warning is given to Mr. K.S. Bhagwan, one of the eminent rationalist, writer, thinker and philosopher. He is the next target. What Mr. Pralhad Joshi has to say about this? Still it is increasing. …(*Interruptions*) Not only that, I would like to state a recent incident which has happened in the State of Kerala. I may also be allowed to mention that. …(*Interruptions*) My State is a literate State. My State is a politically mature State. … (*Interruptions*) But unfortunately, day before yesterday, a very unfortunate incident took place. Some workers were cleaning a manhole in the city of Calicut. Unfortunately, they fell into the manhole. One auto-rickshaw was passing through that way. He saw this incident. He stopped his auto-rickshaw and jumped into the

manhole to save the lives of poor workers. He also died. Madam, he has sacrificed his life for others. Unfortunately, he was a Muslim by name 'Naushad'. The hon. Chief Minister of Kerala, Shri Oommen Chandy is a Christian. He went to his home and awarded Rs.10 lakh. What is the statement of the leader of the *Samatva Munnetra Jadha* – equality movement? One of the prominent leaders in the State has said: "It is only because he is a Muslim, this compensation has been granted'. You can see the intolerance that is being increasing in our country. If this intolerance continues in our country, what will be the fate of our democracy and what will be the fate of our secularism in this country?

So, Madam, my submission is that the sole reason for these happenings is this. I am not blaming them. Intolerance was there in the country during the time of the UPA Government also but none of the Government officials or the Prime Minister, either by silence or by words supported the incidents of intolerance in our country. That is the difference.

What is happening here? Intelligent and deliberate silence of the hon. Prime Minister amounts to the concern of this intolerance. So, my suggestion is that strong and stringent action has to be taken by the Prime Minister. Only then, we can contain this intolerance. If strong and stringent action is not taken by the Government, definitely the Government cannot survive further, sacrificing the secular fabric of our country.

Thank you.

**श्री राजेश रंजन (मधेपरुा ) :** महोदया, मुझे आपका संरक्षण चाहिए। आप हमें यह बता दीजिए कि मैं किस दल से हूं।

**माननीय अध्यक्ष :** आप बैठ जाएं। आपको फिर कभी बोलने का मौका मिलेगा। मैं आपको बोलने का मौका देती रहती हूं।

**श्री राजेश रंजन :** महोदया, आप सर्वोच्च चेयर पर बैठी हैं। अगर आप मेरे अधिकार का संरक्षण नहीं करेंगी, तो कौन करेगा।

**माननीय अध्यक्ष :** मैंने कई बार आपको संरक्षण दिया है। आप बैठ जाएं।

**श्री राजेश रंजन :** आप हमारे अधिकार को संरक्षित कीजिए।

**माननीय अध्यक्ष :** मैं आपके अधिकार को संरक्षित करूंगी। इस विषय पर नहीं, लेकिन दूसरे विषयों पर आपके अधिकार संरक्षित करती रहती हूं। आप कृपया बैठ जाएं। समय बहुत कम है, आप बैठ जाएं।

**श्री राजेश रंजन :** मेरी आपसे विनती है कि आप इस सवाल का निराकरण जरूर करें।

**गृह मंत्री (श्री राजनाथ सिंह) :** अध्यक्ष महोदया, देश में असहिष्णुता से उत्पन्न स्थिति पर सदन में चर्चा चल रही है और मैं कहना चाहता हूं कि जिन भी माननीय सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए हैं, उनसे चाहे किसी की सहमति हो चाहे किसी की असहमति हो, लेकिन मैं सबके विचारों के प्रति अपनी हृदय की गहराइयों से सम्मान की अभिव्यक्ति करता हूं। हमारे जिन माननीय सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए हैं, वैसे तो चर्चा की शुरूआत हमारे सम्मानित संसद सदस्य मोहम्मद सलीम साहब ने की है। श्री वेणुगोपाल, श्री दिनेश त्रिवेदी, श्री भर्तृहरि महताब, श्री जितेन्द्र रेड्डी, श्री वाराप्रसाद राव वेलगापल्लास, श्रीमती सुप्रिया सुले, श्री धर्मेन्द्र यादव, श्री चंदूमाजरा, श्री जय प्रकाश यादव, श्री धर्म वीर गांधी, श्रीमती किरण खेर, डॉ. शशि थरूर, प्रो. सुगत बोस, श्री राधेश्याम बिश्वास, श्री दुष्यंत चौटाला, श्री मोहम्मद बशीर, सुश्री अनुप्रिया पटेल, श्री किरेन रिजीजु, श्री ओवैसी , श्री राहुल गांधी, श्री प्रहलाद जोशी, श्री कौशलेन्द्र कुमार, श्री सी.एन. जयदेवन, सुश्री मीनाक्षी लेखी और श्री प्रेमचंद्रन सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए हैं।

अध्यक्ष महोदया, मैं यह कहना चाहूंगा कि इंटॉलरेंस के बारे में तो मैं कुछ नहीं कहना चाहूंगा, लेकिन टॉलरेंस के बारे में मैं कहना चाहता हूँ। जहाँ तक टॉलरेंस का प्रश्न है, यह एक ऐसा शब्द है, जिसका अर्थ होता है सहन करना। आप किसी चीज से सहमत हैं अथवा नहीं हैं। भले ही उसको न चाहते हों, मगर मज़बूरन आपको यदि उस चीज को सहन करना पड़ता है, बर्दाश्त करना पड़ता है, तो उसे हम टॉलरेंस कहते हैं, उसे सहिष्णुता कहते हैं। यानी देखा जाए तो इस सहिष्णुता शब्द में एक पृथकता का भाव है, सहिष्णुता शब्द में एक अलगाव का भाव है और थोड़ा-सा कष्ट का भाव भी इसमें निहित है क्योंकि मज़बूरी में आपको हमको बर्दाश्त करना पड़ रहा है, मज़बूरी में आपको हमको सहन करना पड़ रहा है क्योंकि जब हम किसी चीज को चाहते हैं और मजबूरी में चाहना पड़ता है, तो निश्चित रूप से हमको कष्ट की अनुभूति होती है। अगर समाज को किसी व्यक्ति अथवा वर्ग को सहिष्णु होना पड़े तो इसका अर्थ होगा उस व्यक्ति अथवा उस वर्ग को कष्ट सहकर एक पृथकता के भाव के साथ रहना पड़ेगा। आप स्वयं सोच सकते हैं कि यदि अलगाव और कष्ट का भाव यदि समाज में विद्यमान हो, तो समरसता और सुख का भाव किसी भी सूरत में नहीं आ सकता है, कदापि नहीं आ सकता है। हमारे यहाँ सहिष्णुता के भाव पर बहुत बल नहीं दिया गया है, बल्कि हमने जिसको स्वीकार किया है, उसे अंगीकार किया है, और उसे हमने अपने अंग का हिस्सा माना है। भारत में रहने वाला व्यक्ति, चाहे किसी भी जाति, पंथ, मज़हब का हो, उसे ही हमारे भारतीय संस्कृति के प्रणेताओं ने अपने परिवार का सदस्य नहीं माना है, बल्कि पूरे विश्व की धरा पर रहने वाले लोगों को अपने परिवार का सदस्य मानते हुए यदि वसुधैव कुटुम्बकम् का संदेश दुनिया की किसी धरती से गया है, तो वह भारत की धरती से गया है। इस हकीकत को भी हम अच्छी तरह समझते हैं।

हम सहिष्णु थे, हम सहिष्णु हैं और हम सहिष्णु रहेंगे। सहिष्णुता हमारी रगों में है, हमारी परम्परा में है, हमारी संस्कृति में है। हम मानते हैं कि हमारी इस थाती को दुनिया की कोई ताकत छीन नहीं सकती। न इस वक्त देश में ऐसा कोई माहौल है। भारत में ज्ञान और उसके घनघोर विरोधी विचारों के सम्मान की गौरवशाली एक परम्परा रही है। यह प्रवाह निरंतर जारी है और यह प्रवाह निरंतर जारी रहेगा। इधर कुछ दिनों से समाज में असहिष्णुता के नाम पर कुछ बनावटी गोले दागे जा रहे हैं। क्षमा किया जाए, बनावटी गोले दागे जा रहे हैं, कागज़ी गोले दागे जा रहे हैं कि इस देश में असहिष्णुता पैदा हो गयी है। हम किसी के दबाव में सहिष्णु नहीं हैं, सहिष्णुता हमारी परम्परा में है। इसलिए हम सहिष्णु हैं। हम किसी के दबाव में सहिष्णु नहीं हैं।

अध्यक्ष महोदया, यदि आपकी इज़ाजत हो, तो मैं अनुरोध करना चाहूंगा। एक समाचार पत्र 'दैनिक भास्कर' में कल ही एक समाचार प्रकाशित हुआ है। मैं उसका उल्लेख यहाँ पर करना चाहूंगा। इस समाचार पत्र ने असहिष्णुता पर चल रही बहस के बीच यह बताने की कोशिश की है कि भारत के बारे में विदेशी क्या सोचते हैं। इसमें लिखा है, जो टीम अध्ययन करने गयी थी, उसने देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों के विजिटर्स बुक को पढ़ा है, जिसमें विदेशी सैलानियों ने भारत के बारे में अपनी भावनाएँ लिखी हैं। सैलानियों की ये बातें 2 नवम्बर से 20 नवम्बर के बीच की हैं। करीब छः हजार सैलानियों की भावनाओं को हमने इकट्ठा किया है। उनमें से यहाँ पर हम कुछ चुनिन्दा विचारों को बता रहे हैं, जो इस समाचार पत्र ने लिखा है। कज़ाकिस्तान के एक मिस्टर कुशेनओ अबेलगाज़ी लिखते हैं-

> "मैं महात्मा गांधी को जानने के लिए साबरमती आश्रम आया था, पता चला कि भारत के लोग गांधी से प्रभावित हैं, उनकी बातों में, व्यवहार में प्यार झलकता है, ऐसा कहीं और नहीं दिखता है।"

यह मिस्टर कुशेनओ अबेलगाज़ी ने कहा है।

चीन के शंघाई से आए एडमिल लिखते हैं कि हम लोग भारतीय मुस्लिम संस्कृति और स्थापत्य से आश्चर्यचकित हैं। बिहार के बोधगया की विजिटर्स बुक में कम्बोडिया की साराह लिखती हैं कि भारत की धरती पर लोग बहुत मिलनसार हैं। ऐसे कई कोट्स हैं, मैं उन सभी का यहां पर उल्लेख नहीं करना चाहता हूं। इतना ही नहीं, मैं यहां पर सउदी गजट का भी उल्लेख करना चाहूंगा, जो एक समाचार पत्र है। सउदी गजट में कॉलमिस्ट हैं, माने-जाने कॉलिस्ट हैं, जिनका नाम खलाफ़ अल हर्बी है। खलाफ़ अल हर्बी साहब ने लिखा है :

"In India, there are more than hundred religions and more than hundred languages. Yet, the peopled live in peace and harmony. They had all joined hands to build a strong nation that can produce everything from a sewing needle to a rocket which is preparing to go to Mars."

अर्थात एक सिलने वाली सुई से लेकर रॉकेट तक बनाते हैं और मार्स पर जाने की तैयारी कर रहे हैं।

"I must say that I feel a bit jealous because I come from a part of the world which has one religion and one language and yet there is killing everywhere."

अपने देश के बारे में उन्होंने लिखा है कि हमारे देश में सभी जगह किलिंग होती है।

"No matter how the world speaks about tolerance, India remains the oldest and the most important school to teach tolerance and peaceful co-existence regardless of the religious, social, political and ethical differences."

मैं आता हूं।...(व्यवधान) मैं उस बात पर आउंगा।...(व्यवधान) सउदी गजट में एक विदेशी व्यक्ति ने लिखा है, उसने बहुत पहले नहीं लिखा है, अभी मई, 2015 के महीने में उस कॉलमिस्ट ने इस समाचार पत्र में यह कॉलम लिखा है। असहिष्णुता अपने से भिन्न मत रखने वालों को बर्दाश्त करने की क्षमता का न होना है कि हम लोगों ने बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं, उसे ही असहिष्णुता कहते हैं।

अध्यक्ष महोदया, मैं कहना चाहूंगा कि यह विषय बहुत गंभीर है, इसलिए आरोप लगाने वालों से मैं कहना चाहता हूं कि विचार कीजिए, यह विषय आत्मघाती है और मैं समझता हूं कि देश के लिए आत्मघाती है। ...(व्यवधान) यह बहुत गंभीर है और देश के लिए आत्मघाती है। मैं अपील करना चाहता हूं कि ऐसे बयानों से हम लोगों को बचना चाहिए।...(व्यवधान) अन्तर्राष्ट्रीय जगत में भारत की छवि को धूमिल करने की कोशिश मत कीजिए, मैं यह अपील करना चाहता हूं। क्या यह पूरे विश्व को संदेश देने की कोशिश है कि भारत का वातावरण रहने लायक नहीं है? हम क्या कर रहे हैं? क्या हम यह संदेश देना चाहते हैं कि भारत में इनवेस्टमेंट करने के लिए दुनिया के अन्य देशों से मत आइए? ...(व्यवधान) मैं कहना चाहता हूं कि अपने दिल पर हाथ रखकर पूछिए।...(व्यवधान)

HON. SPEAKER : Nothing will go on record except Minister's speech.

… (*Interruptions*)… [*]

HON. SPEAKER : It is not necessary.

… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** आप बैठिए। हर भाषण में टोका-टाकी करना ठीक नहीं है।

…(व्यवधान)

**श्री राजनाथ सिंह :** यह आरोप पार्टी या सरकार पर नहीं है, बल्कि मैं मानता हूं, यह आरोप भारतीय समाज और भारत राष्ट्र के ऊपर है। भारतीय राजनीति में अस्पृश्यता और असहिष्णुता का सबसे ज्यादा शिकार अगर कोई राजनीतिक पार्टी रही है तो वह भारतीय जनता पार्टी रही है। हम इसके सर्वाधिक शिकार रहे हैं। सबसे अधिक असहिष्णुता का शिकार अगर हिन्दुस्तान की राजनीति में कोई हुआ है तो आज के हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सर्वाधिक असहिष्णुता के शिकार हुए हैं।

अवार्ड वापसी का एक दौर चल रहा था। हमारे यहां जो सूचना है, लगभग 39 लोगों ने अपने एवार्ड वापस किए हैं। मैं आपके संज्ञान में लाना चाहूंगा कि जिन लोगों ने एवार्ड वापस किए हैं, उनमें से कुछ लोग ऐसे हैं, जिन्होंने लोक सभा चुनावों से पहले एक स्टेटमेंट जारी किया था, जिसमें कहा गया था :

> "A person like Narendra Modi who is a permanent source of anxiety and insecurity for very large sections of our society cannot and should not be allowed to lead India."

मैं इनका नाम नहीं लेना चाहता हूं, ये साहित्यकार हैं, ये लेखक हैं…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: He has not taken anybody's name.

**श्री राजनाथ सिंह :** इस स्टेटमैन्ट में हमारे प्रधान मंत्री जी को फासिस्ट कहा है…(व्यवधान)

**श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा) :** चुनाव के पहले…

**श्री राजनाथ सिंह :** चुनाव के पहले कहा है और उसके बाद जनमत का आदर करना नहीं जानते, क्या यही सहिष्णुता है? ठीक है लोक सभा इलैक्शन के पहले राजनीतिक कारणों से आपने स्टेटमैन्ट दे दिया होगा। लेकिन श्री नरेन्द्र मोदी को यदि प्रचंड बहुमत प्राप्त हुआ है तो जनमत का आदर तो करना चाहिए, तभी लोग कहेंगे कि आप सहिष्णु हैं नहीं तो कहेंगे आप असहिष्णु हैं।…(व्यवधान) आपको ऐसा नहीं करना चाहिए।

---

[*] Not recorded.

अध्यक्ष महोदया, बातें बहुत सारी हैं, लेकिन मैं कहना नहीं चाहता। हमने वह दौर भी देखा है, ऐसे बहुत सारे लोग और आर्गेनाइजेशंस हैं, जो कि इस समय देश का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। इमरजेन्सी के दौरान स्व. आदरणीय श्रीमती इंदिरा गांधी के घर जाकर इमरजेन्सी इम्पोज होने के बाद जिन्होंने बधाई दी थी, कुछ ऐसे लोग भी हैं और आज वे हमें सहिष्णुता का पाठ पढ़ा रहे हैं। सहिष्णुता का मतलब होता है कि हर वह अधिकार जो आप अपने लिए पाना चाहते हैं, वह दूसरों को भी मिले, इसे ही सहिष्णुता कहते हैं। अगर देश में आज तक सिर्फ एक खास विचारधारा की सुनी गई है तो अब वे दूसरों की भी तो सुने, तभी न मानेंगे कि वे सहिष्णु हैं, वे दूसरों की भी तो सुने।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, इस देश का चप्पा-चप्पा विविधताओं से भरा हुआ है। विविधताएं जो साथ-साथ जन्म भी लेती हैं, साथ-साथ जीती भी हैं और ऐसा उदाहरण समूचे विश्व में और कहीं ढूंढने को नहीं मिलेगा, जैसा कि भारत में मिलेगा। मैं मानता हूं कि चीजें आ चुकी हैं, लेकिन यदि मैं नहीं कहूंगा तो मेरी बात अधूरी रह जायेगी। मैं मानता हूं कि इस देश में असहिष्णुता की तीन बड़ी घटनाएं हुई हैं, पहली बार जब देश का बंटवारा हुआ। भले ही किसी ने मजहबी आधार पर देश के विभाजन की मांग की और भारत हिन्दू और मुसलमान के नाम पर बंट गया हो, लेकिन हमारी विचारधारा के लोग यह नहीं चाहते थे कि मजहब के आधार पर, धर्म के आधार पर इस देश का बंटवारा होना चाहिए। हम भारत को एक चाहते थे, हम भारत को अखंड चाहते थे।...(व्यवधान) पहली बार जब देश का बंटवारा हुआ तब असहिष्णुता देखने के लिए...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** यह क्या हो रहा है, प्लीज, आप बैठिये, वह बोल रहे हैं।

...(व्यवधान)

**श्री राजनाथ सिंह :** दूसरी बार जब विरोध की आवाज दबाने के लिए इस देश में इमरजेन्सी इम्पोज कर दी गई और तीसरी बार जब 1984 के देशव्यापी दंगे हुए और आप जानते हैं कि तीनों के वक्त देश में किसकी सरकार थी, कौन लोग इसके लिए जिम्मेदार थे।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप बैठिये, किसी पर कोई एलिगेशन नहीं हैं। आप शांति से बैठिये।

... (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: I am sorry. Nothing will go on record.

... (*Interruptions*)... *

**माननीय अध्यक्ष :** मो.सलीम जी, कल से आपको क्या हो गया है। प्लीज, आप बैठिये।

* Not recorded.

...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Please have your seat.

**श्री राजनाथ सिंह :** अध्यक्ष महोदया, मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि दरअसल...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैं आप दोनों को बोल रही हूं, कृपया बैठिये।

...(व्यवधान)

**श्री किरेन रिजीजू :** क्या आप होम मिनिस्टर को बैठकर जवाब देंगे, क्या उन्हें बोलने नहीं देंगे, ज्ञान का पाठ आप क्या बात करते हैं...(व्यवधान)

**श्री राजनाथ सिंह :** अध्यक्ष महोदया, दरअसल विचारधारा से मात खाने वाली यह जमात असहिष्णुता का बनावटी माहौल बनाकर सरकार को बदनाम कर रही है। हमें अफसोस है कि असहिष्णुता के नाम पर इस वक्त बेमतलब वितंडावाद खड़ा करने की कोशिश की जा रही है। मैं उनसे यह पूछना चाहता हूँ कि ये लोग तब कहां थे, जब कश्मीर का अमर साहित्य जल रहा था। ...(व्यवधान) लाइब्रेरियां आग के हवाले की जा रही थीं, उस समय ये लोग कहां थे? ...(व्यवधान) लाखों कश्मीरी पंडित अपनी जन्म भूमि से भगा दिए गए, उस समय कहां थे? ...(व्यवधान) सन् 1984 में हज़ारों बेकसूर सिख सड़कों पर जला दिए गए, तब ये लोग कहां थे? ...(व्यवधान) इनमें से 2300 केवल भारत की राजधानी दिल्ली में ही आग के हवाले कर दिए गए, उनकी हत्या कर दी गई। ...(व्यवधान) 131 गुरूद्वारे नष्ट कर दिए गए। भागलपुर, नैल्ली, मेरठ, हाशिमपुरा और मलियाना में बेकसूरों का कत्लेआम हुआ। जब लेखिका तसलीमा नसरीन पर कलकत्ता में हमला हुआ, उन्हें कोलकाता से किस राजनीतिक पार्टी के लोगों ने खदेड़ा था? ...(व्यवधान) जब एक जय प्रकाश जी की आवाज़ को दबाने के लिए इमरजेंसी थोपी गई। ...(व्यवधान) प्रेस की आज़ादी का गला घोंटा गया। ...(व्यवधान) क्या वह असहिष्णुता नहीं थी? ...(व्यवधान) नागरिकों के मौलिक अधिकार कुचले गए। अभिव्यक्ति की आज़ादी पर डांका पड़ा। ...(व्यवधान) भारत की साझी संस्कृति पर मर्मांतक घटनाएं हुई। ...(व्यवधान) तब ये जमात कहां थी? ...(व्यवधान) क्यों चुप्प थीं? इनके संवेदनशीलता के तार क्यों नहीं बजे? यह मैं इनसे जानना चाहता हूँ।

अध्यक्ष महोदया, क्या यह सच नहीं है कि विश्व के सभी देशों को हम मिला कर देखें तो मैं नाज के साथ कह सकता हूँ सर्वाधिक सहिष्णुता विश्व में यदि कहीं पर है तो केवल भारत में है। ...(व्यवधान) मैं उदाहरण देना चाहता हूँ। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** यह क्या हो रहा है? कल से सबके भाषण हुए हैं। रिप्लाई तो सुनना पड़ेगा।

...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Please sit down. This is not the way.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Nothing will go on record.

… (*Interruptions*)… [*]

**माननीय अध्यक्ष :** यह कोई तरीका नहीं है। आप भी चुप रहिए। बहुत कुछ समझना है अभी।

**श्री राजनाथ सिंह :** अध्यक्ष महोदया, इस देश का गृह मंत्री होने के नाते, मैं अपनी तरफ से और अपने प्रधान मंत्री जी की तरफ से हम इस देश को विश्वास दिलाना चाहते हैं कि यहां पर सामाजिक और धार्मिक समरसता को यदि कोई बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो उसकी खैर नहीं है। …(व्यवधान) मैं यह संदेश देना चाहता हूँ। …(व्यवधान) विश्व के देशों को देखिए। …(व्यवधान) सऊदी अरब, मिस्र, पाकिस्तान जैसे मुल्क सुन्नी प्रधान हैं, वहां शियाओं और अहमदियों की हालत दोयम दर्जे के नागरिकों से बदत्तर हो गई है। इसी तरह इराक, ईरान, बहरीन जैसे शियाबाहुल्य देशों में ऐसा ही संघर्ष सुन्नियों के साथ हो रहा है। …(व्यवधान) यहां तक कि सुन्नियों के भीतर भी अरबों और कुर्दों के बीच भीषण टकराव होते ही रहते हैं। …(व्यवधान)

SHRI P. KARUNAKARAN (KASARGOD): What about the statement of Shri V.K. Singh. … (*Interruptions*)

**श्री राजनाथ सिंहः** आप धैर्य रखिए, मैं बोलूंगा। …(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Karunakaran ji, this is not the way.

… (*Interruptions*)

**श्री राजनाथ सिंहः** महोदया, उधर शियाओं की आबादी वहाबी आत्मघाती हमले भी रोज़ की बात हो गई है। …(व्यवधान) हालात इस सीमा तक पहुंच चुके हैं कि तमाम इस्लामी राष्ट्र एक ही मज़हब के भीतर की अलग-अलग पहचान के नाम पर आपस में बुरी तरह टकराते रहते हैं। जिसकी परिणती भयंकर रक्तपात और नरसंहार में होती है। …(व्यवधान)

HON. SPEAKER: I know you are very clever. But this is not good.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Md. Salim, I am sorry. Let him speak.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Md. Salim, do not have any tolerance.

---

[*] Not recorded.

… (*Interruptions)*

**18.00 hours**

**श्री राजनाथ सिंह :** इसके विपरीत भारत में इस्लाम हो, चाहे क्रिश्चियानिटी हो, चाहे कुछ भी हो, अपनी तमाम शाखाओं के साथ मुक्त हवा में फलता-फूलता आ रहा है।...(व्यवधान) यहाँ सूफी इस्लाम भी सलामत है तो अहले सुन्नत भी आबाद है। देवबन्दी है तो वहाबी भी, बरेलवी है तो सलाफी भी है। देवबन्दियों और बरेलवियों के मतभेद जग-जाहिर हैं, मगर दोनों ही पूरी एहतराम के साथ अपनी-अपनी मिन्नतों को अंजाम देने का काम कर रहे हैं और कहीं पर अंजाम देने का काम कर रहे हैं तो भारत में ही वे अंजाम देने का काम कर रहे हैं।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** क्या बात है?

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** यह क्या हो रहा है? सब लोग क्यों खड़े हैं? क्या आप जाना चाहते हैं?

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: What is this? Do you want to go?

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Then, please listen.

… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** रिप्लाई तो सुनना पड़ता है। आप बैठिए।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** यह पद्धति ठीक नहीं है। मोहम्मद सलीम जी, यह पद्धति ठीक नहीं है।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्रजातंत्र में यह ठीक नहीं है।

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: No, I am sorry. आपने चर्चा शुरू की है। आपको रिप्लाई सुनना पड़ेगा।

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: You have demanded the discussion. I am sorry. You will have to listen.

… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** आपने चर्चा की डिमांड की है।

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Yes, Khargeji.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: He is yielding to Khargeji.

… (*Interruptions*)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** महोदया, हम होम मिनिस्टर का आदर करते हैं, लेकिन जो सवाल इस सदन में हमने उठाए हैं, आज के दिन में, वर्ष 2015 में क्या घटनायें हुईं और आपके मंत्री लोग क्या कहे, आपके एमपीज क्या कहे और आपकी पार्टी के नेता लोग क्या कहे, उसके बारे में हम पूछ रहे हैं। …(व्यवधान) आप उसका जवाब दीजिए।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** वे जवाब दे देंगे।

…(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** आप सऊदी अरेबिया जा रहे हैं, आप अमेरिका जा रहे हैं, लेकिन हिंदुस्तान में नहीं आ रहे हैं।…(व्यवधान) भारत देश में आओ।…(व्यवधान) हमने जो सवाल उठाए हैं, पूरे सदन के लोगों ने जो सवाल उठाए हैं, उस सवाल का जवाब होना चाहिए।…(व्यवधान) आप उस सवाल का जवाब दीजिए बजाए इसके पेपर पढ़कर बताने में कुछ नहीं है।…(व्यवधान)

**श्री राजनाथ सिंह :** हम उस पर भी बोलेंगे।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** खड़गे जी, बैठिए। वे सब कुछ बोलेंगे।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** सभी सब जगह घूमकर आए हैं।

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Shri Venugopal, you should not say anything.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Have patience please.

… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** सहनशीलता पर चर्चा हो रही है, सहनशील रहिए, बैठिए।

…(व्यवधान)

**श्री राजनाथ सिंह :** महोदया, मैं कांग्रेस संसदीय दल के नेता श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी से कहना चाहता हूँ कि चर्चा के दौरान जो भी सवाल खड़े किए गए।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** राजनाथ जी, एक मिनट। छः बज रहे हैं, अगर सभा सहमत हो, तो इस विषय पर माननीय मंत्री जी का रिप्लाई पूरा करने तक हम सदन को आगे बढ़ाते हैं। अगर आप सभी एग्री हैं, तो सभा की कार्यवाही बढ़ा देते हैं।

...(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** महोदया, उनको रिप्लाई कल करने दीजिए। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** कल नहीं, आज ही रिप्लाई पूरा करेंगे। आप बैठिए।

...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: All of them have said that reply should be completed.

... (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** रोज-रोज आपको भी चिल्लाना नहीं पड़ेगा। बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय:** मैं एक ही सवाल पूछना चाहता हूँ।...(व्यवधान) आप हिन्दुस्तान के गृह मंत्री हैं।...(व्यवधान) मुझे यह पूछना है कि पूरी दुनिया में कहाँ शिया-सुन्नी का, कहाँ शिया-अमेदिया का झगड़ा है, आप उसके बारे में बता रहे हैं। सऊदी अरब में क्या हुआ, बहरीन में क्या हुआ और सारी दुनिया में क्या हुआ, यह उन्होंने बताया है। लेकिन हिन्दुस्तान में जनरल वी.के.सिंह क्यों दलितों के खिलाफ बयान देते हैं, इसके बारे में नहीं बताया। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** अभी रिप्लाई पूरा नहीं हुआ।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप क्यों बोल रहे हैं, वे सक्षम हैं।

...(व्यवधान)

**श्री राजनाथ सिंह :** अध्यक्ष महोदया, मैंने सबको सुन लिया है। लोक सभा में कांग्रेस दल के नेता खड़गे साहब को भी और टी.एम.सी. के सौगत राय जी को भी सुन लिया। कृपया मेरी भी सुन लीजिए, कृपया इतनी सहिष्णुता आप दिखाइए। मैं यह यकीन दिलाना चाहता हूँ कि जो प्रश्न आप लोगों ने पूछे हैं, सभी प्रश्नों का उत्तर मैं दूँगा, लेकिन धैर्य से मेरी बात को सुनिये।

अध्यक्ष महोदया, भारतीय संस्कृति के कैनवास के बारे में मैं कहना चाहता हूँ कि भारतीय संस्कृति का कैनवास बहुत बड़ा है। उसमें हर प्रकार के रंग हैं और हर प्रकार के जीवन भी हैं। यह देश सदियों से सहिष्णुता, सहयोग और अहिंसा के लिए जाना जाता रहा है और आज भी जाना जाता है। मुट्ठी भर लोगों के बनावटी प्रचार से हमारी छवि पर कालिख नहीं पुतेगी। सम्मान लौटाने की बनावटी मुहिम यह बताती है कि देश में नफरत की राजनीति कौन कर रहा है, घृणा कौन फैला रहा है। अपार जनसमर्थन से चुनी हुई सरकार के खिलाफ नफ़रत कौन लोग फैला रहे हैं, हमें पहले इस असहिष्णुता से मुक्ति पानी होगी। इनटॉलरैन्स भारत की परंपरा में कहीं नहीं है। समाज में असहिष्णुता यदि बढ़ी है जब हम मूल भारतीय विचारों को ऐसे विचारों को अपने जीवन का आदर्श बना लेते हैं जो कहते हैं सर्वाइवल फॉर एक्ज़िस्टैन्स, अर्थात् अस्तित्व के लिए संघर्ष, सर्वाइवल ऑफ द फिटैस्ट, कट थ्रोट कंपीटीशन। ऐसे लोग असहिष्णुता को बढ़ावा देते हैं। ...(व्यवधान)

SHRI MOHAMMAD SALIM (RAIGANJ): Why are you insulting the scientists? … (*Interruptions*)

**18.07 hours**

*(At this stage, Shri Sudip Bandyopadhyay, Shri P. Karunakaran and some other hon. Members left the House.)*

**माननीय अध्यक्ष :** That is very bad. चर्चा उठाना और चले जाना is very bad.

...(व्यवधान)

**श्री राजनाथ सिंह :** अध्यक्ष महोदया, मैं यह भी कहना चाहूँगा कि कुछ लोगों को लगता है कि आज बोलने की कोई स्वतंत्रता नहीं है, बोलने की कोई आज़ादी नहीं है। मैं याद दिलाना चाहता हूँ कि अभी पिछले महीने मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड से जुड़े एक विद्वान अब्दुल रहीम कुरैशी ने अपनी किताब में यहाँ तक कह दिया कि भगवान राम पाकिस्तान में पैदा हुए थे। आप मेरी बात सुनिएगा, जल्दी आक्रोशित मत हों। ...(व्यवधान) मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड से जुड़ा व्यक्ति भगवान राम के बारे में धार्मिक मान्यताओं पर आघात करने वाली टिप्पणी कर दे, उसके बाद भी कभी भारत में कोई प्रतिक्रिया नहीं होती है, यह है सहिष्णुता। ...(व्यवधान) किसी विद्वान को जो भी उचित लगा, उसने बोल दिया। इससे मान्यताएँ नहीं बदल जाती हैं। इसके बाद भी यदि किसी को लगे कि देश में सहिष्णुता नहीं है तो यह आश्चर्य नहीं है तो और क्या है। मैं इसे आश्चर्य और संदेह की बात इसलिए कहता हूँ क्योंकि सहिष्णुता को एक विशेष संदर्भ में देखने का सारा प्रकरण उत्तर प्रदेश के दादरी में जो यह घटना घटी, वहाँ पर प्रारंभ हुआ। एक गृह मंत्री होने के नाते

मैं सदन को बतलाना चाहता हूँ ...(व्यवधान) देखिए, जो प्रश्न आप लोगों ने खड़े किए थे, वे आ गए। ...(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव (आज़मगढ़) :** देखिए, जो विषय है, उस विषय पर बोलिये, नहीं तो हमें भी बोलना पड़ेगा। हमें बोलना पड़ेगा फिर तो बाबरी पर भी बोल सकते हैं। ...(व्यवधान)

**श्री राजनाथ सिंह :** माननीय सदस्य मुलायम सिंह जी ने जो कहा है कि विषय पर बोलिए तो मैं कहना चाहता हूँ कि असहिष्णुता ही विषय है, उसी पर मैं बोल रहा हूँ। ...(व्यवधान) दादरी पर बोल रहा हूँ। ...(व्यवधान)

SHRI K.C. VENUGOPAL: We want answers from you. … (*Interruptions*)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: Are you going to sack him? … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** खड़गे जी, बैठिये।

**श्री राजनाथ सिंह :** मैं बोल रहा हूं।...(व्यवधान) खड़गे जी, परेशान मत होइये। आप आहत मत होइये, मैं बोल रहा हूं, सुनिये। ...(व्यवधान)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: Are you going to drop him? … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Mr. Minister, you may please continue.

**श्री राजनाथ सिंह :** मैं दादरी की घटना के बारे में बोलना चाहता हूं।...(व्यवधान)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: Since there is no reply to that, we do not want to listen to him. We are walking out, Madam. … (*Interruptions*)

**18.11 hours**

*(At this stage, Shri Mallikarjun Kharge and some other hon. Members left the House.)*

**श्री राजनाथ सिंह :** मैं उसी पर आ रहा हूं, वही मैं बोलने जा रहा हूं। मैं श्री वी.के. सिंह पर भी बोलूंगा, दादरी पर भी बोलूंगा, हर चीज़ पर बोलूंगा। आप सुनने को तैयार नहीं है। आप असहिणु, इनटोलरेंट हो गये हैं। ...(व्यवधान) खड़गे जी, आप तो बड़े सुलझे हुए व्यक्ति हैं, इतने इनटोलरेंट कैसे हो गये? यह आपकी आदत नहीं है। ...(व्यवधान) देखिये, सहिणु लोग बैठे हैं।

मैं दादरी की घटना से शुरू कर रहा हूं। अध्यक्ष महोदया, दादरी की घटना की ज्यों ही जानकारी प्राप्त हुई, तुरन्त मैंने गृह मंत्रालय से उत्तर प्रदेश सरकार को एक एडवाइज़री जारी की, जैसी एक परम्परा

है, एक एडवाइज़री भी जारी की और साथ ही साथ मैंने उसमें उनसे एक रिपोर्ट भी मांगी थी। उत्तर प्रदेश सरकार ने जो उत्तर दिया है, उसमें कहीं साम्प्रदायिकता का जिक्र नहीं है। जो ऑन रिकार्ड है, उसमें कहीं साम्प्रदायिकता का जिक्र नहीं है, गोमांस का कोई जिक्र उसमें नहीं है और यहां तक कि सुनियोजित हत्या का भी कोई स्पष्ट उसमें उल्लेख नहीं है, जो रिपोर्ट आई है। मैं तो जो बोलूंगा, वह राज्य के द्वारा जो तथ्य उपलब्ध कराये जाएंगे, उन्हीं तथ्यों को ही मैं बोलूंगा और उन्हीं तथ्यों को मैं यहां प्रस्तुत कर रहा हूं। तथ्य तो यह था, उत्तर प्रदेश सरकार की अपनी प्रारम्भिक जांच, सम्भवतः जहां तक मैं समझ पाया हूं, किसी निश्चित नतीजे पर नहीं पहुंच पाई। केन्द्र को या सी.बी.आई. को संस्तुत करने की आवश्यकता उत्तर प्रदेश सरकार ने नहीं समझी। मैं तैयार बैठा था कि यदि उत्तर प्रदेश सरकार दादरी कांड की सी.बी.आई. जांच करने के लिए अपनी रिकमेण्डेशन भेजे तो तुरन्त केन्द्र सरकार उसकी सी.बी.आई. जांच कराने के लिए तैयार है, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो जाये। हां, उत्तर प्रदेश के एक वरिठ मंत्री, उस चीज़ को, जिसे उनकी सरकार स्वयं साम्प्रदायिक तय नहीं कर पा रही हो, साम्प्रदायिकता के आधार पर ही यूनाइटिड नेशंस ले जाने की बात करने लगे। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** यह क्या हो रहा है?

**श्री राजनाथ सिंह :** यह तो आपके मंत्री जी का स्टेटमेंट आया था कि हम इसको यूनाइटिड नेशंस ले जाएंगे। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मंत्री जी का स्टेटमेंट था।

**श्री मुलायम सिंह यादव :** ऐसा मत बोलिये, आपकी पार्टी के अध्यक्ष ने क्या बयान दिया है। आपके अध्यक्ष ने क्या बयान दिया है, आपके अध्यक्ष का बयान ऐसा है कि हम उस पर नहीं बोलेंगे, उनको तो जेल में डालना था। व्यवस्था बनानी थी, आपकी पार्टी के अध्यक्ष इस तरह से बोले हैं तो यह क्या सही तरीका है? आप अपनी ही पार्टी के अध्यक्ष को कंट्रोल कीजिए।...(व्यवधान)

**श्री राजनाथ सिंह :** हम पूरी मदद करने को तैयार हैं कि जो भी चाहेंगे, पूरी मदद करेंगे। मुलायम सिंह जी, अगर आप चाहें तो पूरे मामले की सी.बी.आई. जांच कराने को भी हम लोग तैयार हैं, हमारी सरकार तैयार है।...(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव :** गृह मंत्री जी मैं बोलना नहीं चाहता हूं। आप ज्यादा कुछ करोगे तो हम तीनों का नाम यहां बताएंगे और आप आज इसकी भी जांच कराइये। हम भी जांच कराएंगे, चाहे प्रशासन हमारी पार्टी के साथ क्यों न हो। जिन लोगों ने यह काम किया है, बहुत ही गलत है। आपके तीन लोगों ने यह काम किया है।...(व्यवधान)

**श्री राजनाथ सिंह :** अध्यक्ष महोदया, नरेन्द्र दाभोलकर कांड की यहां पर काफी चर्चा हुई है। मैं इस सम्बन्ध में कहना चाहूंगा कि यह हत्या पुणे में 20 अगस्त, 2013 को हुई। इस केस की जांच सी.बी.आई. कर रही है।...(व्यवधान) हां, हम लोगों के कार्यकाल में यह घटना नहीं घटी थी। यह घटना 20 अगस्त 2013 को घटित हुई थी।

मैं श्री गोविन्द पंसारे के बारे में कहना चाहूंगा। कोल्हापुर में दिनांक 16.02.2015 को इन पर हमला हुआ था एवं 20 फरवरी को अपनी इंज्यूरीज की वज़ह से इनका निधन हो गया। महाराष्ट्र सी.आई.डी. की एस.आई.टी. - स्पेशल इंवेस्टीगेशन टीम - ने शक़ के आधार पर 'सनातन संस्था' के समीर विश्व गायकवाड़ को दिनांक 16 सितम्बर, 2015 को इस मामले में गिरफ्तार किया। इसका मतलब हमारी सरकार चुप नहीं बैठी, बल्कि उसने गिरफ्तार किया।

जहां तक एम.एम. कलबुर्गी का प्रश्न है, इनकी हत्या दिनांक 30 अगस्त, 2015 को धारवाड़, कर्नाटक में कर दी गयी थी। इस मामले की जांच स्टेट सी.आई.डी. कर रही है। मैं समझता हूं कि अगर सचमुच कर्नाटक सरकार यह चाहती है कि उसकी जांच किसी केन्द्रीय एजेंसी के द्वारा होनी चाहिए, तो वहां के राज्य सरकार की यदि इसके लिए संस्तुति आती है, तो मैं यक़ीन दिलाता हूं कि मैं इसकी सीबीआई जांच के लिए अपनी संस्तुति भेज दूंगा।

'सनातन संस्था' को टेररिस्ट ऑरगेनाइजेशन डिक्लेयर करने के लिए बॉम्बे हाई कोर्ट में पी.आई.एल. नं. 141 वर्ष 2011 में दाखिल की गयी। संभवतः वर्ष 2013 में जो सरकार थी, उसने कोर्ट में एक एफीडेविट फाइल की है कि ऐसे कोई खास तथ्य नहीं हैं कि इन्हें एक टेररिस्ट ऑरगेनाइजेशन के रूप में डिक्लेयर किया जा सके। मैं तथ्यों की जानकारी दे रहा हूं। बॉम्बे हाई कोर्ट में एम.एच.ए. ने दिनांक 12 अप्रैल, 2013 को अपने एफीडेविट में यह कहा है कि भारत सरकार इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए इंफॉरमेशन 'सनातन संस्था' को अनलॉफुल ऑरगेनाइजेशन डिक्लेयर करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। यह उन्होंने कहा है।

अब मैं दादरी कांड में आता हूं, जिसमें अख़लाक़ की हत्या हुई है। उस संबंध में अख़लाक़ के भाई या बेटे हैं, श्री सरताज़। उन्होंने कहा है -

> " मैं सरताज़, ... स्वर्गीय अखलाक़ अहमद, पता- ग्राम व पोस्ट - बिसहड़ा, तहसील - दादरी, गौतम बुद्ध नगर, आपका तहे-दिल से आभार व्यक्त करता हूं।"

उन्होंने यह हमें नहीं लिखा है। उन्होंने इसे कैलाश हॉस्पीटल को लिखा है। यह भारत सरकार के संस्कृति मंत्री डॉ. महेश शर्मा का अस्पताल है। उन्होंने यह उस अस्पताल के प्रबंधक को लिखा है। उन्होंने लिखा है-

> "आप और आपका समस्त स्टाफ, खास तौर से डा. वरुण भार्गव और डा. विजय मंजू ने जिस तत्परता, निष्ठा और ईमानदारी से मेरे भाई दानिश खान का ऑपरेशन और इलाज़ किया। इस ऑपरेशन में आपके अस्पताल में उपलब्ध उच्चतम तकनीकी उपकरणों का भी भरपूर योगदान रहा। इसके लिए मैं आपका, और आपके समस्त डॉक्टरों, नर्सों व गार्ड का तहे-दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। सभी के सामूहिक प्रयास से मेरे भाई को एक नया जीवन दान मिला है, जिसके लिए मैं हमेशा कैलाश हॉस्पीटल का ऋणी रहूंगा।"

यह उन्होंने स्वयं लिखा है।

अध्यक्ष महोदया, जहां तक वी. के. सिंह जी अथवा कुछ बयानों का संबंध है, तो यह कहा जाता है कि प्रधान मंत्री जी क्यों नहीं बोलते, प्रधान मंत्री जी क्यों चुप्पी साधे रहते हैं? महोदया, ऐसा पूछने वाले लोगों से मैं यह जानना चाहता हूं कि इसके पहले जब कभी भी कोई घटना हुई है, तो क्या बराबर इस देश के प्रधान मंत्री ने कोई प्रतिक्रिया दी है? प्रधान मंत्री ने मुझे गृह मंत्री की जिम्मेदारी दी है। यदि आंतरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी किसी मंत्रालय की होती है, तो वह गृह मंत्रालय की होती है। जब कभी कोई वारदात होती है, या ऐसी कोई घटना यदि होती है, जिससे कि सांप्रदायिक सौहार्द अथवा सामाजिक समरसता के ऊपर आंच आती है, तो मैं स्वयं बोलता हूं। उस संबंध में जो भी आवश्यक होता है, वह आवश्यक कार्रवाई भी अपने गृह मंत्रालय की तरफ से करता हूं।

जहां तक अपने नेताओं के कुछ स्टेटमेंट का प्रश्न है, तो मैं समझता हूं कि उस समय दिल्ली में ही नहीं, बल्कि हिन्दुस्तान के अधिकांश समाचार-पत्रों के फ्रंट पेज की यदि कोई मेन न्यूज़ थी, तो वह थी जो मैंने स्टेटमेंट दिया था। कुछ लोगों के जो वक्तव्य आ गए थे, उस संबंध में मैंने स्टेटमेंट दिया था कि हमको अपना स्टेटमेंट संभल कर देना चाहिए। हमें सोच-समझ कर बोलना चाहिए। यदि कोई यह कहता है कि हमारे स्टेटमेंट का गलत इंटरप्रेटेशन दिया जा रहा है, तो मैं समझता हूं कि स्टेटमेंट देते समय यह सावधानी बरती जानी चाहिए कि उसका गलत इंटरप्रेटेशन करने की गुंजाइश शेष न बचे। यह मैंने अपनी तरफ से दो टूक शब्दों में कहा था। अब हमारा प्रतिपक्ष क्या चाहता है? हम क्या करें?

जहां तक वी. के. सिंह जी का प्रश्न है, तो वी. के. सिंह जी से स्वयं हमारी बात हुई। वी. के. सिंह जी ने प्रेस में जाकर कहा कि हमारे स्टेटमेंट को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। उन्होंने अपना क्लेरिफिकेशन दे दिया। उसके बाद भी बार-बार यह कहना कि उन्होंने ऐसे अपशब्दों का प्रयोग कर दिया,

यह कर दिया, वह कर दिया, मैं समझता हूं कि यह न तो इस सरकार के साथ न्याय है और न देश के साथ न्याय है।

एक घटना का उल्लेख मैं यहां पर करना चाहूंगा। जिस कालखंड में केवल कुछ साल पहले केरल के एक प्रोफेसर टी.एस.जोसेफ का हाथ काट दिया जाता है, इस आरोप में कि उन्होंने किसी मजहब के बारे में आपत्तिजनक प्रश्न पूछा था। परन्तु कुछ ऐसे साहित्यकार, जो अपनी पुस्तकों में यह लिखें कि मूर्तियों पर..... अब आगे मैं नहीं पढ़ूंगा। मैं उस शब्द का प्रयोग नहीं करना चाहता हूं। मैं समझता हूं कि उसका कोई खंडन न करे। मैं उस शब्द का यहां प्रयोग नहीं करना चाहता हूं कि क्या लिखा है। मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि यह कबीर का देश है। आलोचना सुनने की सहिष्णुता क्या थी, यह हमारी पुरानी परम्परा से हमें सीखनी चाहिए। संत कबीर का उदाहरण है कि यदि उन्होंने हिंदुओं की मान्यता पर कटाक्ष किया तो मुस्लिम समाज की मान्यता पर भी उन्होंने कटाक्ष किया है। पाहन पूजै हरि मिलै, तो मैं पूजूं पहाड़, ताते ये चाकी भली पीस खाए संसार। वहीं उन्होंने मुस्लिम समाज के लिए कहा है, काकड़ पाथर जोड़ि के मस्जिद दई बनाए, ता चढ़ि मुल्ला बाग दे, का बहिरा हुआ खुदाय। अंत में कबीर ने कहा, हिंदु मुए राम कहे, मुसलमान खुदाय, कह कबीर एक जीवता दुईमय कदै न जाए। उस कबीर को हम अपना पूज्य मानते हैं, संत मानते हैं, तो हम असहिष्णु कैसे हो सकते हैं? फिर भी हमारी टॉलरेंस पर, हमारी सहिष्णुता पर बराबर प्रश्नचिन्ह लगाने की कोशिश की जाती है।

मैं सहिष्णुता का एक और उदाहरण देना चाहता हूं। 15 अगस्त, 1947 को लाल किले पर शहनाई बजाने वाले उस्ताद बिस्मिल्ला खां, यह बहुत चर्चित नाम है, का हुनर बनारस के मंदिरों में और धार्मिक स्थलों से प्रारम्भ हुआ। अपने अंतिम समय में भी वह भारत सरकार के तमाम आग्रहों को ठुकराकर प्राण त्यागने की इच्छा जो व्यक्त की थी, उन्होंने कहा कि प्राण यदि मैं कहीं त्यागूंगा तो इस भारत की सांस्कृतिक नगरी वाराणसी में ही अपने प्राण त्यागूंगा। उस्ताद बिसमिल्ला खां ने यह कहा। यह है भारत की परम्परा। आज भी अनेक शास्त्रीय संगीत के उस्ताद यदि कोई संगीत प्रारम्भ करते हैं तो सरस्वती वंदना से। मैं कहता हूं कि हम भारतवासियों के अंदर सहिष्णुता कितनी रची-बसी है। एक पक्ष को निर्विरोध आलोचना करने की छूट और दूसरे पक्ष के लिए गतिरोध, यह कहां का इंसाफ है? यदि हम इस भाव से मुक्त होकर सभी पक्षों को आलोचना का समान अवसर दें और विरोध के हर स्वर को स्वस्थ भाव से यदि हम स्वीकारें तभी हम सही मायने में सहिष्णु कहे जाएंगे।

हमारे प्रतिपक्ष की चेयर पर जो लोग बैठे थे, उनकी बात बड़ी धैर्य से मैंने सुनी। इधर से भी यदि कहीं से शोर-शराबा हो रहा था तो हमने रोकने की कोशिश की। वे केवल 15 मिनट मेरी बात को सुन नहीं

सकते थे। उन्होंने सदन का बायकाट किया। देश फैसला करेगा, कौन सहिष्णु है, कौन असहिष्णु है, यह देश फैसला करेगा।

अब असहिष्णुता के दूसरे पक्ष की ओर भी मैं ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। केन्द्र में मोदी जी की सरकार आने के बाद यह आरोप लगाया जा रहा है कि असहिष्णुता बढ़ी है। हां, मैं मानता हूं कि हमारी सरकार में असहिष्णुता बढ़ी। अब हम भ्रष्टाचार पर सहिष्णु नहीं हैं, आतंकवाद पर सहिष्णु नहीं हैं, गरीबी पर और गरीबों पर अत्याचार पर हम सहिष्णु नहीं हैं और हम अपनी गंदगी के लिए भी सहिष्णु नहीं हैं। अब हम बेटियों के साथ दोहरे व्यवहार के प्रति बिल्कुल असहिष्णु हैं। हमारी जनधन योजना, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत अभियान आदि इन्हीं दुर्गुणों के प्रति हमारी असहिष्णुता का प्रमाण है।

जहां तक हमारी सरकार का प्रश्न है, मैं अपनी सरकार की तरफ से आश्वस्त करना चाहता हूं सभी राजनीतिक दलों को, सभी कलाकारों को, सभी बुद्धिजीवियों को कि हम किसी भी सूरत में यहां असहिष्णुता पैदा नहीं होने देंगे। उसे रोकने के लिए जो भी यत्न होगा, हम यत्न करेंगे, लेकिन यह काम अकेले नहीं हो सकता है। इसमें सभी का सहयोग चाहिए। इस सदन के सभी सदस्यों का सहयोग चाहिए, उस सदन के सभी सदस्यों का सहयोग चाहिए, समस्त देशवासियों का सहयोग चाहिए, तभी हम इस देश में सहिष्णुता पैदा कर सकते हैं, तभी हम इस देश में समरसता का भाव पैदा कर सकते हैं।

अध्यक्ष महोदया, इन्हीं शब्दों के साथ मैं अंतिम अपील करके अपनी बात समाप्त करना चाहता हूं। मैं इस देश के साहित्यकार, कलाकार, शिक्षक, व्यंग्यकार, शिल्पकार, चित्रकार, वैज्ञानिक, जितने हैं, मैं उनसे अपील करना चाहता हूं कि जब भी देश के ऊपर संकट के बादल छाये हैं, जब भी देश में विपरीत परिस्थितियां पैदा हुयी हैं, तो इन्हीं लोगों ने देश का मार्गदर्शन किया है, उन्हें यदि लगता है कि देश में ऐसी परिस्थितयां पैदा हो रही हैं तो मैं उनका आह्वान करता हूं, मैंने पहले भी उनसे अपील की थी कि यदि आपको कोई आपत्ति है, आपको लगता है कि असहिष्णुता बढ़ रही है तो आइए, हम मिल बैठ कर बात करेंगे, आइए, हमारा मार्गदर्शन करिए, यदि हमसे कहीं पर कोई गलती हो रही होगी तो हम सुधार करने के लिए तैयार हैं। मैं उनसे यह कहना चाहूंगा और मैंने अपील पहले भी की है, जो भी उन्होंने अपने एवार्ड, पुरस्कार वापस किये हैं, कृपया वे एवार्ड, पुरस्कार वापस ले लें। यही भारत के प्रति बहुत बड़े सम्मान की एक अभिव्यक्ति होगी और उनसे मैं यह भी अपील करना चाहूंगा कि आइए, आप आमंत्रित कीजिए, मैं स्वयं आपके साथ बैठने को तैयार हूं और देश में एक सहिष्णुता का माहौल पैदा करने के लिए जो भी करना होगा, हमारी सरकार करेगी।

अध्यक्ष महोदया, इन्हीं शब्दों के साथ जिन सदस्यों ने इस चर्चा में अपने विचार व्यक्त किये हैं, पुनः उनके विचारों के प्रति, उनके प्रति सम्मान की अभिव्यक्ति करते हुए और आपने हमें पर्याप्त समय दिया है, इसलिए आपके प्रति भी धन्यवाद व्यक्त करते हुए अपना निवेदन समाप्त करता हूं।

**माननीय अध्यक्ष :** हमने इस पर सात घंटे तक चर्चा की है।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** क्या हुआ? मुलायम सिंह जी आपने तो प्रश्न पूछ लिया है।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** अब चर्चा हो गयी?

...(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव:** अध्यक्ष महोदय, एक-दो सवाल पूछे जा सकते हैं। ...(व्यवधान) आपने हाउस एडजर्न्ड कर दिया।...(व्यवधान) हमने बीच में टोका-टाकी नहीं की।

**माननीय अध्यक्ष :** मैंने अभी कुछ नहीं बोला है।

...(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव :** अध्यक्ष महोदया, मैं कई बार ऐसी स्थिति देख चुका हूं, आप ऐसा नहीं कीजिए।...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: I have not adjourned the House. I am asking you what your question is.

**श्री मुलायम सिंह यादव :** आप हमें संरक्षण नहीं दे रही हैं। ...(व्यवधान) आप पता नहीं क्यों नाराज हैं?

**माननीय अध्यक्ष :** मैं नाराज नहीं हूं। मैंने कहा है कि इस पर सात घंटे तक चर्चा हुयी है।

...(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव :** मैंने पूरा भाषण सुना है। मैंने एक बार भी बीच में इंटरवीन नहीं किया है। कई बातें हैं जो पूछी जा सकती हैं।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप बोलिए। I have not adjourned the House.

**श्री मुलायम सिंह यादव :** कुछ स्पष्टीकरण हो जायेगा तो सरकार को ही लाभ होगा, हमें लाभ नहीं होगा।

**माननीय अध्यक्ष :** आप बोलिए। मैंने अभी तक हाउस एडजर्न नहीं किया है। यह आपको किसने कहा है।

**श्री मुलायम सिंह यादव:** अगर आपकी अनुमति हो तो हम कुछ पूछें।

HON. SPEAKER: Yes. Why not? आप बोलिए, मगर थोड़ा बोलिए, क्योंकि इस पर सात घंटे चर्चा हो चुकी है।

**श्री मुलायम सिंह यादव :** अध्यक्ष महोदया, गृहमंत्री जी ने भाषण तो दिया है, लेकिन कभी-कभी मैंने देखा है कि माननीय गृह मंत्री जी आपके लोग क्या करते हैं। बदायूं के मामले को लेकर जिस तरह से आपने,

आपकी पार्टी, कॉंग्रेस पार्टी और अन्य दलों ने सवाल उठाये तो सीबीआई आपकी थी, सीबीआई से जांच हुई और यह जांच किसने कराई? किसने जांच का आदेश दिया, केन्द्र सरकार ने जांच का आदेश दिया, आपकी सरकार ने जांच के आदेश दिए। आप देखिए कि बदायूं की रिपोर्ट में सीबीआई ने क्या लिखा है? क्या रेप हुआ था, सीबीआई ने लिखा है? आपने जब आरोप लगा दिया तो हमारी सरकार ने पांच लोगों को जेल में भेजा। आपकी पार्टी ने आरोप लगा दिया, तो हमने पांच लोगों को जेल में भिजवाया, लेकिन सीबीआई ने पांच लोगों को निकाल-बाहर किया और उस लड़की के बारे में कहा कि कोई रेप नहीं हुआ है। उसके चचेरे भाइयों ने ही हत्या की है और वे जेल में हैं। ...(व्यवधान) आप यह बताइए कि यह असहिष्णुता कौन पैदा करता है?...(व्यवधान) हमने कभी असहिष्णुता पैदा नहीं की है।...(व्यवधान) असहिष्णुता आपके लोग पैदा कर रहे हैं।...(व्यवधान) मैंने अभी तीन नाम राज्य सभा में बताये थे।...(व्यवधान) दादरी कांड आपके तीन लोगों ने करवाया ।...(व्यवधान) मैं यह खुल कर बोल रहा हूं। ...(व्यवधान) मैंने अभी तक यह बात नहीं की।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** हर कोई प्रश्न नहीं पूछेंगे।

...(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव :** अगर असहिष्णुता कोई पैदा कर रहा है तो आप माने या न माने, सबसे ज्यादा यह आपकी पार्टी कर रही है। ...(व्यवधान) आप कहीं भी देखिए।...(व्यवधान) वहां हमारी सरकार जरूर है।...(व्यवधान) अध्यक्ष महोदया यह माना जायेगा कि सरकार का दुरुपयोग हो रहा है।...(व्यवधान) वरना, इनके लोग जिस तरह का व्यवहार कर रहे हैं, यही असहिष्णुता कहलाती है। यही इनकी पार्टी का अध्यक्ष कह रहा है, कि पाकिस्तान में मुसलमान चले जाये।...(व्यवधान) अध्यक्ष पद से नहीं हटाएंगे। हमने अपनी पार्टी के अध्यक्ष को पद से हटा और बरखास्त किया। लेकिन ऐसा किसी ने नहीं किया।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मुलायम सिंह जी, भाषण नहीं देना है। प्लीज़ बैठिए।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मुलायम सिंह जी, आप बैठिए। आपने पूछ लिया है।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** सब लोग नहीं पूछेंगे।

...(व्यवधान)

**श्री राजनाथ सिंह :** अध्यक्ष महोदया, श्री मुलायम सिंह जी ने जो कुछ भी कहा है, मैं मानता हूं कि वह तथ्यों से परे है।...(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव :** तथ्यों से परे नहीं है।...(व्यवधान)

**श्री राजनाथ सिंह :** अब सुन लीजिए। हमारा कहना है कि यदि कहीं पर भी वहां की सामाजिक समरसता अथवा साम्प्रदायिक सौहार्द को तोड़ने की कोशिश होती है तो यह राज्य सरकार की प्रथमत: जिम्मेदारी होती है कि उसे सुनिश्चित करने के लिए जो भी आवश्यक कदम हों, वह राज्य सरकार उठाए। यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि वह करे, केन्द्र सरकार उसमें क्या कर सकती है।

HON. SPEAKER: Now, the House stands adjourned to meet again tomorrow the 2nd December, 2015 at 11 a.m.

**18.31 hours**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Wednesday, December 2, 2015 / Agrahayana 11, 1937 (Saka).*